www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



रायपुर, सोमवार, 18 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –243 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

आज गुरू घासीदास जयंती

■ पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!
■ कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प — पृष्ठ 6

■ फ्रांस का गाजा में युद्धविराम का आह्वान
■ अमीर के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कुवैत जाएंगे पुरी — पृष्ठ 7

विलियमसन की एक वर्ष बाद हुई टी-20 टीम में वापसी — पृष्ठ 8

# नक्सल समस्या पूरी तरह होगी खत्म : विष्णुदेव साय

**नक्सलियों से सख्ती से निपटने दिये निर्देश**

## मुख्यमंत्री ने नक्सल घटनाओं पर मुख्य सचिव, डीजीपी को बुलाकर ली आकस्मिक बैठक

**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सल घटना की कड़ी निंदा करते हुए शहीद जवान सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजली अर्पित की है, साथ ही शहीद जवान के परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत को व्यर्थ नही जाने देंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार बदलने के बाद से नक्सली बौखलाहट में है। हमारी सरकार नक्सल समस्या को केंद्र सरकार के सहयोग से पूरी तरह खत्म करेगी। नक्सली घटना के समाचार मिलते ही मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में मुख्य सचिव, डीजीपी एवं अन्य अधिकारियों की आकस्मिक बैठक ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन में तेजी लाये एवं उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं डीजीपी नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग करें।

उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में नक्सल घटना में जवान के शहीद होने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में मुख्य सचिव, डीजीपी समेत उच्च अधिकारियों की आकस्मिक बैठक ली जिसमें खुफिया विभाग के बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी रवाना हुए। सीएम और डिप्टी सीएम बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे और कई बड़े नेताओं से भी मुलाकात हो सकती है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल को लेकर नाम तय हो सकता है। वहीं नक्सली घटनाओं को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार बदलने से नक्सलियों में बौखलाहट। हमने नक्सलियों से कड़ाई से निपटने के निर्देश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 5 सालों में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की दुर्दशा की, जिसका यह असर अब दिखता है। हमारी सरकार ने अभी काम करना शुरू किया है। पूरी ताकत से छत्तीसगढ़ की जनता के बेहतरी खुशहाली के लिए काम करेंगे। दिल्ली ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## विस का शीतकालीन सत्र 19 से



■ सरकार 10 हजार करोड़ का लाएगी अनुपूरक बजट

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के बाद तीन दिवसीय विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है. यह शीतकालीन सत्र 19, 20 और 21 दिसंबर तक चलेगा. वहीं सरकार पहले सत्र में 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाएगी।

यह अनुपूरक बजट 3 योजनाओं के लिए पेश होगा। शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश करेंगे. जिसमें किसानों के 2 साल के बकाया बोनस के लिए 2500 करोड़ रुपये, पीएम आवास योजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपये, महतारी वंदन योजना के लिए 500 करोड़ का अनुपूरक बजट होगा।

### विधायकों के समर्थक, परिजनों को दर्शक दीर्घा में नहीं मिलेगा प्रवेश

**विस सत्र के दौरान कड़ी सुरक्षा रहेगी**

लोकसभा सदन में युवकों के कूदकर धमा चौकड़ी मचाने की घटना के बाद राज्य विधानसभा प्रशासन ने भी सुरक्षा कड़ी कर दी है। छठवीं विधानसभा का प्रथम सत्र मंगलवार से शुरू हो रहा है ।सत्र के प्रथम दिवस सभा में विधायक शपथ ग्रहण करेंगे । 20 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे सभा राज्यपाल का अभिभाषण होगा ।सत्र अवधि के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है। केवल प्रवेश पत्र धारी लोगों को ही विधान सभा परिसर में प्रवेश की पात्रता रहेगी। प्रवेश पत्र धारी व्यक्तियों को अपने संस्थान का परिचय पत्र या आधार कार्ड रखना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



## मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा ने प्रदेश प्रभारी ओम माथुर से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिल्ली दौरे पर हैं। उनके साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी दिल्ली गए हैं। इस दौरान तीनों नेताओं ने आज भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नबीन से मुलाकात की।

इसके अलावा सीएम और डिप्टी सीएम बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कई बड़े नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही मंत्रिमंडल को लेकर नाम तय हो सकता है।

**लैंगिक असमानता पर बोले सीजेआई**

# अधिकारों के उल्लंघन के लिए निजता की आड़ नहीं ली जा सकती

**बेंगलुरू**, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निजता अधिकारों के उल्लंघन के लिए एक आड़ नहीं हो सकती है। वह देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में बेंगलुरू के नेशनल लॉ स्कूल में आयोजित एक व्याख्यान में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकरमैया की बेटी न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं और देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं।



■ कानूनों से घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत

**कानून के उद्देश्य का विस्तार हो**

सीजेआई ने स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी अंतर के नजरिए से देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं तो उन्हें अपराध करने वाला कहा जाता है ।सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, यह तभी दंडनीय है, जब सार्वजनिक स्थल पर हो अन्यथा नहीं। इस प्रकार कानून का जोर केवल झगड़ों अंतरनिहित गुण या दोष पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है, इस पर है। एक संवैधानिक रूप से शासित समाज को सार्वजनिक और निजी की इस बाइनरी से परे देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी चीजों के इस विरोधाभास ने कई वर्षों से हमारे कानूनों को नारीवादी और आर्थिक आलोचना का आधार बनाया है। अभिव्यक्ति की आजादी के अस्तित्व के लिए इसे इन दोनों स्थानों में मौजूद होना चाहिए।

## हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का तेजी से करें निपटारा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अग्रिम जमानत आवेदन सहित जमानत आवेदनों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं और सभी उच्च न्यायालयों द्वारा शीघ्रता से इस पर फैसला लिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ एक आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसके आवेदन को कालानुक्रमिक क्रम में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया था।



पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत/नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से आवेदन पर विचार करने में देरी करेगा और ऐसी स्थिति व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हानिकारक होगी।

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने बाबा गुरू घासीदास जयंती पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर**। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी की 18 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साय ने कहा है कि बाबा गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया।

### मोदी ने 'सूरत डायमंड बोर्स' का उद्घाटन किया

**सूरत**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी, 17 दिसंबर को गुजरात में बने सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग का इनॉगरेशन किया। ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन से बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। इसमें 4500 से अधिक दफ्तर हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया और रोड शो भी किया। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

### तेलंगाना में मानव-पशु संघर्ष में मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुनी हुई

**हैदराबाद**। तेलंगाना सरकार ने मानव-पशु संघर्ष में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर मुआवजा राशाी दोगुना कर 10 लाख रुपये कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिन परिवारों के सदस्य मानव-पशु संघर्ष के शिकार होते हैं, उनके लिए अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है।

### ईडी ने तमिलनाडु में नियोमैक्स ग्रुप मामले में संपत्तियां की कुर्क

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदुरै स्थित नियोमैक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पूरे तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत 207 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ईडी ने नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (मदुरै) के समक्ष निवेशकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया।

# राज्यपाल ने रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर की दिलाई शपथ



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज यहां राजभवन के दरबार हाल में सादगी पूर्ण समारोह में विधानसभा के निर्वाचित सदस्य रामविचार नेताम को विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) की शपथ दिलायी। नेताम ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। उन्होंने विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने, भारत की प्रभुता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री द्वय भूपेश बघेल, डॉ. रमन सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, पुन्नुलाल मोहिले, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## रमन सिंह ने स्पीकर पद के लिए दाखिल किया नामांकन



■ प्रस्ताव रखने के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत सभी साथियों का जताया आभार

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने नामांकन भरने के बाद बयान दिया है. उन्होंने कहा कि धन्यवाद दूंगा कि सबने विधानसभा के संचालन के लिए एक नई दायित्व में विधायक दल ने चयन किया है. विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका पक्ष और विपक्ष के लिए बराबर की रहती है. नई भूमिका का निर्वहन बेहतर तरह से करूंगा. रमन ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## नागपुर में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट से नौ की मौत

**नागपुर**, 17 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के शहर नागपुर के बाजारगांव स्थित एक बारूद कंपनी में रविवार को विस्फोट हो जाने से तीन महिला श्रमिकों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने कहा कि विस्फोट के सही कारणों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में से छह पुरुष तथा तीन महिलाएं हैं और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित एजेंसियों को घायल व्यक्तियों को उत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

■ तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए
■ पांच लाख की सहायता देने की घोषणा

**लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस**

# 'देश के लिए दान' अभियान की खड़गे आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली**, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आर्थिक तंगी का दावा करने वाली कांग्रेस ने आगामी आम चुनाव से पहले ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'देश के लिए दान' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के भारतीय इस अभियान के जरिए 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में दे सकते हैं। माकन ने कहा कि अभियान की टैगलाइन होगी बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत है।



■ अभियान की टैगलाइन बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत

**खड़गे ने 21 दिसंबर को बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक**

उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों - 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से - को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है।

# नक्सली मुठभेड़ में एक जवान शहीद, एक घायल

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद जवान की शहादत को किया नमन

**सुकमा**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार की सुबह नक्सलियों ने बेदरे कैम्प में तैनात जवानों पर ऑपरेशन के दौरान फायरिंग की जिसमें 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गये । घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया गया। इस घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद जवान की शहादत को नमन किया और उन्होंने घायल कॉन्स्टेबल के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। पुलिस के बताए अनुसार सुबह 7 बजे थाना जगरगुंडा अंतर्गत कैंप बेदरे से सीआरपीएफ 165 वीं बटालियन की कंपनी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



## सीजी बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से होने की संभावना

**रायपुर**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से संभावित है। समय सारिणी तैयार करने में माशिमं जुटा है। मुख्य परीक्षा से पहले जनवरी में प्रैक्टिकल परीक्षाएं होंगी। मुख्य परीक्षा के लिए 5 लाख 97 हजार से अधिक नियमित विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। 10वीं में 3,42,467 नियमित विद्यार्थी पंजीकृत हुए है। 12वीं में नियमित विद्यार्थियों की संख्या 2,54,850 पहुंची है। 13 हजार विद्यार्थी प्राइवेट रूप से परीक्षा देंगे।

यह अनुमान इसलिए लगाया जा रहा हैं क्योंकि, शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 के लिए हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं मार्च में आयोजित की गई थी। इसी आधार पर उम्मीद जताई जा रही है कि साल 2024 में भी ऐसा ही होगा। इसके साथ ही 10वीं, 12वीं की एग्जाम की डेटशीट भी जल्द रिलीज कर दिया जाएगी।

## इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की कल बैठक

**सीटों के बंटवारे को लेकर होगा विचार विमर्श**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन ने 19 दिसंबर मंगलवार को यहां राष्ट्रीय राजधानी में अपनी चौथी बैठक बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद छह दिसंबर को यहां अपने आवास पर गठबंधन दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी लेकिन समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी तथा कुछ अन्य नेताओं ने बैठक में निजीव्यवस्था के कारण शामिल होने से असमर्थता जताई थी जिसके बाद यह बैठक टल गई थी। सूत्रों के अनुसार 19 दिसंबर को होने वाली ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सुझाव** धरोहरों से जुड़े कानून पर संसदीय समिति का अहम सलाह

# सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय करने के लिए हो संशोधन

**नई दिल्ली, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश की ऐतिहासिक विरासतों और धरोहरों से जुड़े कानून में संशोधन को लेकर संसदीय समिति ने अहम सुझाव दिया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति ने सिफारिश की है कि कानून में ऐसे सख्त संशोधन किए जाने चाहिए, जिससे विरासत और धरोहरों के संरक्षण से जुड़े सरकारी कर्मचारियों**

*परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के मामलों को देखने वाली स्थायी संसदीय समिति ने कहा, आने वाले संशोधनों में बेहद सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनसे सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। समिति ने केंद्र की तरफ से संरक्षित स्मारकों और धरोहरों को सहेजने के साथ-साथ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते और तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का आह्वान भी किया।*

***जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा हो***-*धरोहरों को सहेजने से जुड़े कानून में बदलाव पर संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सरकारी कर्मचारी स्मारकों के अतिक्रमण रोकने में विफल रहें और अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा भी होनी चाहिए। समिति ने कहा कि अतिक्रमण को रोकने के लिए 1972 में बने कानून-वन्यजीव अधिनियम के तहत डीएफओ को जैसी शक्तियां दी गई हैं, वैसे ही अधिकार एएसआई अधिकारियों को मिलने चाहिए।*

***शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की***-*समिति ने शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की। एएमएएसआर कानून के तहत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करती है। एएसआई देशभर में काम करती है ।वर्तमान में एएसआई 3690 स्मारकों को सहेजने का काम कर रहा है।*

# देश

उवाच

'चार साल हो गए हैं जब आंध्र प्रदेश को बिना राजधानी वाला राज्य बनाने के लिए भविष्य के शहर अमरावती को छोड़ दिया गया। एक लालची, ईर्ष्या से भरे आदमी जगन मोहन रेड्डी के विनाशकारी फैसलों के कारण हजारों किसान जिन्होंने अपनी जमीनें दे दी थीं, अब सड़कों पर हैं':- एन. चंद्रबाबू नायडू, पूर्व मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.7 | 06.5 |
| मुंबई | 33.2 | 20.2 |
| कोलकाता | 25.6 | 14.2 |
| चेन्नई | 30.4 | 23.9 |

# छत्तीसगढ़ में टिकट से वंचित कांग्रेस विधायकों ने 'फर्जी' पार्टी सर्वेक्षणों के खिलाफ उठाई आवाज

## पार्टी के कई पूर्व विधायक सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में भारी झटके के कुछ दिनों बाद, जिन कांग्रेस नेताओं को टिकट से वंचित किया गया था, उन्होंने खुलकर सामने आना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि राज्य में हाल ही में हुए चुनावों के लिए उन्हें पार्टी के टिकट से वंचित करने के लिए फर्जी सर्वेक्षण किए गए थे। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा से हार गई, इसमें कांग्रेस राज्य की 90 में से केवल 35 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि भाजपा 54 सीटों के साथ सत्ता में आई। कांग्रेस की नजर राज्य में लगातार दूसरे कार्यकाल पर थी।



■ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा से हार गई, केवल 35 सीटें जीत पाई

पार्टी की हार के बाद, पार्टी के कई पूर्व विधायक शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिए जाने की सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। टिकट से वंचित 22 पूर्व विधायकों में से 12 ने वेणुगोपाल से मुलाकात कर सर्वेक्षण रिपोर्ट की विश्वसनीयता पूछी। 12 पूर्व विधायकों में से एक ने कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल से मुलाकात की और उन्हें बताया कि ऐसी संदिग्ध सर्वेक्षण रिपोर्ट के कारण उन्हें टिकट से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल को अवगत कराया कि सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर मौजूदा विधायकों को टिकट देने से इनकार करने से, जिसमें उन्हें हारते हुए दिखाया गया था, पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'हमें टिकट देने से इनकार करके कांग्रेस ने अपनी जीती हुई सीटें भाजपा को उपहार के रूप में दे दीं।' पूर्व विधायकों ने कहा कि उन्होंने उस सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुद्दे पर चर्चा के लिए पार्टी प्रमुख खड़गे से भी मिलने का समय मांगा है। दिल्ली आए 12 विधायकों में बृहस्पति सिंह, मोतीलाल, शिशुपाल सोरी, विजय जयसवाल, चैनिंग लाल, भुवनेश्वर बघेल, चंद्रदेव राय, विनोद, ममता चंद्राकर, प्रमोद शर्मा, मोहित ककरेटा और लक्ष्मी ध्रुव शामिल हैं। पूर्व विधायकों ने सर्वे की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने भी सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी टीम भेजी थी।

पूर्व विधायकों ने कहा, 'हालांकि, उन्हें राज्य स्तर पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर अपना सर्वेक्षण करने की अनुमति नहीं दी गई, इसलिए हम जानना चाहते हैं कि पार्टी के खिलाफ साजिश रचने के लिए कौन जिम्मेदार थे।' उन्होंने कहा, जब उनसे पूछा गया कि वे इसके लिए किसे जिम्मेदार मानते हैं, तो उन्होंने कहा, 'प्रभारी, सह-प्रभारी और अन्य नेता, जिन्होंने नीतियां बनाईं और फर्जी सर्वेक्षण कराया और पार्टी को धोखा दिया। इसलिए हम फर्जी सर्वेक्षण करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं।' पार्टी नेताओं के अनुसार, अपनी ही सर्वेक्षण रिपोर्ट पर राज्य नेतृत्व की अनिच्छा के बाद पार्टी के रणनीतिकार सुनील कानूगोलू को छत्तीसगढ़ में सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया था, लेकिन कानुगोलू आगे नहीं बढ़े। यही हाल मध्य प्रदेश और राजस्थान का था, जहां प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश स्तर पर सर्वे टीम तय की।

इस बीच, कनुगोलू, जिन्हें तेलंगाना में खुली छूट मिली, ने एक बार फिर पार्टी को कर्नाटक के बाद एक और बड़ी जीत दिलाई। शनिवार को, खड़गे ने मध्य प्रदेश में हार के बाद अपने पहले फैसले में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की जगह जीतू पटवारी को राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया और उमंग सिंघार को सीएलपी नेता नियुक्त किया। छत्तीसगढ़ में, खड़गे ने विधायक चरण दास महंत को सीएलपी नेता नियुक्त किया और दीपक बैन को राज्य इकाई प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए कहा।

# बदलते समय के साथ कुछ नया करने की जरूरत : राजनाथ सिंह

## राजनाथ ने की सेना में परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने की वकालत

**हैदराबाद,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सशस्त्र बलों में परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परंपरा का पालन करते हुए सशस्त्र बलों को नवाचार को भी समान महत्व देना चाहिए जो उन्हें बदलते समय के अनुरूप तैयार करता है। वह हैदराबाद के बाहरी इलाके डंडीगल में वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कुल 213 फ्लाइट कैडेटों (25 महिलाओं सहित) को भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से नये विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के प्रति अपना खुलापन कभी नहीं खोने का आह्वान किया।



**परंपरा का पालन करते हुए सशस्त्र बलों को नवाचार को भी समान महत्व देना चाहिए जो उन्हें बदलते समय के अनुरूप तैयार करता है:-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

सिंह ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे न केवल परंपरा को उचित महत्व दें क्योंकि वे समय की कसौटी पर कसे जा चुके हैं, बल्कि नवाचार पर भी ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, 'अगर परंपरा का पालन बिना सोचे-समझे लंबे समय तक किया जाता है, तो इससे व्यवस्था में विकृति आ जाती है। इस स्थिति से बचने के लिए लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ नया करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'अगर हम केवल परंपरा का पालन करेंगे तो हम एक मृत झील की तरह होंगे। हमें एक बहती हुई नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता भी लानी होगी।' रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे उड़ते रहें और ऊंचाइयों को छूते रहें, लेकिन जमीन से अपना जुड़ाव बनाए रखें।

उन्होंने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों को बधाई दी और उनके बेदाग प्रदर्शन, सटीक ड्रिल मूवमेंट और परेड के उच्च मानकों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने उनसे किसी भी परिस्थिति में नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के प्रति अपना खुलापन नहीं खोने का आग्रह किया। उन्होंने पासिंग आउट परेड को युवा अधिकारियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन बताया क्योंकि वे कैडेट से अधिकारी बनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में वे परीक्षा से पहले प्रशिक्षक से सीख रहे थे। उसके विपरीत अब वास्तविक जीवन में उन्हें पहले परीक्षा का सामना करना होगा और अपनी गलतियों से सीखना होगा। उन्होंने कहा, 'खुला आसमान और जीवन आज से आपके प्रशिक्षक हैं।'

## सार संक्षेप

### झारखंड की जन भावनाओं को भाजपा समझती है : बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड के रांची ग्रामीण जिलांतर्गत नामकुम में आज भाजपा का मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे नामकुम जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कर्मेला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा,सांसद संजय सेठ,महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित पार्टी के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित थे। मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

### तीन राजधानियों के खिलाफ अमरावती के किसानों के विरोध-प्रदर्शन के चार साल पूरे

**अमरावती।** जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के तीन राजधानियाँ बनाने के फैसले के खिलाफ अमरावती के किसानों और महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन को रविवार को चार साल पूरे हो गए। प्रदर्शनकारी, जो अमरावती को राज्य की एकमात्र राजधानी बनाए रखने की मांग कर रहे हैं, उन्होंने अपना झंडा फहराया और इस अवसर को चिह्नित करने के लिए सर्व-धर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया। अमरावती राजधानी क्षेत्र के सभी 29 गांवों में विरोध शिविरों में बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं एकत्र हुईं। हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। आयोजकों का कहना है कि राज्य की राजधानी को तीन भागों में बांटने के सरकार के फैसले के कारण 200 किसानों की मौत हो गई थी।

### ओडिशा में जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बारगढ़ जिले में रविवार को एक जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। मृतकों की पहचान गैसलेट क्षेत्र के कथौमल गांव के सिबलाल सुना और देशभातली क्षेत्र के बलराम साहू के रूप में की गई है। 55 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर सिबलाल जिले के झारपाली इलाके में एक नहर निर्माण कार्य में मजदूर के रूप में काम करता था। वह शौच के लिए गया था, जहां उसे हाथी मिल गया। हाथी ने सिबलाल पर हमला कर दिया और उसे कुचलकर मार डाला। एक अन्य घटना में, 25 वर्षीय बलराम धान की फसल काट रहा था। वह घने कोहरे के कारण हाथी को नहीं देख सका।

# बंगाल को बेवजह संसद की सुरक्षा में सेंधमारी से जोड़ा जा रहा : ममता

**कोलकाता**, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि हाल ही में संसद भवन में हुई सुरक्षा में सेंधमारी से जानबूझकर पश्चिम बंगाल को जोड़ा जा रहा है, ताकि वहां की गंभीर सुरक्षा खामियों से ध्यान भटकाया जा सके। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले के मुख्य आरोपी ललित झा का पश्चिम बंगाल से कोई घनिष्ठ संबंध नहीं है। उन्होंने झा के कथित बंगाल कनेक्शन के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में कहा, 'उसके बिहार और झारखंड से संबंध थे, पश्चिम बंगाल से नहीं। इसलिए अनावश्यक रूप से इस मामले में हमारे राज्य का नाम घसीटा जा रहा है। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में सुरक्षा व्यवस्था में खामियां स्वीकार की हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि किसी स्वतंत्र एजेंसी से पूरी तरह से जांच हो।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस सुरक्षा चूक मुद्दे पर सदन में मुखर रहे विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। ममता को नई दिल्ली में 19 दिसंबर को विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेना है और 20 दिसंबर को प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना है। बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के भी आने की काफी संभावना है।



**ललित झा के बिहार और झारखंड से संबंध थेः- ममता बनर्जी**

# मप्र की कानून व्यवस्था से समझौता नहीं, मांस-मछली के लिए बाजार विकसित होंगेः मोहन यादव

**उज्जैन/भोपाल,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने के बाद डॉ.मोहन यादव के तेवर तल्ख हैं। उन्होंने साफ कहा है कि राज्य की कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा, जहां तक खुले में मांस व मछली की बिक्री पर रोक की बात है, तो इसके लिए अलग से बाजार विकसित किए जाएंगे। उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री यादव ने कहा, प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग की जाएगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिये बेहतर निर्णय लिये जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे भविष्य के प्रोजेक्ट को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का झोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल करे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा से जनहितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले।



**प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग की जाएगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिये बेहतर निर्णय लिये जा सकेंः-डॉ.मोहन यादव**

## मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिता कर मिथक तोड़ा

मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर एक मिथक रहा है कि यहां मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री रात नहीं बिताते हैं। मगर राज्य के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार की रात उज्जैन में बिताकर इस मिथक को तोड़ दिया है। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के बाद वे शनिवार को यहां पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने रात भी बिताई। मुख्यमंत्री यादव ने यहां एक जनसभा में कहा कि रात न बिताने के मिथक को तत्कालीन राजा दौलत राव सिंधिया ने बनाया था। राजा महादजी सिंधिया के निधन के बाद दौलत राव सिंधिया राजधानी को उज्जैन से ग्वालियर ले जाना चाहते थे और वे 1812 में राजधानी ले भी गए, मगर धीरे से एक मंत्र फूंक गए कि यहां कोई राजा रात को नहीं रहेगा, जिससे कोई कब्जा करने नहीं आए।

# बिहार अपराधियों के चंगुल में : नित्यानंद

**पटना,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने गोपालगंज में पुजारी की हुई हत्या को जंगलराज का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज प्रदेश अपराधियों के चंगुल में है, जिसका उदाहरण आए दिन देखने को मिल रहा है। श्री राय ने रविवार को यहां कहा कि गोपालगंज जिले के थाना दानापुर के मांझा गांव के रहने वाले मंदिर के पुजारी मनोज कुमार की नृशंस हत्या कर दी गई, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।



इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति जताई और प्रशासन से मांग की कि तुरंत अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिला कर रहेगी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने बिहार की नीतीश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी नहीं हुई तो उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने बिहार सरकार पर कानून व्यवस्था को जानबूझकर चौपट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अपराधियों की संरक्षक बनी हुई है।

# जदयू की रणनीति, इंडिया गठबंधन में साथ-साथ, लेकिन 'एकला चलो' की नीति

**पटना,** 17 दिसंबर (आईएएनएस)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अब अपनी रणनीति के तहत चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल प्रमुख घटक दल जदयू ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जदयू जहां आगामी कुछ दिनों में कई रैलियां आयोजित करने जा रही है, वहीं इसके नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपने प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों में रैली कर जमीन की तलाश करने वाले हैं। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन इंडिया गठबंधन से अलग जदयू द्वारा किया जा रहा है, जिसमें केवल जदयू के नेता ही शामिल होंगे।



■ जदयू आगामी कुछ दिनों में कई रैलियां आयोजित करने जा रही

■ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपने प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों में रैली कर जमीन की तलाश करने वाले हैं

इसमें कोई शक नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के विरोधी दलों को एकजुट करने और इंडिया गठबंधन में जदयू के नेता नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही हैं। ऐसे में अब सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब इंडिया गठबंधन आकार ले चुका है तो फिर जदयू एकला चलो की रणनीति पर आगे क्यों बढ़ रही है। जदयू ने पटना के वेटनरी कॉलेज में 24 नवंबर को भीम संसद का आयोजन किया था। कहा जा रहा है कि इस रैली के जरिए जदयू ने दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश की। इस रैली में भीड़ जुटने के बाद जदयू काफी उत्साहित है। माना तो यहां तक जा रहा है कि इस रैली का उद्देश्य जदयू को अपने सहयोगी दलों को अपनी ताकत का एहसास कराना भी था। जदयू के नेता नीतीश कुमार इसके बाद यूपी के वाराणसी में 24 दिसम्बर को रैली करने वाले थे। यह रैली हालांकि फिलहाल रद्द कर दी गई है, लेकिन जदयू के नेताओं ने जल्द ही यूपी में रैली कराने की घोषणा की है। जदयू इसके बाद अगले साल 2024 में 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में और उसके बाद 24 जनवरी को पटना के वेटनरी ग्राउंड में भी एक रैली का आयोजन करने वाली है, लेकिन ये तमाम रैली इंडिया गठबंधन से अलग हैं। जदयू के नेता और प्रवक्ता नीरज कुमार कहते हैं कि जदयू गठबंधन में है, लेकिन सभी राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने का हक है। जदयू भी अपने जनाधार को बढ़ाने में जुटी है। इसमें राजनीति खोजने और कोई अन्य अर्थ लगाने की जरूरत नहीं है।

# तेलंगाना में मानव-पशु संघर्ष में मृत्यु पर अनुग्रह राशि दोगुनी हुई

**हैदराबाद,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार ने मानव-पशु संघर्ष में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुना कर 10 लाख रुपए कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिन परिवारों के सदस्य मानव-पशु संघर्ष के शिकार होते हैं, उनके लिए अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी गई है। राज्य की पर्यावरण एवं वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद इस संबंध में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। इससे संबंधित विवरण, निर्देश और नियम जल्द ही जारी किए जाने हैं।



■ अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी गई

मंत्री ने अन्य राज्यों से विभिन्न त्योहारों और आयोजनों के लिए तेलंगाना में हाथियों को लाने से संबंधित एक फाइल पर भी हस्ताक्षर किए। मंत्री ने बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में अपने कक्ष में अपने परिवार, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। सुरेखा ने मंत्री नियुक्त होने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वह वन विभाग की सभी विकास गतिविधियों में 100 प्रतिशत सहयोग प्रदान करेंगी। बीसी कल्याण और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, कई विधायक, मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न नेता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ईएफएसएंडटी, पीसीसीएफ (एचओएफएफ) आरएम डोबरियाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पर्यावरण प्रदूषण पर पोस्टर जारी करते हुए मंत्री ने अधिकारियों से प्रदूषण को नियंत्रित करने और वनों तथा वन्यजीवों की रक्षा के लिए प्रभावी योजना बनाने का आह्वान किया। बाद में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और अधिकारियों को तेलंगाना राज्य में हरियाली में सुधार करने और मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के निर्देशानुसार 'प्रजा सेवक' के रूप में काम करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

संकट | *झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार बेशुमार*

# सरकारी नौकरियों के नाम पर युवाओं को मिलती है तारीख पर तारीख

**रांची, 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के बेशुमार रिकॉर्ड हैं। यहां किसी नियुक्ति परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से एक-दो नहीं, चार-पांच दफा फॉर्म भरवाए जा सकते हैं। किसी परीक्षा की तारीखें छह-सात बार टाली जा सकती हैं। मुमकिन है कि कई बार तारीखें तय करने के बाद परीक्षा ले ली जाए तो नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होते-होते सात-आठ-पंद्रह साल भी गुजर सकते हैं।**

परीक्षा पास करने के बाद नियुक्ति के लिए अदालतों के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। ऐसे में रह-रहकर युवाओं और अभ्यर्थियों के सब्र का बांध छलक उठता है। वह सड़कों पर उतरते हैं तो उनके हिस्से कभी आश्वासन की घुट्टियां आती हैं तो कभी उनकी देह पर पुलिस की लाठियां बरसती हैं। इन दिनों झारखंड के युवा एक बार फिर आंदोलित हैं। बीते शुक्रवार को राज्य के हजारों युवाओं ने झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन का दफ्तर आठ घंटे तक घेरे रखा। परिसर में घुसकर हंगामा किया और इसी बीच एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये युवा झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तारीख छठी बार स्थगित किए जाने से नाराज थे। इस परीक्षा के लिए झारखंड सरकार में 2000 पदों पर नियुक्ति की जानी है और इसके लिए करीब साढ़े छह लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इस परीक्षा के लिए पहली बार आठ साल पहले विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद किसी न किसी गड़बड़ी या पॉलिसी में बदलाव के कारण इसके लिए कुल चार बार आवेदन मंगाए गए। अब परीक्षा के लिए नयी तारीखें 21 व 28 जनवरी घोषित की गयी हैं। छात्रों की मानें, तो सातवीं बार तय इन तारीखों में भी परीक्षाएं मुमकिन नहीं लग रहीं, क्योंकि ये दूसरी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों से टकरा रही हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से राज्य में नगर पालिका सेवा संवर्ग के 921 पदों पर नियुक्ति के लिए बीते 29 अक्टूबर को ली गई परीक्षा भी विवादों के घेरे में फंस गई। रांची, जमशेदपुर, धनबाद में कई केंद्रों पर ली गई इस परीक्षा में कई जगहों पर क्वेश्चन पेपर का सील टूटा होने, कुछ केंद्रों पर परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट न मिलने, बुकलेट पर सीरियल नंबर प्रिंट न होने या मार्कर-पेन से लिखे होने जैसी शिकायतें मिली थीं। इसे लेकर कई केंद्रों पर छात्रों ने हंगामा किया था।



कमीशन ने पहले छात्रों की शिकायतों को खारिज कर दिया था और हंगामा करने वाले कई छात्रों पर एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में छात्रों की शिकायतें सही पाई गईं और कमीशन ने अब पांच केंद्रों की परीक्षाएं रद्द कर दीं। रद्द केंद्रों की परीक्षा के लिए अब 24 दिसंबर की तारीख तय की गई है। झारखंड लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी की ओर से ली जाने परीक्षाओं की भी यही कहानी है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## रानी चटर्जी एवं श्वेता सिंह राजपूत के साथ रोमांस करेंगे राहुल सिंह राजपूत

**मुंबई।** अभिनेता राहुल सिंह राजपूत फिल्म गांव वाली शहर वाली में अभिनेत्री रानी चटर्जी और श्वेता सिंह राजपूत के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे। फिल्म गांव वाली शहर वाली का निर्माण मां दुर्गा फिल्म्स प्रोडक्शन और आर एस एंटरटेनमेंट के बैनर से हो रहा है, जिसके निर्माता प्रमोद कुमार सिंह, सह निर्माता विनोद सिंह और निर्देशक रवि सिन्हा हैं। रानी चटर्जी ने कहा कि फिल्म गांव वाली शहर वाली एक महत्वपूर्ण फिल्म है और यह दर्शकों को गोविंदा के जमाने की फिल्म वाला फील देगी। इस फिल्म में मेरी भूमिका इतना मजेदार होने वाली है कि दर्शक इसे देख कर खूब मजे करेंगे। फिल्म में बाकी कलाकारों ने भी उम्दा प्रदर्शन किया है। फिल्म की कास्ट बेजोड़ है।

## 'घूमर' मेरे करियर का महत्वपूर्ण मोड़ है : इवांका दास

**मुंबई,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'बॉम्बे बेगम्स', 'हड्डी' जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं।



इवांका ने कहा कि मेरा पहला प्रोजेक्ट एक फेसबुक ऐड था। मैंने ऑडिशन दिया और मुझे फाइनल कर लिया गया और मैं इसे करने पर सहमत हो गई और इस तरह मेरी जर्नी शुरू हुई। बाद में, मैंने नेटफ्लिक्स के लिए बॉम्बे बेगम्स नाम से एक शो किया। वो भी ऑडिशन से ही हुआ।

'माजा मा' अभिनेता ने कहा कि मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट 'घूमर' है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं। मुझे लोगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रियाएं मिलीं। इसमें सभी ने मेरे काम की सराहना की है। इवांका ने आगे कहा कि अभिषेक के साथ काम करना काफी डराने वाला था।

### वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन में किया खुलासा

## हर रोज 30 मिनट कम सोशल मीडिया का उपयोग आपको बना सकता है बेहतर

**लंदन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि हर दिन केवल 30 मिनट कम सोशल मीडिया का इस्तेमाल मानसिक स्वास्थ्य, नौकरी से संतुष्टि और प्रतिबद्धता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। आज कल सोशल मीडिया कई लोगों के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब यूजर्स ऑनलाइन नहीं होते हैं तो उन्हें अपने नेटवर्क में होने वाली किसी महत्वपूर्ण घटना के छूट जाने का डर रहता है, जिसे फियर ऑफ मिसिंग आउट (फोमो) कहा जाता है।



जर्मनी में रुहर यूनिवर्सिटी बोचुम में मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान और उपचार केंद्र की एसोसिएट प्रोफेसर जूलिया ब्रिलोव्स्काया ने कहा कि हमें संदेह है कि लोग सकारात्मक भावनाएं उत्पन्न करने के लिए सोशल नेटवर्क का उपयोग करते हैं, जिसकी कमी वे अपने रोजमर्रा के कामकाजी जीवन में महसूस कर रहे हैं, खासकर जब वे अधिक काम का बोझ महसूस कर रहे हों। इसके अलावा, यदि आप अपनी वर्तमान भूमिका से नाखुश हैं तो लिंक्डइन जैसे कुछ प्लेटफ़ॉर्म नई नौकरियों की तलाश करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कम समय में वास्तविकता से सोशल नेटवर्क की दुनिया में भागने से वास्तव में आपका मूड बेहतर हो सकता है। लेकिन दीर्घावधि में यह अडिक्टिव व्यवहार को जन्म दे सकता है जिसका विपरीत प्रभाव पड़ता है।

बिहेवियर एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में, टीम ने इन संबंधों का पता लगाने के लिए एक प्रयोग शुरू किया। कुल 166 लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें से सभी ने कई क्षेत्रों में अंशकालिक या पूर्णकालिक काम किया और गैर-कार्य-संबंधित सोशल मीडिया के उपयोग पर हर दिन कम से कम 35 मिनट बिताए।

प्रतिभागियों के दो समूह बनाए गए थे। एक समूह ने अपनी सोशल मीडिया की आदतें नहीं बदलीं। दूसरे समूह ने सोशल

- **मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव**
- **गैर-कार्य-संबंधित सोशल मीडिया के उपयोग पर हर दिन कम से कम 35 मिनट बिताए**

नेटवर्क पर बिताए जाने वाले समय को सात दिनों के लिए हर रोज 30 मिनट कम कर दिया। ब्रिलोव्स्काया ने कहा कि इतने कम समय के बाद भी हमने पाया कि जिस समूह ने सोशल मीडिया पर प्रतिदिन 30 मिनट कम बिताए, उनकी नौकरी की संतुष्टि और मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। इस समूह के प्रतिभागियों को कम काम का बोझ महसूस हुआ और वे नियंत्रण समूह की तुलना में काम के प्रति अधिक प्रतिबद्ध थे। फोमो की उनकी समझ भी इसी तरह कम हो गई। प्रयोग की समाप्ति के बाद प्रभाव कम से कम एक सप्ताह तक रहा और इस दौरान कुछ मामलों में बढ़ भी गया।

जिन प्रतिभागियों ने स्वेच्छा से अपने दैनिक सोशल मीडिया का उपयोग कम कर दिया था, उन्होंने एक सप्ताह के बाद भी ऐसा करना जारी रखा। शोधकर्ताओं का मानना है कि अपने सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने से, प्रतिभागियों को अपना काम करने के लिए अधिक समय मिला, जिसका मतलब था कि उन्हें कम काम करना पड़ा और उन्हें बंटे हुए ध्यान से भी कम पीड़ित होना पड़ा। हमारा दिमाग किसी कार्य से लगातार ध्यान भटकाने से अच्छी तरह निपट नहीं सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग अपने सोशल मीडिया फ़ीड पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बार-बार अपना काम करना बंद कर देते हैं, उनके लिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना अधिक कठिन होता है और उन्हें खराब परिणाम मिलते हैं।

इसके अलावा, सोशल मीडिया पर बिताया गया समय लोगों को वास्तविक जीवन में अपने सहकर्मियों के साथ बातचीत करने से रोक सकता है, जिससे अलगाव हो सकता है। सोशल मीडिया पर बिताया गया समय कम करने से इस प्रभाव को कम किया जा सकता है।

## आइस स्केटिंग रिंक शिमला में आज से शुरू

***शिमला,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में आइस स्केटिंग के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित स्केटिंग रिंक में रविवार सुबह ट्रायल हुआ जो सफल रहा है। इसके बाद रिंक में सोमवार से स्केटिंग सेशन शुरू हो जाएगा। अभी फिलहाल सुबह के सेशन में ही स्केटिंग होगी। शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित आइस स्केटिंग रिंक एशिया का पहला ओपन एयर रिंक है जहां आज भी प्राकृतिक रूप से बर्फ जमाई जाती है। इस रिंक को 1920 में अंग्रेजों ने बनाया था तब से लेकर हर साल यहां पर सर्दियों में प्राकृतिक रूप से बर्फ जमा कर स्केटिंग करवाई जाती है।*

*आइस स्केटिंग क्लब के ऑर्गेनाइजिंग सेक्टरी रजत मल्होत्रा ने बताया कि ट्रायल सफल रहा है। कल से स्केटिंग के रेगुलर सेशन शुरू हो जाएंगे जो सुबह आठ से दस बजे तक होंगे। अभी स्केटिंग सुबह के समय ही होगी। उन्होंने कहा की सभी सदस्य कल से स्केटिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।*



## अभी भी 5 में से 1 लड़की और 6 में से 1 लड़के की बचपन में होती है शादी

**न्यूयॉर्क,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, बाल विवाह का चलन अब भी जारी है। पांच में से एक लड़की और छह में से एक लड़के की अभी भी बचपन में ही शादी हो रही है। हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है लेकिन हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। बाल विवाह मानवाधिकार उल्लंघन है, लिंग और यौन-आधारित हिंसा का एक मान्यता प्राप्त रूप है। जीरो बाल विवाह तक पहुंचने में भारत की सफलता संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5.3 को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

जनसंख्या स्वास्थ्य और भूगोल के प्रोफेसर, प्रमुख लेखक एसवी सुब्रमण्यम ने कहा कि यह अध्ययन यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ



- **शोधकर्ताओं ने 1993, 1999, 2006, 2016 और 2021 से भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की डेटा का उपयोग किया**

लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में कैसे बदलाव आया है। विशेष रूप से लड़के के बाल विवाह को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। आज तक, इसकी व्यापकता का अनुमान लगाने वाला लगभग कोई शोध नहीं हुआ है।

एसवी सुब्रमण्यम ने कहा कि हमारे निष्कर्ष भारत में बाल विवाह के बोझ को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो प्रभावी नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होगा।

हालांकि, भारत कानूनी रूप से बाल विवाह को लड़कियों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले और लड़कों के लिए 21 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित करता है। अध्ययन के प्रयोजनों के लिए शोधकर्ताओं ने इसे दोनों लिंगों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित किया है। अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने 1993, 1999, 2006, 2016 और 2021 से भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की डेटा का उपयोग किया। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया, जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। लड़कों के बाल विवाह की भारतीय कानूनी परिभाषा का उपयोग करते हुए, इसका प्रचलन बहुत अधिक था। साल 2006 में 29 प्रतिशत और 202 में 15 प्रतिशत था।

## 'भाग्य लक्ष्मी' के लिए अमन गांधी ने अपनाया दो चोटी वाला लुक

**मुंबई,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्टर अमन गांधी 'भाग्य लक्ष्मी' के अपकमिंग सीक्वेंस के लिए सात साल के बच्चे की तरह तैयार हुए। उन्होंने इसे मजेदार सीन बताया है और



साझा किया कि एक अभिनेता के रूप में कई चीजों को आजमाने की इस प्रक्रिया को वह कितना पसंद कर रहे हैं।

'भाग्य लक्ष्मी' लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) और ऋषि (रोहित सुचांती) के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। हाल के एपिसोड में, दर्शक देख रहे हैं कि कैसे लक्ष्मी किसी तरह पागलखाने से भागने में सफल हो जाती है और घर पहुंचती है। इसके बाद पागलखाने के डॉक्टर पुलिस के साथ लक्ष्मी की तलाश में ओबेरॉय हाउस पहुंचते हैं। जबकि परिवार लक्ष्मी को पुलिस से छिपाने की पूरी कोशिश कर रही है, आयुष (अमन गांधी) ने पुलिस अधिकारी को बेवकूफ बनाने के लिए खुद को लक्ष्मी के रूप में छिपाने का फैसला किया ताकि वह उन्हें रोक सके और परिवार को लक्ष्मी को छिपाने के लिए कुछ समय मिल सके।

इस चल रहे क्रम में, दर्शकों को लक्ष्मी का 7 वर्षीय बाल रूप बहुत पसंद आ रहा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि अमन भी उसकी तरह दो चोटी और पिंक ड्रेस पहनकर ऐश्वर्या खरे को कड़ी टक्कर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बारे में बात करते हुए, अमन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि भाग्य लक्ष्मी में मेरे किरदार ने मुझे इतने सारे मौके दिये हैं। मुझे कई चीजें आजमाने का मौका मिलता है, और एक अभिनेता के रूप में, मुझे यह प्रक्रिया पसंद है क्योंकि यह मुझे अपने काम को विभिन्न तरीकों से प्रदर्शित करने में मदद करती है और मुझे हर दिन कुछ नया सीखने की अनुमति देती है।

यह किरदार इतना अलग है कि मैं इससे कभी बोर नहीं होऊंगा और यही आयुष की खूबसूरती है। 7 साल की लक्ष्मी की तरह तैयार होने के लिए मुझे जो थोड़ा समय मिला, उसका मैंने वास्तव में आनंद लिया। यह एक बहुत ही मजेदार सीक्वेंस है जहां हम लक्ष्मी को मानसिक अस्पताल के डॉक्टरों और पुलिस से छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे बस उम्मीद है कि मैंने ट्रैक के साथ न्याय किया है। 'भाग्य लक्ष्मी' जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने शोधकर्ताओं के लिए मजबूत एआई 'स्मॉल लैंग्वेज मॉडल' लॉन्च किया

**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने अपना नवीनतम कॉम्पैक्ट 'स्मॉल लैंग्वेज मॉडल' फी-2 जारी किया है, जो 13 अरब से कम पैरामीटर्स वाले कुछ बड़े ओपन-सोर्स लामा 2 मॉडल के बराबर या उससे बेहतर प्रदर्शन करता है। पिछले कुछ महीनों में, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च की मशीन लर्निंग फाउंडेशन टीम ने 'फी' नामक स्मॉल लैंग्वेज मॉडल (एसएलएम) का एक सूट जारी किया है जो विभिन्न बेंचमार्क पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करता है।

इससे पहले 1.3 अरब पैरामीटर वाले फी-1 मॉडल ने मौजूदा एसएलएम (विशेष रूप से ह्यूमनएवल और एमबीपीपी बेंचमार्क पर) के बीच पायथन कोडिंग पर अत्याधुनिक दक्षता दिखाई थी। कंपनी ने कहा कि अब हम 2.7 अरब पैरामीटर वाले भाषा मॉडल Phi-2 जारी कर रहे हैं, जो उत्कृष्ट तर्क और भाषा समझ क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। यह अपडेट 13 अरब से कम पैरामीटर वाले बेस भाषा मॉडल के बीच अत्याधुनिक प्रदर्शन करता है।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हमने लैंग्वेज मॉडल पर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए अजूअर एआई स्टूडियो मॉडल कैटलॉग में फी-2 उपलब्ध कराया है। भाषा मॉडल के आकार में सैकड़ों अरबों पैरामीटर्स की भारी वृद्धि ने कई उभरती क्षमताओं को खोल दिया है जिन्होंने नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है।

## अरशद वारसी के पास 3 साल तक काम नहीं था, पुरानी बातों को किया याद

**मुंबई,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्टर और सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के जज अरशद वारसी ने पुरानी बातों को याद किया। एक्टर ने उस समय को याद किया जब उनके पास तीन साल तक कोई काम नहीं था और 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' के बाद उनका जीवन कैसे बदल गया।

1987 में फिल्म 'काश' में महेश भट्ट के सहायक निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले अरशद वारसी ने 'रूप की रानी चोरों का राजा' के टाइटल सॉन्ग को कोरियोग्राफ किया था।

अरशद वारसी ने 1996 में अमिताभ बच्चन द्वारा निर्मित रोमांटिक ड्रामा 'तेरे मेरे सपने' से एक्टिंग की शुरुआत की। इसमें चंद्रचूर सिंह, प्रिया गिल और सिमरन भी थे। अरशद वारसी को 2003 में राजकुमार



हिरानी द्वारा निर्देशित कॉमेडी ड्रामा 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में सर्किट के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। इसमें संजय दत्त मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में उनके साथ सुनील दत्त, ग्रेसी सिंह, बोमन ईरानी और जिमी शेरगिल भी प्रमुख भूमिकाओं में थे। 'झलक दिखला जा' के नए एपिसोड में एक्ट्रेस अंजलि आनंद ने अपने कोरियोग्राफर डैनी फर्नांडिस और सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर रूएल दौसन वरिंदानी के साथ धमाकेदार ट्रैक 'फटेला जेब' पर अपने शानदार प्रदर्शन से रोमांचक बनाया।

तीनों ने प्रतिष्ठित किरदार 'सर्किट' को सम्मान दिया जिससे अरशद भावुक हो गए। प्रदर्शन से प्रभावित होकर अरशद ने कहा, %%जब आप कुछ चीजें देखते हैं तो आप थोड़े भावुक हो जाते हैं। यह एक प्रयास है, एक साहस है जिसे आप अपनी कड़ी मेहनत से करते हैं। तुम लड़ते रहो, जो मैंने अंजलि को हर समय करते देखा है। मुझे वह गुण बहुत सराहनीय लगता है वह हार नहीं मानती। इससे मुझे अच्छा महसूस होता है। फिल्मों में आने के बाद एक समय ऐसा आया जब मेरे पास लगभग तीन साल तक काम नहीं था। लेकिन उसके बाद मुन्ना भाई एमबीबीएस की और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### एनआरसी विवाद की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म

## असम में लोगों को बात करने पर करती है मजबूर

**गुवाहाटी,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। असम की विवादास्पद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) अद्यतन प्रक्रिया की पृष्ठभूमि पर बनाई गई 'आईडी-माई आइडेंटिटी' नामक फीचर फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। बंगाली फिल्म का लेखन, निर्देशन और निर्माण दीपक दास द्वारा किया गया है। इनका जन्म और पालन-पोषण असम के सिलचर शहर में हुआ था। 1999 से उन्होंने बॉलीवुड और कोलकाता में सहायक निर्देशक और फिटनेस ट्रेनर के रूप में काम किया है।

दास ने बताया कि एनआरसी का पहला मसौदा 2019 में जारी किया गया था और कम से कम 40 लाख लोगों के नाम इसमें शामिल नहीं थे। यही उनकी फिल्म का आधार है। उन्होंने कहा कि फिल्म में प्रस्तुत तथ्य तथ्यात्मक हैं, हालांकि लोग एक काल्पनिक परिवार से हैं। हमने यह दिखाने का प्रयास किया कि कैसे कुछ परिवार एनआरसी से बाहर होने की पीड़ा से नष्ट हो गए। कैसे पहचान के संदेह ने आत्महत्याओं में योगदान दिया।

कथा के बारे में, दास ने कहा कि मुख्य पात्र, रिम्पी, उन 19 लाख व्यक्तियों में से है, जिनके नाम अगस्त 2019 में प्रकाशित अंतिम एनआरसी ड्राफ्ट से हटा दिए गए थे। फिल्म निर्माता ने कहा कि उसका जीवनसाथी चिंता के कारण आत्महत्या कर लेता है, और एक रात पुलिस उसकी अस्पष्ट पहचान के कारण रिम्पी को हिरासत में लेने पहुंचती है। वह अपने बच्चों के साथ भाग जाती है, लेकिन छह महीने बाद, नियति उसे ढूंढ लेती है। मेरी कहानी वह है, जो उसके बाद घटित होती है। फिल्म देखने के बाद, प्रसिद्ध गुवाहाटी फिल्म निर्माता संजीव नारायण ने टिप्पणी की कि निर्देशक ने एनआरसी जैसे कठिन विषय को संभालने के साथ-साथ आवश्यक भावनाओं को भी जगाने का शानदार काम किया है। नारायण



ने कहा कि दीपक दास उन कुछ निर्देशकों में से एक हैं, जिनमें एनआरसी के कठिन विषय पर बात करने की हिम्मत है। जब भी मैंने फिल्म देखी, मुझे इस विषय के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस हुआ और अभिनेताओं ने अपने हिस्से में बहुत अच्छा काम किया।

उन्होंने कहा कि निर्देशक कानूनी चिंताओं के कारण एनआरसी की पूरी तस्वीर दिखाने में असमर्थ थे। कृष्णनु भट्टाचार्जी, बराक घाटी स्थित फिल्म समूह बीक्षण सिने कम्यून के सदस्य हैं।

उन्होंने कहा कि दास को एनआरसी अद्यतन प्रक्रिया के सभी पहलुओं को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह अभी भी जारी है। फिर भी, वह पीड़ा, हानि और भावनाओं को व्यक्त करने में सक्षम है। मैंने फिल्म देखने के बाद लोगों को रोते हुए देखा है। मैं भी भावनाओं से प्रभावित हुआ।

असम स्थित फिल्म समीक्षक बिस्वजीत शील ने कहा कि हालांकि फिल्मों में त्रुटियां हैं, लेकिन भावनाएं सटीक हैं। शील ने टिप्पणी की, 'ऐसा प्रतीत होता है कि निर्देशक कुछ अत्यधिक लंबे अंशों में हमें पीड़ा का अनुभव करा रहे हैं। मैंने संबंधित विषयों पर बेहतर कार्य देखे हैं। हालांकि, मैं आभारी हूं कि उन्होंने इतना नाजुक मामला उठाया।' वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कुमार साहा ने कहा कि यह एक खास विषय है और निर्देशक ने भावनात्मक तार को सफलतापूर्वक छुआ है।

## काले रंग की चीजों को माना जाता हैं 'शनि' का प्रतीक

**लखनऊ,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। ज्योतिषीय कार्यक्रमों में शनि का ज्यादा प्रभाव काली चीजों में ज्यादा माना जाता है। ऐसे में ज्योतिष गुरुओं द्वारा 'शनि' के प्रभाव से बचने के लिए काले कुत्तों और काले बंदरों को खिलाने की सलाह दी जाती है, जिसके चलते इनकी मांग बढ़ गई है। काले बंदरों की संख्या हाल के महीनों में बढ़ी है।

राजू ने कहा कि जो अब काले कुत्ते बेचकर प्रति माह 10,000 से 20,000 रुपए तक कमा लेते हैं, 'बेदाग काले कुत्तों की मांग हाल के महीनों में कई गुना बढ़ गई है जबकि काले बंदरों की मांग तुलनात्मक रूप से कम है क्योंकि हर कोई पालतू बंदर रखने को तैयार नहीं है। बिना किसी अन्य रंग के काले कुत्ते बेहद दुर्लभ हैं, लेकिन हमें मांग पूरी करनी



होगी।'

राजू को ये काले कुत्ते कैसे मिले यह एक दिलचस्प कहानी है। करीब 30 साल का यह युवक अच्छी नस्ल के पिल्लों को चुराता है और फिर उन्हें काले रंग में रंग देता है।

उन्होंने कहा कि वंशावली कुत्ते जो काले होते हैं (काले रंग में रंगे हुए) आसानी से 6,000 रुपए तक मिल सकते हैं, जबकि सड़क के कुत्ते जो बेदाग काले होते हैं, 1,000 रुपए से 2,500 रुपए तक बेचे जाते हैं। जब

- **बढ़ रही काले रंग के कुत्ते और बंदरों की मांग**
- **काले कुत्ते बेचकर प्रति माह 10,000 से 20,000 रुपए तक का आमदनी**

हमें अच्छी नस्ल के कुत्ते नहीं मिलते, तो हम आजीविका के लिए सड़क के कुत्तों पर निर्भर हो जाते हैं। हालांकि, वह इस बात पर जोर देते हैं कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए 'अच्छी गुणवत्ता वाली हेयर डाई' का उपयोग करते हैं कि कुत्ते को एलर्जी न हो। राजू और उसके जैसे आधा दर्जन अन्य 'उद्यमी' हर हफ्ते एक दर्जन से अधिक कुत्ते बेचने का प्रबंधन करते हैं।

हमारे पास कोई दुकान नहीं है। हम सड़क किनारे कुत्तों के साथ बैठते हैं और कुछ ही समय में ग्राहक लाइन में लग जाते हैं। काले, भूरे या सफेद पिल्लों को काले रंग से रंगा जाता है और फिर बेचा जाता है।

राजू ने कहा कि चूंकि हम अच्छी गुणवत्ता वाले रंगों का उपयोग करते हैं ताकि जानवरों को किसी भी प्रकार की एलर्जी न हो और रंगों को खत्म होने में दो से तीन महीने लग जाते हैं। तब तक ग्राहक और उसका परिवार उस जानवर से इतना भावनात्मक रूप से जुड़ जाते है कि उसके रंग बदलने के बावजूद वे उसे अपने पास रखते हैं। काले कुत्ते का व्यवसाय कई प्रमुख शहरों में फलफूल रहा है, काले बंदर का व्यवसाय मुख्य रूप से इलाहाबाद और वाराणसी जैसे पवित्र स्थानों तक ही सीमित है, जहां विदेशी पर्यटक काले बंदरों से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। कृपा ने कहा कि जो भूरे बंदर भोले, जिसे काले रंग से रंगा गया है, के साथ वाराणसी के घाटों पर घूमता है, 'काले बंदर बहुत कम मिलते हैं और अगर हमारे पास काले बंदर हैं तो विदेशी पर्यटक हमें पैसे देते हैं। हमारे परिवार का भरण-पोषण करने के लिए बस एक काला बंदर ही काफी है।' कृपा कहता हैं, 'मैं हर छह हफ्ते में भोले के बाल रंगते हूं ताकि उसके भूरे बाल नजर न आएं और वह मुझे मेरी रोजी रोटी दे दे।' राजू और कृपा इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं कि कुत्तों और बंदरों को रंगने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई हो सकती है जो जानवरों पर रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है। इस बीच, पुलिस का मानना है कि यह इतना मामूली कृत्य है कि इस पर ध्यान नहीं दिया जा सकता।

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 18 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। 'डोनेट फॉर देश' के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की ज़रूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है।

शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये 'तिलक स्वराज फंड' से अभिप्रेरित बतलाई गई है।

कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉंड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है। सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है। जिन पूंजीपतियों को उसने अपनी नीति से फायदा पहुंचाया है, उसके फलस्वरूप उसके पास पैसे की किल्लत होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह चर्चा भी आम है कि नोटबन्दी की बहती गंगा में भाजपा ने अपने हाथ धोये हैं। पूरे भारत में उसके आलीशान कार्यालय, भव्य रोड शो, खूब खर्चीली प्रचार सभाएं साफ बतलाती हैं कि वह देश ही नहीं सम्भवत: दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है।

जाहिर है कि ऐसी मालामाल पार्टी के साथ मुकाबला बेहद कठिन है। इसके साथ ही अगले लोकसभा चुनाव का जैसा महत्व है, कांग्रेस के समक्ष लोगों से मदद मांगने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। इसके माध्यम से पार्टी न केवल अपने खर्च का बंदोबस्त करेगी वरन लोगों से उसका व्यापक जुड़ाव हो सकेगा। उसे वे लोग मदद करेंगे जो कांग्रेस की विचारधारा से इत्तेफ़ाक रखते हैं। बड़ी तादाद में ऐसे नागरिक हैं जो चाहते हैं कि कांग्रेस मजबूत हो लेकिन वे उसकी मदद नहीं कर पाते। ये सामान्यजन होते हैं जो अल्प राशि ही देने में सक्षम हैं। वे निश्चित ही आगे आयेंगे। इससे कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योगदान का चर्चा आम हो सकेगा जिसका उसे चुनावी लाभ भी मिलेगा। अभियान न सिर्फ पार्टी को भाजपा से लड़ने का हौसला देगा वरन उसके वोट बैंक में भी बड़ा इज़ाफ़ा करेगा। कांग्रेस को दो-तीन बातों का अवश्य ख्याल रखना होगा। पहला तो यह कि संग्रहित राशि पारदर्शी हो और वह उसे बहुत समझदारी के साथ खर्च करे। इसमें उसे एक-एक पाई का हिसाब रखना होगा वरना उसे बदनाम करने का कोई अवसर भाजपा व उसका आईटी सेल हाथ से जाने नहीं देगा।

# पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!



शकील अख्तर

> जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं।

हर पार्टी का अपना नेचर होता है। भाजपा में हवा हवाई बातें चल जाती हैं। मगर कांग्रेस में नुकसान कर जाती हैं। भाजपा के साथ एक तो मीडिया होता है दूसरे उसके और संघ के कार्यकर्ता जो इस बात को भी मिनटों में घर-घर पहुंचा सकते हैं कि गणेश जी दूध पी रहे हैं या राहुल पप्पू हैं और मोदी जो चाहे कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के पास अगर ठोस बातें और जनपक्षीय कार्यक्रम नहीं हैं तो केवल प्रयोग के लिए प्रयोग से या प्रतीकात्मकता से उसे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है।

ईवीएम एक ऐसा ही प्रयोग था जिससे आज कांग्रेस ही सबसे ज्यादा परेशान है। ईवीएम कांग्रेस ही लाई थी। नोटा भी वही लाई। आरटीआई भी। ये सब उसके लिए घातक साबित हुए। बिना जनता के स्तर को ऊपर उठाए अति आदर्शवादी व्यवस्था, नए प्रयोग, उस पार्टी के लिए हमेशा नुकसानदेह होता है जिसे जनता वास्तविक आधारों पर जांचती है। कांग्रेस जब मनरेगा लाती है, किसानों की कर्ज माफी करती है तो लाभान्वित हुए लोगों के सीधे समझ में आता है। और वह 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को वापस ले आते हैं। मगर 2012 के बाद जब वही कांग्रेस अन्ना जी, अन्ना जी करने लगती है तो जनता उसे पसंद नहीं करती। अन्ना जी को लाने वाले ओरिजनल लोगों के साथ चली जाती है।

इन विधानसभा चुनावों में हार के लिए ईवीएम एक कारण हो सकता है! होगा। लेकिन अगर ऐसा है तो कांग्रेस ने इसके खिलाफ कौन सी मुहिम शुरू की। आडवानी ने 2009 के चुनाव हार जाने के बाद बाकायदा इसके खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। अपने पार्टी के नेता जीवीएल नरसिम्हा राव से किताब लिखवाई थी। खुद उस ईवीएम विरोधी किताब की प्रस्तावना लिखी थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले 2017 में हुए कई विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने इस पर सवाल तो हमेशा उठाए मगर कोई निर्णायक आन्दोलन शुरू नहीं किया। हमें याद है 2017 के बाद जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बन गए थे तो दिल्ली के इन्दिरा गांधी ओपन स्टेडियम के कांग्रेस सम्मेलन में उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर बाद में कोई फालोअप नहीं हुआ। कांग्रेस पूर्व ब्यूरोक्रेटस की, जो चुनाव कार्यों से जुड़े रहे, एक कमेटी बना सकती थी। उनसे जांच करवा सकती थी। कई रिटायर वरिष्ठ अफसरशाह कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।

मशीन में गड़बड़ी करने वालों को सख्त मैसेज दे सकती थी। जैसे गडकरी ने बोला था यूपीए के समय, जब उनकी जांच चल रही थी कि किसी भी अफसर को छोड़ेंगे नहीं। वैसे ही सख्त भाषा में बोल सकती थी। आखिर कोई भी डिपार्टमेंट हो, करता तो इंसान ही होगा ना ईवीएम में गड़बड़ी। उसे चेताया तो जा सकता है! मगर कांग्रेस ने हर हार के बाद बोला तो जरूर मगर कोई गंभीर पहल नहीं की। और फिर जनता के मन में यह भी सवाल उठता है कि 2014 में तो कांग्रेस बुरी तरह हारी। तब तो केन्द्र में उसी की सरकार थी। तब भी क्या ईवीएम मैनेज कर ली गई थी? और अगर कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही खिलाफ ईवीएम मैनेज की जा सकती है तो फिर बात करना ही बेकार है!

हालांकि इसमें इतने आश्चर्य की बात नहीं। 2012 से 2014 तक पूरी अफसरशाही, दूसरी संस्थाएं मीडिया सब पूरी तरह कांग्रेस के विरोध में हो गए थे। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2012 से 2014 तक सबसे कमजोर सरकार रही। इतनी

तो चन्द्रशेखर की सरकार भी कमजोर नहीं थी।

सत्ता से बाहर कांग्रेस को दस साल हो रहे हैं। और दो हार के बाद तीसरा चुनाव 2024 सिर पर खड़ा है। मगर अभी तक वह अपनी असली समस्या को समझ नहीं पा रही है। मामला हार्ट और ब्रेन का है। नेताओं के कमजोर दिल और निहित स्वार्थी दिमाग का! मगर पार्टी कास्मेटिक सर्जरी कर रही है।

अभी एक नया शिगूफा छेड़ा। क्राउड फंडिंग। राजनीति में यह सफल प्रयोग किया था देवीलाल ने। एक वोट एक नोट! जोर वोट पर था। नोट तो उनसे ज्यादा कोई खर्च कर नहीं सकता। उस समय जिप्सी नई गाड़ी आई थी। चुनाव में पुरानी

महिन्द्रा और विलीज जीपें चलती थीं। गांवों में यही जा पाती थीं। 1989 में देवीलाल ने जनता दल के अपने सारे लोकसभा प्रत्याशियों के पास नई सफेद चमचमाती जिप्सी पहुंचा दी थीं। आज के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उसी समय अपना पहला चुनाव लड़े थे। और जीते थे। राजस्थान के झुन्झुनू से। खुद देवीलाल पड़ोस के सीकर से लड़ रहे थे। इसे शेखावाटी का इलाका कहते हैं।

जाट बेल्ट। उस समय के लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ को हराया था। खैर वह बात वोट और नोट की थी। तो वोट तो मिले ही। और नोट तो प्रतीकात्मक था। तो सारी जिप्सियां वहीं कार्यकर्ताओं को दे आए थे।

देवीलाल शाहखर्च थे। कांग्रेसी भी हैं। मगर दूसरे के पैसे खर्च करने में। अपना तो सब ने दबाकर रखा हुआ है। पता नहीं किस काम आएगा! जिनके पास रखा है वह कोई नहीं लौटाते हैं। बच्चे बेवजह परेशान होकर घूमते रहते हैं। इससे बेहतर है पार्टी को दे दें। मगर नहीं देंगे। पार्टी से और कुछ मिल जाएगा तो ले लेंगे।

खैर तो यहां कांग्रेस ने गांधी जी को याद किया है। मगर यह भूल गए कि गांधी महामितव्ययी थे। थर्ड क्लास में चलते थे। यहां तो हर नेता को

चार्टेड प्लेन चाहिए। शहर के सबसे अच्छे होटल का सबसे महंगा सुइट। बड़ी गाड़ी, सेवा में चार कार्यकर्ता। लगा लें हिसाब कांग्रेस कि जब पैसा नहीं है तो नेताओं ने जिनमें कुछ बड़े नेता छोड़ भी दो तो छोटे और मंझौले दर्जे के नेताओं के चुनाव में घूमने पर कितना खर्चा आया है। और कितने इन्होंने अपनी प्रदर्शनप्रियता और अफालतूनी रवैये से वोट कटवाए हैं। कितने भले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गालियां दी हैं।

अपनी क्राउड फंडिंग को गांधी जी के 1920- 21 तिलक स्वराज कोष से प्रेरित बताना तो ठीक है मगर उनकी तरह पाई-पाई का हिसाब क्या कांग्रेस दे पाएगी? जनता पैसे देगी तो क्या हिसाब नहीं मांगेगी?

और फिर वही बात जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। अभी देखा कि कमलनाथ को जिन्हें पांच साल से ज्यादा कांग्रेस ने एकछत्र काम करने का मौका दिया। वह संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला को

व्यंगतात्मक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। शुक्र है सोनिया और राहुल पर अटैक नहीं किया। अपने बेटे नकुलनाथ का राजनीतिक भविष्य ध्यान में आ गया होगा।

यह हाल है कांग्रेसियों का। सब कुछ देने के बाद भी थैंकफुल होने के बदले थैंकलेस ही नहीं कटुता दिखाते हैं। कभी आडवानी, मुरली मनोहर जोशी या रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, विजय गोयल या हां अभी ताजा शिवराज सिंह चौहान या वसुंधरा राजे के मुंह से एक भी शब्द नकारात्मक सुना!

कांग्रेस में ऐसे नेताओं की भरमार है बड़े नेताओं की जो सब कुछ पाकर भी पार्टी और नेता पर हमले करते हैं। प्रणव मुखर्जी को राष्ट्रपति बनाया।

मगर संघ मुख्यलय नागपुर जा पहुंचे। बेटी को दिल्ली का चीफ स्पोकसपर्सन। मगर वह किताब लिखकर राहुल और सोनिया को कोस रही हैं। जी 23 इन कांग्रेसियों ने ही बनाया था ना! अब फिर कमजोर दिख रही है तो 23 से ज्यादा भी इकट्ठा हो जाएंगे।

कांग्रेस की समस्या यह है, कृतघ्न नेता! जब तक मलाई मिलेगी चिपटे रहेंगे। फिर गालियां देंगे। इन पर सख्ती जरूरी है। थोड़े हों, कम हों पर विश्वसनीय हों। कार्यकर्ता राहुल के साथ हैं। उन्हें ही आगे लाना होगा। क्षत्रपों को भाव देना बंद करना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प

■ **सात्यकी चक्रवर्ती**

> कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है।

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी।

वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है।

जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुईं और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है। यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं।

टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुत: किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है। उत्तर बंगाल के जिलों की छह सीटों में अलीपुर दुआर, बालुरघाट, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और रायगंज शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का वोट शेयर 59 फीसदी से लेकर न्यूनतम 40 फीसदी तक रहा था।

2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी को कुल 42 सीटों में से 34 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव में वह घटकर 22 सीटों पर आ गई। अब टीएमसी फिर से 34 सीटों की उस ताकत को बहाल करने पर काम कर रही है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है या आलाकमान प्रदेश पार्टी नेतृत्व को संगठन के हित में वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने की अनुमति देता है।

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीऐ -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार)करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### गांव को विकास से जोड़ती सड़क

वैसे तो देश के विकास में सभी क्षेत्रों का समान योगदान होता है। लेकिन इसमें सड़कों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। कहा जाता है कि जर्जर सड़क से विकास नहीं गुज़र सकता है। यानि जिस क्षेत्र की सड़क बेहतर स्थिति में नहीं होगी वहां अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा विकास की रफ़्तार धीमी रहती है। निवेश जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाती है, इसी सड़क की बेहतरी पर निर्भर करता है। कहा जाए तो उन्नत सड़कें विकास की निशानी है। सड़क के इसी महत्व को समझते हुए पूर्व में अटल बिहारी वाजपयी की सरकार में इस पर विशेष ध्यान दिया गया। न केवल राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत सुधारी गई बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा दिया गया। वर्तमान की मोदी सरकार में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी देश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

खस्ताहाल सड़क ने केवल अर्थव्यवस्था को ही नहीं बल्कि गांव की किशोरियों की शिक्षा को भी प्रभावित किया है। 17 वर्षीय मालती कहती है कि 12वीं की पढ़ाई के लिए उसे 8 किमी दूर लूणकरणसर ब्लॉक स्थित उच्च विद्यालय जाना पड़ता था। लेकिन ख़राब सड़क के कारण गांव से बहुत कम यात्री गाड़ी चलती है। आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि माता-पिता उसे स्कूटी दिला सकें। जिसकी वजह से उसे 10वीं के बाद शिक्षा छोड़नी पड़ी। वह बताती है कि कुछ जगह सड़क को ईंटों से ठीक किया गया है, लेकिन पूरी सड़क को जब तक बेहतर नहीं बनाया जाता है, लोगों को परेशानी होती रहेगी। 52 वर्षीय निवासी प्रेमनाथ जाट बताते हैं कि इस सड़क को आठ साल पहले भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक इसकी मरम्मत नहीं की गई, परिणामस्वरूप यह सड़क धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई। वह कहते हैं कि गांव के लोग रात में बहुत ज़रूरी होने पर ही सड़क से आने या जाने का काम करते हैं। यदि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा और सड़क की मरम्मत नहीं होगी तो यह गांव विकास के क्षेत्र में पिछड़ता चला जायेगा।

इस संबंध में ग्राम सेवा सहकारिता समिति के अध्यक्ष आसुराम बताते हैं कि इस सड़क के लिए 50 फ़ीट जगह छोड़ी गई थी लेकिन इसे केवल 20 फ़ीट में ही बनाया गया। छोटी और टूटी होने के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर निकालने में कोई रुकावट है तो इसका निर्माण मनरेगा के तहत भी किया जा सकता है। इससे जहां सड़क की स्थिति सुधर जायेगी तो वहीं मनरेगा तहत लोगों को काम भी मिल जायेगा। आसुराम कहते हैं कि गांव की इस सबसे बड़ी ज़रूरत को पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से जल्द पूरा किया जाना चाहिए क्योंकि सड़क ही वह माध्यम है जो विकास के नए द्वार को खोलने में बड़ी भूमिका निभाता है। यह केवल आवागमन का ही माध्यम नहीं है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था भी इसी सड़क से ही जुड़ी होती है।

**तमन्ना बानो, लूणकरणसर राजस्थान**

## लीबिया में नाव दुर्घटना में 60 से अधिक प्रवासी डूबे

**त्रिपोली।** लीबिया के तट पर एक जहाज़ दुर्घटना में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 61 प्रवासी डूब गए हैं। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी। संगठन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, लीबिया के पास एक दुखद जहाज दुर्घटना के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 61 प्रवासी डूब गए। बयान में कहा गया है कि नाव लगभग 86 लोगों को लेकर लीबिया से रवाना हुई थी।

# देश विदेश

# फ्रांस का गाजा में युद्धविराम का आह्वान

**पेरिस,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस भी अब इजरायल-गाजा युद्ध में तत्काल स्थायी युद्धविराम के पक्ष वालों देशों की सूची में शामिल हो गया है।

समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार देश की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने कहा कि पेरिस क्षेत्र की स्थिति पर 'बेहद चिंतित' है। तेल अवीव में अपने इजरायली समकक्ष एली कोहेन से मुलाकात के बाद सुश्री कोलोना ने कहा, बहुत सारे नागरिक मारे जा रहे हैं। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि हमास के सात अक्टूबर के हमले के पीड़ितों को भी नहीं भूलना चाहिए। फ्रांस के विदेश मंत्रालय का कहना है कि इजरायली हमले में उसके एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। मंत्रालय ने इजरायल से उस हवाई हमले के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है जिसमें कई अन्य नागरिकों के साथ फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के एक कर्मचारी की मौत हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया कि राफा में हड़ताल के दौरान घायल होने के कारण कर्मचारी की मौत हो गई। वह दो अन्य सहकर्मियों और उनके परिवारों के कई



विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने कहा, पेरिस क्षेत्र की स्थिति पर 'बेहद चिंतित'

सदस्यों के साथ फ्रांसीसी महावाणिज्य दूतावास में अपने एक सहकर्मी के घर पर था। मंत्रालय के अनुसार बुधवार को उस घर पर इजरायली ने बम बरसाये जिसमें उसका नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया और कई अन्य की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय ने कहा, फ्रांस एक आवासीय इमारत पर हुये हमले की निंदा करता है जिसमें कई अन्य नागरिक मारे गए। मंत्रालय ने कहा, हम इजरायली अधिकारियों से इस बमबारी की परिस्थितियों पर शीघ्र अति शीघ्र स्पष्टिकरण चाहते हैं।इससे पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शनिवार को बंधकों के रिश्तेदारों के विरोध का सामना करना पड़ा , जिन्होंने सेना द्वारा गाजा में तीन बंदियों को गलती से मारने की बात स्वीकार करने के बाद उनकी स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए तत्काल समझौते की मांग की। उन्होंने अपने तीन बंधकों की मौत के बारे में संवाददाताओं से कहा, गहरे दुख के साथ मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अपहृत की वापसी और हमारे दुश्मनों पर जीत हासिल करने के लिए सैन्य दबाव आवश्यक है। दूसरी तरफ हमास ने टेलीग्राम पर कहा, जब तक हमारे लोगों के खिलाफ आक्रामकता पूरी तरह से बंद नहीं हो जाती तब तक हम कैदियों की अदला-बदली के लिए किसी भी बातचीत के खिलाफ है।

## डब्ल्यूएचओ ने शिफा अस्पताल में चिकित्सा सहायता पहुंचाई

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक टीम ने गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल शिफा में चिकित्सा सहायता पहुंचाई है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने रविवार को यह जानकारी दी। श्री घेब्रेयसस ने एक्स पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाली टीम आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति देने और प्राथमिकता वाली स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए आज अल-शिफा पहुंची। उन्होंने कहा कि ये अस्पताल इस समय सीमित आघात स्थिरीकरण और कुछ डायलिसिस सहायता प्रदान करने में सक्षम है। यहां सर्जरी अभी संभव नहीं है। श्री घेब्रेयसस ने कहा, अस्पताल में रक्त चढ़ाने के लिए कोई रक्त नहीं है और रोगियों के निरंतर देखभाल के लिए शायद ही कोई कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि इस समय, गाजा पट्टी में 36 में से केवल आठ अस्पताल ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं।

## अमीर के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कुवैत जाएंगे पुरी



**नई दिल्ली,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां) । विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी भारत सरकार और लोगों की ओर से कुवैत राज्य के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के प्रति संवेदना जताने के लिए 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कुवैत का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार और भारत के लोग 16 दिसंबर 2023 को कुवैत राज्य के अमीर महामहिम शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इसमें कहा गया, भारत सरकार ने दिवंगत नेता के सम्मान में 17 दिसंबर को पूरे देश में राजकीय शोक की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, पुरी सरकार और भारत के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए 17 दिसंबर को प्रधान मंत्री के विशेष दूत के रूप में कुवैत का

भारत शोक में कुवैत के नेतृत्व व लोगों के साथ एकजुट

दौरा करेंगे। इसमें यह भी कहा गया कि पुरी भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की ओर से नए अमीर महामहिम शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा को व्यक्तिगत संवेदना पत्र सौंपेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन से कुवैत ने एक दूरदर्शी नेता खो दिया है जो देश को प्रगति और समृद्धि की ओर ले गया। दिवंगत अमीर के नेतृत्व में भारत और कुवैत ने घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे। वह दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मार्गदर्शन और मजबूत करने में दृढ़ थे। इसमें कहा गया है कि कुवैत में बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय उनकी दयालुता को याद करेगा।

## सुडोकू 6409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 18 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आज दोस्तों के साथ आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दोस्तों से भेंट उपहार मिलेंगे। आप भी दोस्तों पर अनावश्यक खर्च करेंगे। नई दोस्ती के कारण भविष्य में लाभ भी हो सकता है। संतान से भी लाभ होगा।

वृषभ - आज का दिन नौकरी करने वालों के लिए शुभ है। नए काम का आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। पदोन्नति के योग बन रहे हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता आएगी।

मिथुन - किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। शरीर में थकान और आलस्य रहने से किसी भी काम में आपका मन नहीं लगेगा। पेट संबंधी किसी रोग से परेशान हो सकते हैं।

कर्क - आप का दिन प्रतिकूलताओं से भरा प्रतीत होता है। आज किसी नए काम का आरंभ ना करें। किसी बीमारी के इलाज की शुरुआत ना ही करें। क्रोध से दूर रहें। काम और चोरी जैसे अनैतिक विचारों से आपकी मानहानि हो सकती है।

सिंह - आज का दिन मध्यम फलदायी है। दांपत्यजीवन में किसी बात पर रूठने-मनाने का दौर रहेगा। व्यापार में भी पार्टनर के साथ मनमुटाव हो सकता है। आप का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा। मन भी प्रसन्न रहेगा। सुख के प्रसंग बनेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की परिस्थिति में सुधार आएगा।

तुला - आज आप का दिन सुखपूर्वक गुजरेगा। बौद्धिक चर्चाओं में दिन गुजरने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति से कोई बड़ा काम आसानी से कर पाएंगे। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करें, क्योंकि किसी बात को लेकर मन चिंताग्रस्त रहेगा। कुंटुंब या परिवार में किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। धनहानि एवं यशहानि हो सकती है।

धनु - आज आप ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में खूब रुचि लेंगे। भाई-बहनों के साथ आप का व्यवहार अच्छा रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकर - आज आप शेयर मार्केट में आज अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। किसी बड़े निवेश में भी आपकी रुचि रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है।

कुंभ - आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन लाभदायी है। कुटुंबजनों एवं मित्रों के साथ बाहर कहीं घूमने जा सकते हैं। आध्यात्मिकता में आपकी रुचि रहेगी।

मीन - आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी और एकाग्र नहीं रह पाएंगे। धार्मिक कामों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उ. कोरियाई लोगों पर प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव का रूस ने किया अनुपालन

**मॉस्को,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस ने उत्तर कोरियाई श्रमिकों को काम पर रखने पर रोक लगाने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव का अनुपालन किया है और प्योंगयांग के खिलाफ अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं किया है।

रूसी विदेश मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक प्योत्र इलिचेव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यूएनएसी के स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार सभी देशों को 22 दिसंबर, 2019 तक उत्तर कोरिया के उन नागरिकों को वापस लाने का आदेश दिया गया था, जिन्होंने उनके अधिकार क्षेत्र में काम किया था और आय प्राप्त की थी। रूस में अधिकांश उत्तर कोरियाई श्रमिक तब रूस छोड़ गए थे। राजनयिक ने स्पष्ट किया कि कुछ उत्तर कोरियाई लोगों को विभिन्न कारणों से कुछ समय के लिए रूस में रहना पड़ा, लेकिन चूंकि उन्होंने रूसी अधिकार क्षेत्र में आय प्राप्त करना बंद कर दिया इसलिए मॉस्को मानता है कि उसके दायित्व पूरे हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूस संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के संपर्क में है जो उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंधों के संभावित उल्लंघन की निगरानी कर रहे हैं जिससे यह साबित हो सके कि रूस संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रस्ताव का उल्लंघन नहीं करता है।

# अमेरिका ने हमलों को लेकर उत्तर कोरिया को दी चेतावनी



**वाशिंगटन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने उत्तर कोरिया को चेतावनी दोहराते हुए कहा है कि अमेरिका पर किसी भी परमाणु हमले का परिणाम किम शासन का अंत होगा। बीबीसी के अनुसार अमेरिकी प्रशासन की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी-दक्षिण कोरियाई परमाणु सलाहकार समूह के एक संयुक्त बयान में यह भी पुष्टि की गई कि दक्षिण कोरिया पर प्योंगयांग के किसी भी परमाणु हमले का तीव्र, जबरदस्त और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल में इसी तरह की, कड़े शब्दों में चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि उत्तर कोरिया के किसी भी परमाणु हमले से उसका अंत हो जाएगा। पांच महीने पहले, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका या उसके सहयोगियों के खिलाफ उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी परमाणु हमले का मतलब किम शासन का अंत होगा। उत्तर कोरिया ने पिछले साल खुद को अपरिवर्तनीय परमाणु शक्ति घोषित किया था और उसने बार-बार कहा है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं छोड़ेगा, जिसे शासन अपने अस्तित्व के लिए आवश्यक मानता है।

## रूसी हमले को लेकर बाइडेन की टिप्पणी 'बकवास': पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि नाटो देशों पर मॉस्को की संभावित हमले के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की टिप्पणी बकवास है और यह बात वह (श्री बाइडेन) स्वयं भी समझते हैं। श्री पुतिन ने रोसिया 1 रिपोर्टर पावेल जरुबिन से कहा, यह बकवास है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति बाइडेन को भी इसका एहसास है। यह रूस पर उनकी गलत नीति को सही ठहराने उनका अपना तरीका है। रूस नाटो देशों के साथ संबंध विकसित करने में रुचि रखता है और इन संबंधों को खराब नहीं करना चाहता है।

## गडकरी आईआईएसएसएम के 33वें वैश्विक कॉन्क्लेव का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 18 दिसंबर को फरीदाबाद में तीन दिवसीय सुरक्षा और बचाव अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। राजधानी में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष आर के सिन्हा ने इस सप्ताह संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री गडकरी इसके मुख्य अतिथि होंगे। आईआईएसएसएम का 33वें वार्षिक वैश्विक कॉन्क्लेव 18 से 20 दिसंबर 2023 तक होगा। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम आपदा जलवायु परिवर्तन, सुरक्षाव्यवसाय नेतृत्व, नवाचार और भवन लचीलापन निर्माण है। इस मौके पर केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के



■ 20 दिसम्बर तक तक चलेगा कॉन्क्लेव


सिंह और केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, जी20 के शेरपा अमिताभ कांत, पूर्व केंद्रीय मंत्री के. जे. अल्फोंस, एनडीएमए के सदस्य डॉ. कृष्णा वत्स और केंद्र सरकार के विशेष सचिव प्रताप हेबलीकर शामिल होंगे।

## लाल सागर में युद्धपोत भेज सकता है जर्मनी

**बर्लिन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। जर्मनी हाउती हमलों से व्यापारिक जहाजों को बचाने के लिए लाल सागर में हेसन फ्रिगेट भेजने पर विचार कर रहा है।

जर्मन अखबार बिल्ड ने की रिपोर्ट के मुताबिक युद्धपोत साल की शुरुआत में लाल सागर की ओर रवाना हो सकता है। वहीं फ्रांसीसी शिपिंग और लॉजिस्टिक्स कंपनी सीएमए सीजीएम ने लाल सागर में कंटेनर परिवहन पर रोक लगाने का फैसला किया है। इससे पहले शनिवार को बुंडेस्टाग रक्षा समिति के प्रमुख, मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-ज़िम्मरमैन ने कथित तौर पर सुझाव दिया था कि जर्मन की नौसेना जर्मन कंपनी के एक जहाज पर हाल ही में हुए हमले की पृष्ठभूमि के हाउती के खिलाफ लाल सागर में समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा में सहभगिता करें। जर्मन अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग कंपनी हापाग-लॉयड से संबंधित लाइबेरिया के झंडे वाला मालवाहक जहाज अल जसराह, लाल सागर में विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन द्वारा नियंत्रित यमन के हिस्से से लॉन्च किए गए एक प्रोजेक्टाइल से टकरा गया था।

## वर्ग पहेली 6409



**बायें से दायें:-**

१. जीवन का अवलंब या सहारा
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर, दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटंब
९. माथा, मस्तक
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन, (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप में होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. तरू

### वर्ग पहेली-6408

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ■ | ■ | ३ भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ५ आ | कां | क्षा | ■ | ते | ■ |
| ६ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | ■ | ल | ■ | ९ द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | १० आ | स | ११ वा | नी | ■ | ■ | १२ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १३ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | ■ | धि | ■ | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| र | ■ | ह | ■ | १८ स | र | १९ स | ■ | णा | ■ |
| २० कु | मु | द | ■ | व | ■ | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| रू | ■ | २३ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1271- मंगोल शासक कुबलई खान ने अपने साम्राज्य का नाम युआन रखा और यहीं से मंगोलिया और चीन में युआन वंश की शुरुआत हुई।
1398- तैमूर ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया ।
1777- अमेरिका में पहली बार नेशनल थैंक्स गिविंग डे मनाया गया ।
1787- अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना।
1799- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को माउंट वर्नान में दफनाया गया।
1833- रूस का राष्ट्रीय गान %गॉड सेव द जार% पहली बार गाया गया।
1839- अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने पहली बार किसी आकाशीय पिंड (चंद्रमा) की तस्वीर उतारी।
1849- विलियम बांड ने टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफ ली थी।
1878- अल-थानी परिवार कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना।
1902- इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1938- जर्मनी के वैज्ञानिक और रसायनशास्त्री ऑटोहैन द्वारा नाभकीय उर्जा के विश्लेषण से परमाणु युग का आरंभ हुआ।
1941- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी सेना हांगकांग पहुंची और आम नागरियों का कत्ल करना शुरू कर दिया था।
1955- उद्योगपति विजय माल्या का जन्म हुआ।
1960- राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ।
1969- इंगलैंड में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त कर दी गई।
1973- इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना हुई थी।
2005- कनाडा में गृह युद्ध की शुरुआत हुई थी।
2008- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ।
2014- सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 का सफल प्रक्षेपण हुआ।
2015- ब्रिटेन के कोयला खादान के लिंगले केलियरी को बंद किया गया ।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**नक्सल समस्या पूरी तरह...**

दौरे को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, राज्य में सरकार गठन के बाद केंद्र नेताओं से मिलना नहीं हुआ है इसे लेकर मिलने जा रहे हैं। आगे के विषय को लेकर चर्चा होगी, बहुत जल्दी मंत्रिमंडल का गठन होगा। मंत्री परिषद में कौन शामिल होगा यह मुख्यमंत्री का विशेष अधिकार होता है। सामूहिक नेतृत्व में पार्टी चलती है, मुख्यमंत्री चर्चा करके बहुत जल्दी अपने मंत्री परिषद का गठन करेंगे। डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर डिप्टी सीएम साव ने कहा कि डॉ रमन सिंह का लंबा संसदीय अनुभव है। ऐसे अनुभवी और दिग्गज राजनेता विधानसभा के अध्यक्ष बनने वाले हैं। संसदीय गरिमा के अनुरूप एक नया इतिहास छत्तीसगढ़ राज्य को मिलेगा।

**विधायकों के समर्थक...**

आनिवार्य होगा। विधान सभा परिसर एवं सभी दीर्घाओं में सुरक्षा कर्मियों द्वारा कड़ी नजर रखी जायेगी। केवल विधायकों को ही वीआईपी गेट तक जाने की अनुमति होगी । विधायकों के साथ आये कार्यकर्ता एवं उनके परिजनों के लिए विधान सभा परिसर स्थित प्रेक्षागृह में बड़ी स्क्रीन लगाकर सदन की सीधी कार्यवाही देखने की व्यवस्था की गयी हैं । उनका प्रवेश गेट क्रमांक-1 से होगा।

सचिवालय द्वारा प्रथम सत्र की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है ।नवनिर्वाचित सदस्यों के स्वागत में विधान सभा परिसर को फूल मालाओं एवं रंगोली से सजाया जा रहा है । बरौंडा चौक का नये तरीके से सौन्दर्यीकरण और विधान सभा परिसर को लोककला एवं लोक संस्कृति युक्त पेंटिंग से शानदार तरीके से सजाया जा रहा है । सभी नव विधायकों का मुख्य गेट पर पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया जायेगा । इस अवसर पर विधानसभा परिसर में छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं लोक संस्कृति पर केन्द्रित लोक नृत्यों की छटा भी देखने को मिलेगी ।

**राज्यपाल ने रामविचार नेताम को...**

अजय चंद्राकर, दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, नवनिर्वाचित विधायक, जनप्रतिनिधिगण एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वय श्रीमती रेणु जी पिल्ले, सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने किया।

**रमन सिंह ने स्पीकर पद के लिए ...**

और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत पूरे प्रतिपक्ष को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने आम सहमति से चयन में भाग लिया.

डॉ. रमन ने कहा कि अब नए दायित्व में सबके हितों की रक्षा करना है. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा नक्सली हमले पर बीजेपी को घेरने को लेकर रमन सिंह ने कहा कि हम विधानसभा में खड़े हैं. चर्चा के लिए पर्याप्त समय रहेगा.

बता दें कि आज पूर्व सीएम भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष के लिए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा. दोनों ने विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा को प्रस्ताव सौंपा. सीएम ने इस पर कहा कि डॉ. रमन निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाएंगे.

**नक्सली मुठभेड़ में...**

उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकले थे । ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। जिसमें 165 वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गये । घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया गया। इसके साथ ही आस पास के इलाके को सर्च करने पर 4 संदिग्धों को पुलिस कब्जे में लिया गया है तथा सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल के द्वारा आस पास के इलाके की सघन सर्चिंग की गई। वहीं शहीद जवान को सुकमा जिला मुख्यालय में श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, झापरा सरपंच जोगा बारसे, नपा पार्षद दीपक नेताम, आईजी पी सुंदर राज, कलेक्टर हरिस एस, डीआईजी अरविंद राय, एसपी किरण चव्हाण व अन्य मौजूद रहे।

**इंडिया गठबंधन के दलों के ...**

बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और द्रमुक नेता एमके स्टॅलिन भी शामिल होंगे। बैठक का एजेंडा तैयार बताया जा रहा है लेकिन आधिकारिक तौर पर अब तक एजेंडा जारी नहीं किया गया है। सूत्रों की माने यो आम चुनाव के लिए घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर इस बैठक में विचार विमर्श हो सकता है। विपक्षी दलों ने 2024 के चुनाव में मिलकर चुनाव लड़ने के लिए यह गठबंधन बनाया है जिसकी अब तीन बैठके हो चुकी है। ये बैठकें पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हुई हैं। लंबे समय से गठबंधन की बैठक नहीं होने पर कई नेताओं ने नाराजगी भी व्यक्त की थी।

## दुनिया को जानें

### प्रवासन यूरोप के देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा : सुनक

**लंदन,** 17 दिसम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि दुश्मन समाज को अस्थिर करने के लिए जानबूझकर लोगों को अपने तटों पर लाने के लिए प्रवासन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। द इवनिंग स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, अवैध आप्रवासन पर अपने सबसे मजबूत हमलों में से एक में, सुनक ने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रवासियों की बढ़ती संख्या यूरोपीय देशों पर भारी पड़ सकती है। सुनक ने इटली में इतालवी रूढ़िवादियों और दक्षिणपंथियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपराधिक गिरोह हमारी मानवता का शोषण करने के सबसे घृणित तरीके ढूंढते हैं और उन्हें नावों पर बिठाकर लोगों की जान जोखिम में डालने में कोई समस्या नहीं होती है। अगर हम इस समस्या से नहीं निपटते हैं, तो संख्या केवल बढ़ेगी। यह हमारे देशों और उन लोगों की मदद करने की हमारी क्षमता को प्रभावित करेगी जिन्हें वास्तव में हमारी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अवैध प्रवासन से निपटने के लिए वैश्विक शरणार्थी नियमों में बदलाव की आवश्यकता हो सकती है।

# खेल जगत

## रामकुमार पाकिस्तान में भारत की डेविस कप टीम का करेंगे नेतृत्व

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने छह सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें रामकुमार डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। मैच 3-4 फरवरी को इस्लामाबाद में पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ग्रास कोर्ट पर खेले जाएंगे। शनिवार को घोषित 6 सदस्यीय टीम में युकी भांबरी, रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, साकेत मिनेनी, निकी कालियांदा पूनाचा, दिग्विजय प्रताप सिंह शामिल हैं। इस्लामाबाद मुकाबले में टीम अनुभवी रोहन बोपन्ना के बिना होगी। 43 वर्षीय बोपन्ना ने अपने करियर का आखिरी डेविस कप सितंबर में मोरक्को के खिलाफ खेला था, जिसे भारत ने 4-1 से जीता था। एटीपी रैंकिंग में भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद को टीम में शामिल नहीं किया गया है।



# अर्शदीप, आवेश की घातक गेंदबाजी, दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**जोहान्सबर्ग,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को खेले गए वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने एकतरफा जीत दर्ज की। 116 रनों पर मेजबान टीम को ढेर करने के बाद भारत ने दो विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर 16.4 ओवर में इस लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। भारत ने 200 गेंद शेष रहते आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने 117 रनों का मामूली लक्ष्य रखा था। भारत के लिए साई सुर्दशन और श्रेयस अय्यर ने अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को एक आसान जीत दिलाई। ऋतुराज गायकवाड़ (5 रन) के रुप में शुरुआती झटके से उबरते हुए श्रेयस अय्यर और साई के बीच अहम साझेदारी हुई। अय्यर (52 रन) और साई (नाबाद 55 रन) ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। श्रेयस अय्यर 52 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें एंडिले फेलुक्वायो ने पवेलियन भेजा। फिर, तिलक वर्मा और साई ने विनिंग रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया था। कारण यह बताया गया कि यहां पर स्पिनरों को काफ़ी मदद मिल सकती है। हालांकि हुआ इसका उल्टा और भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों ने साउथ अफ्रीका बल्लेबाज़ों को काफ़ी परेशान किया। अर्शदीप और आवेश की धारदार गेंदबाज़ी के कारण मेज़बान टीम एक साधारण से स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद का सुदर्शन और श्रेयस की बेहतरीन पारियों ने दक्षिण अफ़्रीकी गेंदबाज़ों को वापसी करने का कोई मौक़ा नहीं दिया।



इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अफ्रीकी टीम को 27.3 ओवर में मात्र 116 रन पर ऑलआउट कर दिया था। भारत के लिए अर्शदीप ने 10 ओवर में महज 37 रन देकर सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं दूसरे छोर पर आवेश खान ने 8 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लिए और कुलदीप यादव के खाते में एक विकेट आया।

दक्षिण अफ्रीका का हाल कुछ ऐसा रहा कि दिग्गजों से सजी टीम के तीन बल्लेबाज जोहान्सबर्ग में खाता भी नहीं खोल सकी। एंडिले फेलुक्वायो ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 28, एडन मार्करम ने 12 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। हेनरिक क्लासन 6, डेविड मिलर 2, केशव महाराज 4 और नांद्रे बर्गर 7 रन ही बना सके।

## ईशान किशन ने दक्षिण अफीका टेस्ट सीरीज से नाम लिया वापस

**मुंबई।** विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने अनुरोध किया है। बीसीसीआई ने किशन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। यह खबर बीसीसीआई की चिकित्सक दल द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद मोहम्मद शमी को टेस्ट सीरीज से बाहर किए जाने के बाद आई है। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने किशन के स्थान पर केएस भरत का चयन किया है। भारत इस समय दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है और वह 26 दिसंबर से दो मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगा। पहला टेस्ट सेंचुरियन में होगा वहीं दूसरा टेस्ट केपटाउन में तीन से सात जनवरी 2024 के बीच खेला जाएगा। ईशान किशन के नाम वापस लेने के बाद टेस्ट के लिए भारत की टीम इस प्रकार है.- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा और केएस भरत (विकेटकीपर)

# साल्ट के नाबाद शतक और हैरी की शानदार पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया



**सेंट जॉर्ज** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज को ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में सात विकेट से हरा दिया है।

हालांकि वेस्टइंडीज पांच टी-20 मैचों की इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है।

इंग्लैंड ने 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज सॉल्ट के 56 गेंदों में नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक ने आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में तीन छक्के, एक चौका और एक दो लगाए और केवल सात गेंदों में नाबाद 31 रन ठोकर डाले उन्होंने सलामी बल्लेबाज साल्ट के साथ 12 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी कर एक गेंद शेष रहते ही टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड की सॉल्ट और बटल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन बनाये। जोस बटलर 34 गेंदों में 51 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने 18 गेंदों में 30 रन बनाये।

इससे पहले निकोलस पूरन की केवल 45 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी खेलते हुए वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। रोवमैन पॉवेल ने 39रन, शेरफेन रदरफोर्ड ने 29 रन और शाई होप के 26 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर ने केवल पांच गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर वेस्टइंडीज के स्केर को छह विकेट पर 222 रन पर पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की ओर से आदिल राशिद को दो विकेट मिले और आदिल राशिद तथा गुडाकेश मोती को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# लियोन का 500वां विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा



**पर्थ,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहले टेस्ट में पाकिस्तान को चौथे दिन रविवार को 360 रनों से रौंद दिया, जिससे मेजबान टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिल गई। टेस्ट मैच के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 233/5 पर पारी घोषित कर पाकिस्तान को 450 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया। मिशेल मार्श तेज अर्धशतक के बाद नाबाद रहे, जबकि उस्मान ख्वाजा के 90 रन पर आउट होने से ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त होने का संकेत मिला। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 30.2 ओवर में सिर्फ 89 रन पर आउट हो गई। सुबह, स्टीवन स्मिथ (45) ने अपने रात के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़े, इससे पहले कि वह खुर्रम शहजाद द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जिन्होंने पाकिस्तान के पहले चार में से तीन विकेट लिए थे। ट्रैविस हेड ने आमेर जमाल की गेंद पर कवर में कैच दे दिया। इसके बाद मार्श और ख्वाजा ने तेजी ला दी, जिससे घोषणा करने से पहले तेजी से रन बनाने के उनके इरादे स्पष्ट हो गए। ख्वाजा (90) ने शाहीन शाह आफरीदी की गेंद पर डीप में बाबर आजम को कैच दे दिया। जैसे ही वह गिरे और छठे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी समाप्त हुई, कप्तान पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 63.2 ओवर में 233/5 पर पारी घोषित कर दी, यानी मार्श 68 गेंदों में नाबाद 63 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान की दूसरी पारी में शुरुआती सफलता हासिल की, जब मिशेल स्टार्क ने अपने पहले ओवर में अब्दुल्ला शफीक (2) को आउट किया। जोश हेज़लवुड ने जल्द ही कप्तान शान मसूद (2) को आउट करके अपना खाता खोला, इससे पहले कि इमाम-उल-हक 10 के स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका तब लगा जब उसने चाय से ठीक पहले बाबर आजम को पैट कमिंस के हाथों खो दिया, मेजबान टीम को मैच जीतने के लिए केवल छह विकेट की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर मेहमान टीम पर अपना दबाव बनाए रखा और लियोन ने रिव्यू पर एलबीडब्ल्यू के जरिए फहीम अशरफ के रूप में अपना 500वां टेस्ट विकेट हासिल किया। अनुभवी ऑफ स्पिनर शेन वार्न और ग्लेन मैकग्रा के बाद इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, जिससे टीम और स्टेडियम में दर्शकों में खुशी का माहौल है। लियोन द्वारा जमाल के रूप में अपना 501वां विकेट लेने के बाद, जोश हेज़लवुड ने एक ही ओवर में आखिरी दो बल्लेबाजों को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी। होमबॉय मार्श को पहली पारी में बाबर आजम का महत्वपूर्ण विकेट लेने के अलावा, मैच में 90 और 63* रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत का मतलब है कि पाकिस्तान ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 तालिका में अपना सही रिकॉर्ड खो दिया है और दूसरे नंबर पर खिसक गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 41.67 पीसीटी के साथ चौथे नंबर पर है। दोनों पक्षों के बीच दूसरा टेस्ट 26 दिसंबर यानी बॉक्सिंग डे पर एमसीजी में शुरू होगा।

# वॉर्नर की शतकीय पारी के बावजूद अपनी बातों पर कायम जॉनसन

**पर्थ,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट की पहली पारी में सलामी बल्लेबाज के 164 रन बनाने के बावजूद वह अभी भी डेविड वार्नर पर अपने विचारों पर कायम हैं। मिचेल जॉनसन तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने कहा कि वार्नर पिछले तीन वर्षों में अपने खराब फॉर्म के कारण विदाई टेस्ट श्रृंखला के हकदार नहीं थे। साथ ही वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 केप टाउन सैंड पेपर गेट घोटाले में शामिल होने के कारण 12 महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

पर्थ में अपना शतक पूरा करने पर वार्नर ने पर्थ स्टेडियम मीडिया सेंटर की ओर %शांत% रहने का इशारा किया, जहां जॉनसन अपने रेडियो कमेंट्री कर्तव्यों के लिए बैठे थे। दिन का खेल खत्म होने के बाद वॉर्नर ने पत्रकारों से कहा था कि उनका जश्न आलोचकों के लिए था।

जॉनशन ने कहा, मुझे लगता है कि कुछ हफ़्ते पहले इस कॉलम में मेरी राय अभी भी मान्य है। पिछली गर्मियों में दोहरे शतक के अलावा उन्होंने लगभग तीन वर्षों में कोई रन नहीं बनाया था। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट समर के पहले दिन डेविड वार्नर का शतक कुछ मायनों में कोई बड़ा आश्चर्य नहीं था। वार्नर और उनके फॉर्म पर मीडिया में बड़ी सुर्खियां थीं और ऐसा लगता है कि जब उनका समर्थन किया जाता है तो वह सबसे अधिक प्रेरित होते हैं और वह आम तौर पर घरेलू धरती के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन वार्नर ने शुरुआत में ही अपनी किस्मत आजमाई और यह किसी भी तरफ जा सकता था। उनके लिए वो दिन अच्छा था और उन्होंने 164 रन बनाए।



जॉनसन ने द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन के लिए अपने कॉलम में लिखा, शनिवार को दूसरी पारी में शून्य पर आउट होने से पहले उसने वही किया जो उसे पहली पारी में करने के लिए भुगतान किया गया था। वॉर्नर ने भले ही इस बात से इनकार किया हो कि उन्हें अपने फॉर्म की आलोचना की परवाह है, लेकिन यह निश्चित रूप से उन्हें प्रेरित करता है जैसा कि पहली पारी में उनके प्रदर्शन से पता चलता है।

जॉनसन ने आगे कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने इस घरेलू समर में टेस्ट टीम में नए खिलाड़ियों को लाने का सुनहरा मौका गंवा दिया। एक और बात यह कही गई कि इस तरह की नरम गर्मी, जब ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान और वेस्टइंडीज को आसानी से हराने की उम्मीद थी, एक उम्रदराज टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल करने का सही समय था।

## सार संक्षेप

### हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष और महिला टीम बेल्जियम से हारी

**वालेंसिया।** भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा है। महिला टीम को शनिवार को बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर एकमात्र गोल वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने 56वें मिनट में किया। वहीं बेल्जियम ने एम्ब्रे बैलेन्घिएन ने 22वें और लुईस वर्साविल ने 37वें मिनट के गोल दाग कर मुकाबला जीत लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा। वहीं पुरुष टीम को भी अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक और जुगराज सिंह गोल किये। पहले क्वार्टर में बेल्जियम के सेड्रिक चार्लियर ने पहले मिनट, एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 10 वें मिनट और थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 13 मिनट में गोल किये। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 16वें मिनट में टॉम बून ने 26 वें मिनट में तथा चौथे क्वार्टर में टॉम बून ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया। इसके बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 2-7 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19 दिसंबर को जर्मनी से मुकाबला करेगी।

### विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा पाकिस्तान

पर्थ। पाकिस्तान मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा। माना जा रहा है कि यह अंतिम समय में की गई व्यवस्था है। दो दिवसीय मैच सेंट किल्डा के जंक्शन ओवल में खेला जाएगा और इसे प्रथम श्रेणी का दर्जा नहीं मिलेगा। पाकिस्तान की टीम 19 दिसंबर को मेलबर्न में उतरेगी और 20 दिसंबर को आराम का दिन होगा। पाकिस्तानी टीम गुरुवार को प्रशंसकों के लिए अपना प्रशिक्षण सत्र खोलेगी, जिससे उन्हें अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को एक्शन में देखने का मौका मिलेगा।

# विलियमसन की एक वर्ष बाद हुई टी-20 टीम में वापसी



**वेलिंग्टन** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को एकदिवसीय और टेस्ट के बाद अब बंगलादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस श्रृंखला के साथ ही उनकी एक वर्ष के बाद टी-20 टीम में वापसी हो रही है। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे को टी-20 से आराम दिया गया है, जबकि माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फ़र्ग्यूसन, मैट हेनरी और हेनरी शिपली अलग-अलग चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर नहीं करने वाले ट्रेंट बोल्ट ने अपने आपको चयन के लिए अनुपलब्ध बताया। टीम में ऑलराउंडर जेम्स नीशम की भी वापसी हुई है तथा तेज गेंदबाज बेन सियर्स को भी टीम में शामिल किया गया है। विलियमसन ने अपना पिछला टी-20 पिछले वर्ष नवंबर में भारत के खिलाफ खेला था। उन्हें इस साल के आईपीएल के पहले मैच के दौरान पैरों में चोट लगी थी और उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद उन्होंने अक्तूबर-नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा, जिस तरह से हमने एकदिवसीय विश्वकप के लिए अलग से तैयारी की थी और रचिन रवींद्र और मार्क चैपमैन जैसे खिलाड़ी उभरे थे, उसी तरह हम टी-20 विश्वकप की भी तैयारी कर रहे हैं। टिम साइफ़र्ट हमारे लिए एक ऐसे ही नाम हैं, जो टी20 विश्वकप के दौरान ऊपरी क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभी टी-20 विश्वकप में समय है और हमें उम्मीद है कि विशेष भूमिकाओं के लिए हमें कुछ और नए खिलाड़ी मिलेंगे। हम टूर्नामेंट की परिस्थितियों के अनुसार अपनी योजनाएं बना रहे हैं। न्यूजीलैंड की टीम क्रिसमस के बाद 26 दिसंबर को नेपियर में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेलेगी।

# मुझे नहीं लगता कि हार्दिक एक कप्तान के रूप में बेस्ट ऑप्शन है : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी भी क्रिकेट सर्किट में एक कप्तान के रूप में तैयार नहीं हैं और उन्हें लगता है कि मुंबई इंडियंस को उन्हें एक अच्छा कप्तान बनाने के लिए बहुत सारे इनपुट प्रदान करने होंगे।

14 दिसंबर को मुंबई इंडियंस ने घोषणा की कि हार्दिक आईपीएल 2024 सीज़न से पहले टीम के नए कप्तान होंगे। इसका मतलब टीम के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के शानदार दस साल के शासनकाल का अंत भी था, जिन्होंने 2013 के आईपीएल सीज़न के बीच से यह भूमिका निभाई थी। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

2023 में हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स से हारकर उपविजेता रहे। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

जियोसिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो %आकाशवाणी% पर आकाश चोपड़ा ने कहा, ऋयह मेरी समझ है और कोई अंदरूनी खबर नहीं है। जब हार्दिक पांड्या ने गुजरात से जाने का फैसला किया, तो कप्तानी सौदे का एक हिस्सा रही होगी। इस फैसले के बारे में रोहित शर्मा को भी जरूर बताया गया होगा।




रोहित को मुंबई इंडियंस की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई होगी। मुझे लगता है कि हार्दिक को गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाने में आशीष नेहरा की जबरदस्त भूमिका थी। उन्हें हार्दिक को मैदान पर दोहराने के लिए एक अलग स्तर पर इनपुट प्रदान करना होगा, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हार्दिक, एक कप्तान के रूप में अभी तक एक तैयार उत्पाद हैं।

रोहित ने मुंबई को पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 दिलाए और कुल मिलाकर रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की। जिसमें से 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए। इस दौरान उनका जीत का प्रतिशत 55.06 रहा। चोपड़ा को लगता है कि यह एक युग का अंत है क्योंकि मुंबई भविष्य की ओर देख रहा है।

चोपड़ा ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन यह तय करना और भी महत्वपूर्ण है कि किसी को कब जाने दिया जाए। सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा चल रही है कि हार्दिक को कार्यभार संभालने के लिए कहने से पहले रोहित को उनकी शर्तों पर जाने दिया जाना चाहिए था या एक मैच में एमआई का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। मैं व्यक्तिगत रूप से इसकी सदस्यता नहीं लेता। टीम से बड़ा कोई नहीं है।

## सुडोकू 6409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

देशबन्धु

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 5.58 प्रतिशत |
| टीसीएस | 5.28 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 5.20 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.99 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 3.33 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.75 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.30 प्रतिशत |
| मारुति | 0.65 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.40 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.18 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली, 17 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# सरकार ने अगले 25 वर्षों के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं : मोदी

**सूरत,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने अगले 25 वर्षों के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे हासिल करने की दिशा में वह काम कर रही है।

मोदी ने गुजरात के सूरत दौरे के दौरान कहा, चाहे लक्ष्य पाँच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का हो या 10 ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था का, सरकार ने अगले 25 वर्षों के लिए लक्ष्य तय किया है। हम इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत के निर्यात उद्योग को बढ़ावा देने और देश को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सूरत डायमंड एक्सचेंज की स्थापना पर मोदी ने कहा कि यह मोदी की गारंटी का फल है।



उन्होंने कहा, आज सूरत दुनिया के शीर्ष 10 विकासशील शहरों में से एक है। सूरत का स्ट्रीट फूड, कौशल विकास का काम, सब कुछ अद्भुत है। सूरत को कभी सन सिटी के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज यहां के लोगों ने अपनी कड़ी मेहनत से इसे डायमंड सिटी बना दिया है।

उन्होंने दो परियोजनाओं - सूरत डायमंड बोर्स (एसबीडी) और सूरत हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन भी किया।

एसडीबी को दुनिया का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट कार्यस्थल माना जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय हीरे और आभूषण व्यवसाय के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

सूरत शहर के पास खजोद गांव में स्थित एसडीबी 67 लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्रफल वाला एक वास्तुशिल्प चमत्कार है। इसे कच्चे और पॉलिश किए गए हीरे और उत्तम आभूषणों के वैश्विक व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सुविधा में आयात और निर्यात के लिए एक सीमा शुल्क निकासी गृह, खुदरा व्यवसायों के लिए एक आभूषण मॉल, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएं और सुरक्षित वॉल्ट शामिल हैं।

पूर्व में मुंबई स्थित हीरा व्यापारियों सहित कई हीरा व्यापारियों ने पहले ही एसडीबी परिसर के भीतर अपने अपने ऑफिस बुक करा लिए है, जिन्हें एक सफल नीलामी के बाद प्रबंधन द्वारा आवंटित किया गया था।

एसडीबी का निर्माण 35.54 एकड़ भूमि पर 3400 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है जो इसे कच्चे और पॉलिश किए गए हीरे के व्यापार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय हीरा बाजार में भारत की भूमिका और मजबूत हो गई है।

सूरत हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण 353 करोड़ रुपये में किया गया है। यह आधुनिक सुविधा पीक आवर्स के दौरान प्रति घंटे 1,200 घरेलू और 600 अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान कर सकता है, जिसमें तीन हजार यात्रियों को समायोजित करने की क्षमता का विस्तार करने की संभावना है।

यहाँ से मोदी अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर जाने वाले हैं।

## जेफ बेजोस ने 10 हजार साल तक चलने वाली घड़ी बनाने के लिए 350 करोड़ का निवेश किया : रिपोर्ट

न्यूयॉर्क, 17 दिसंबर (एजेंसियां)। अरबपति जेफ बेजोस ने एक ऐसी घड़ी बनाने के लिए 350 करोड़ रुपये (42 मिलियन डॉलर) का निवेश किया है, जो 10 हजार साल तक चलेगी और साल में सिर्फ एक बार ही इसकी सुई अपनी जगह से हिलेगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कंप्यूटर वैज्ञानिक और आविष्कारक डैनी हिलिस द्वारा डिजाइन की गई 500 फीट ऊंची घड़ी, टेक्सास में एक पहाड़ के अंदर स्थित है।

एक सौर सिंक्रोनाइजर, एक पेंडुलम, एक चाइम जनरेटर और गियर तथा डायल्स की एक श्रृंखला के साथ 10 हजार साल पुरानी घड़ी, खुद को बिजली देने के लिए पृथ्वी के थर्मल चक्र का उपयोग करती है। घड़ी को न्यूनतम रखरखाव की जरूरत के लिए इंजीनियर्ड किया गया है, और यह सूर्य के प्रकाश के साथ-साथ इसे देखने आने वाले लोगों से प्राप्त यांत्रिक ऊर्जा द्वारा संचालित है। यह पूरी तरह से यांत्रिक है जो लंबे समय तक चलने वाली सामग्रियों से बना है, जिसमें टाइटेनियम, सिरेमिक, क्वार्ट्ज, नीलमणि और 316 स्टेनलेस स्टील शामिल हैं।

यह पूरी तरह से यांत्रिक है, जो लंबे समय तक चलने वाली सामग्रियों से बना है, जिसमें टाइटेनियम, सिरेमिक, क्वार्ट्ज, नीलमणि और 316 स्टेनलेस स्टील शामिल हैं। यह खगोलीय और कैलेंड्रिक डिस्प्ले और एक



चाइम जनरेटर के साथ समय को चिह्नित करेगा जो अगले 10 हजार वर्षों तक घड़ी पर जाने वाले प्रत्येक दिन के लिए 35 लाख से अधिक अद्वितीय घंटी चाइम अनुक्रम उत्पन्न कर सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, घड़ी में पांच रूम-साइज के वर्षगांठ चैम्बर्स भी हैं, जिनमें से प्रत्येक पहली, 10वीं, 100वीं, 1,000वीं और 10,000वीं वर्षगांठ के लिए एक है। ये चैम्बर्स समय से संबंधित कलाकृतियों और मानवता के भविष्य के बारे में संदेशों के लिए सीलबंद स्थान हैं। पहले कक्ष (चैम्बर्स) में सौर मंडल का एक मॉडल होगा और अन्य को भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ दिया जाएगा। घड़ी पर काम जारी है, और पूरा होने की कोई तारीख निर्धारित नहीं की गई है। यह वर्तमान में लॉन्ग नाउ फाउंडेशन द्वारा बनाया जा रहा है और इसे द क्लॉक ऑफ़ द लॉन्ग नाउ कहा जाता है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने शोधकर्ताओं के लिए मजबूत एआई स्मॉल लैंग्वेज मॉडल लॉन्च किया

**नई दिल्ली,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने अपना नवीनतम कॉम्पैक्ट स्मॉल लैंग्वेज मॉडल फी-2 जारी किया है, जो 13 अरब से कम पैरामीटर्स वाले कुछ बड़े ओपन-सोर्स लामा 2 मॉडल के बराबर या उससे बेहतर प्रदर्शन करता है। पिछले कुछ महीनों में, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च की मशीन लर्निंग फाउंडेशन टीम ने फी नामक स्मॉल लैंग्वेज मॉडल (एसएलएम) का एक सूट जारी किया है जो विभिन्न बेंचमार्क पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करता है। इससे पहले 1.3 अरब पैरामीटर वाले फी-1 मॉडल ने मौजूदा एसएलएम (विशेष रूप से ह्यूमनएवल और एमबीपीपी बेंचमार्क पर) के बीच पायथन कोडिंग पर अत्याधुनिक दक्षता दिखाई थी। कंपनी ने कहा, अब हम 2.7 अरब पैरामीटर वाले भाषा मॉडल क्कद्बद्ब-2 जारी कर रहे हैं, जो उत्कृष्ट तर्क और भाषा समझ क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। यह अपडेट 13 अरब से कम पैरामीटर वाले बेस भाषा मॉडल के बीच अत्याधुनिक प्रदर्शन करता है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, हमने लैंग्वेज मॉडल पर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए अजूअर एआई स्टूडियो मॉडल कैटलॉग में फी-2 उपलब्ध कराया है।

भाषा मॉडल के आकार में सैकड़ों अरबों पैरामीटर्स की भारी वृद्धि ने कई उभरती क्षमताओं को खोल दिया है जिन्होंने नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है।

## विश्व स्मार्ट पर्सनल ऑडियो बाजार में 3 प्रतिशत की गिरावट, एप्पल सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्व स्मार्ट व्यक्तिगत ऑडियो शिपमेंट 2023 की तीसरी तिमाही में 3 प्रतिशत (साल-दर-साल) गिरकर 110 मिलियन यूनिट हो गई, जिसमें विकसित क्षेत्रों को संघर्ष करना पड़ा, जबकि उभरते क्षेत्रों में जोरदार वृद्धि हुई। कैनालिस की रिपोर्ट के अनुसार, टीडब्ल्यूएस ने 73 प्रतिशत शिपमेंट बनाए। वह किफायती मास-मार्केट सेगमेंट में बना हुआ है। 23.4 मिलियन यूनिट और 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ, एप्पल वैश्विक बाजार में सबसे आगे है। उसके बाद सैमसंग और घरेलू कंपनी बोट का स्थान है। वायरलेस हेडफोन के शिपमेंट ने पहली बार वायरलेस इयरफोन को पीछे छोड़ दिया, मुख्य रूप से विक्रेताओं द्वारा वायरलेस



हेडफोन के माध्यम से मजबूत रेवेन्यू चाहने और टीडब्ल्यूएस द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे वायरलेस इयरफोन के कारण। तीसरी तिमाही में पहनने योग्य वैकल्पिक उपकरण जैसे एयर और बोन संचालन उपकरण 2 प्रतिशत से भी कम शिपमेंट में शामिल हुए। अनुसंधान विश्लेषक जैक लीथेम ने कहा, तीसरी तिमाही में गिरावट आंशिक रूप से विक्रेताओं के वार्षिक फ्लैगशिप रिलीज़ को छोड़ने के रणनीतिक फैसले के कारण हुई, जो प्रीमियम मॉडल को प्राथमिकता देने वाले विक्रेताओं के बाद नये ताजा को प्रभावी ढंग से बढ़ाते हैं। चीन में, सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्लेयर्स में से एक हुआवेई थी, जिसने क्रॉस-सेल इकोसिस्टम उपकरणों के लिए अपने मजबूत स्मार्टफोन डेवलपमेंट का लाभ उठाया। जैक लीथेम ने कहा, हमें उम्मीद है कि इन्वेंट्री को फिर से भरने और हॉलीडे की खरीददारी के सीजन के सौदों से चौथी तिमाही में वापसी होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार और एप्पल और सैमसंग के अपेक्षित फ्लैगशिप पोर्टफोलियो लॉन्च से 2024 में बाजार को और बढ़ावा मिलेगा। कैनालिस का अनुमान है कि 2024 में कुल शिपमेंट 2023 की तुलना में 3.3 प्रतिशत अधिक होगा।

## सार संक्षेप

### एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सूरत-दुबई सीधी उड़ान शुरू की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रविवार को सूरत हवाई अड्डे के नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल के उद्घाटन के तुरंत बाद, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सूरत और दुबई के बीच पहली एयरलाइन सेवा शुरू कर दी। सूरत से दुबई के लिए एयरलाइन की उद्घाटन उड़ान रविवार सुबह 11=40 बजे 171 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा, सूरत एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए बहुत महत्व रखता है। हम एक नए बेड़े के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि हम उस क्षण का हिस्सा हैं जब सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा विकसित हो रहा है और अपने नए टर्मिनल का अनावरण कर रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस सूरत की विकास गाथा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने इस ऐतिहासिक उड़ान से हीरों के शहर को सोने के शहर से जोड़ दिया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के फिलहाल शारजाह के लिए पांच साप्ताहिक उड़ान हैं। एयरलाइन ने सूरत-दुबई मार्ग पर चार साप्ताहिक परिचालन के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है।

### 2027 तक 17.8 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा देश का सार्वजनिक क्लाउड सेवा बाजार

**नई दिल्ली।** समग्र भारतीय सार्वजनिक क्लाउड सेवा बाजार की औसत वार्षिक वृद्धि दर 2022-27 के दौरान 22.9 प्रतिशत रहने और 2027 तक इसके 17.8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के अनुसार, 2023 की पहली छमाही में भारतीय सार्वजनिक क्लाउड सेवा (पीसीएस) बाजार का कुल राजस्व 3.8 अरब डॉलर था, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर-एज-ए-सर्विस (आईएएएस), प्लेटफॉर्म-एज-ए-सर्विस (पीएएएस) समाधान और सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (एसएएएस) शामिल हैं। आईडीसी इंडिया के एसोसिएट रिसर्च डायरेक्टर, क्लाउड और एआई, राजीव रंजन कहते हैं, भारत में सार्वजनिक क्लाउड सेवाएं केवल लागत बचत और लचीलेपन से परे विकसित हुई हैं। उद्यम अनुप्रयोगों के आधुनिकीकरण, क्लाउड-नेटिव समाधान विकसित करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की खोज में तेजी से निवेश कर रहे हैं। रंजन ने कहा, जबकि उद्यम जेनएआई, चैटबॉट्स और संवादात्मक एआई टूल में निवेश बढ़ा रहे हैं, जेनएआई टूल विशेष रूप से लागत अनुकूलन, एप्लिकेशन विकास और वर्कलोड परीक्षण उपयोग के मामलों के लिए उपयोग किए जाते हैं। एसएएएस 2023 की पहली छमाही में समग्र सार्वजनिक क्लाउड सेवा बाज़ार का सबसे बड़ा घटक बना रहा। इसके बाद आईएएएस और पीएएएस रहे। शीर्ष दो सार्वजनिक क्लाउड सेवा प्रदाताओं का बाज़ार में 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बना हुआ है। चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, प्रमुख क्लाउड सेवा प्रदाता भारत में महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं। यह कदम भारतीय बाजार की मजबूत क्षमता में उनके विश्वास का संकेत देता है।

# ब्याज दर में कटौती के संकेत का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मजबूत आर्थिक आंकड़ों और रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विकास अनुमान में सुधार करने से हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह नया इतिहास रच चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह फेड रिजर्व के नये साल में ब्याज दर में कटौती के स्पष्ट संकेत का असर जारी रहेगा।

अमेरिका में 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड के चार प्रतिशत से नीचे लुढ़कने से विकासशील बाजारों के लार्जकैप की ओर पूंजी प्रवाह बढ़ने की बदौलत बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1658.15 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर पहली बार 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 71483.75 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 487.25 अंक यानी 2.32 प्रतिशत उछलकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 21456.65 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जबरदस्त लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 907.44 अंक अर्थात 2.6 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 36198.35 अंक हो गया। साथ ही स्मॉलकैप 978.84 अंक यानी 2.4 प्रतिशत मजबूत होकर पहली बार 42 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 42083.21 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू और वैश्विक दोनों फ्रंट से सकारात्मक संकेतकों से उत्साहित होकर बीते सप्ताह बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मजबूत घरेलू



औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों के साथ-साथ देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पूर्वानुमान पर आरबीआई की सकारात्मक टिप्पणियों ने बाजार की तेजी में योगदान दिया।

अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और वर्ष 2024 में अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती के स्पष्ट संकेत ने बाजार की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। निवेशकों को विश्वास है कि मौद्रिक नीति के सरल होने से वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में अमेरिकी आर्थिक विकास पर से सुस्ती के बादल छंट जाएंगे।

साथ ही अमेरिका से मांग बढ़ने खासकर एआई-आधारित अवसरों में बढ़ोतरी होने और फेड द्वारा वर्ष 2024 में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद में बीते सप्ताह घरेलू बाजार में आईटी सेक्टर में 7.6त्न की बढ़ोतरी हुई।

निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, हमें उम्मीद है कि ऊंचे मूल्यांकन, अल नीनो को लेकर चिंता और विश्व जीडीपी में मंदी के कारण बाजार में निकट अवधि में मजबूती आएगी। बीते सप्ताह बाजार में एक दिन की गिरावट को छोड़कर शेष चार दिन तेजी रही। विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के नए वर्ष से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की संभावना में विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 102.93 अंक की तेजी के साथ 69928.53 अंक और निफ्टी 27.70 अंक बढ़कर 20997.10 अंक पर पहुंच गया।

अमेरिका में फेड रिजर्व की चल रही बैठक में नीतिगत दरों को यथावत रखने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत सत्रह समूहों में हुई मुनाफावसूली के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 377.50 अंक लुढ़ककर 69551.03 अंक और निफ्टी 90.70 अंक की गिरावट के साथ 20906.40 अंक पर आ गया। फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर आने वाले निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, ऑटो, रियल्टी और सर्विसेज समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 33.57 अंक बढ़कर 69584.60 अंक और निफ्टी 19.95 अंक उठकर 20926.35 अंक पर रहा।

## जनवरी में चार सार्वजनिक बैंकों, बीमा कंपनियों के साथ चर्चा करेगी संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति बैंकिंग कानूनों पर अगले महीने चार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ चर्चा करने वाली है। इन कानूनों में अन्य के अलावा विलय और अधिग्रहण से भी संबंधित धाराएँ भी हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक दस्तावेज का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पांच बीमा कंपनियों के साथ उनके कामकाज और देश के बीमा कानूनों पर अलग से चर्चा की जाएगी। यूको बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ 2 जनवरी को और बैंक ऑफ महाराष्ट्र तथा बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ 6 जनवरी को मुंबई और गोवा में अनौपचारिक चर्चा होगी। इस पहल ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संभावित विलय की चर्चा को हवा दी है। हालाँकि वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चर्चा अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है और विलय के मुद्दे से जुड़ा नहीं है। सरकार ने 2019 में 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को चार संस्थाओं में विलय करने की घोषणा की थी।

यह एक मजबूत राष्ट्रीय उपस्थिति और वैश्विक पहुंच के लिए अपने वित्त को मजबूत करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत करने की सरकार की नीति का हिस्सा था।

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण, भारतीय जीवन बीमा निगम, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस और न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के साथ दो जनवरी को बैठक प्रस्तावित है। इसके अलावा, बैठक में आरबीआई के कामकाज और नियामक निरीक्षण को नियंत्रित करने वाले कानून पर अनौपचारिक चर्चा

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव में नरमी रहने की वजह से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रुझान रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गई वहीं



अन्य जिंसों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा सप्ताहांत पर 38 रिंगिट बढ़कर 3668 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.67 सेंट की गिरावट के साथ 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 74 रुपये, सूरजमुखी तेल 73 रुपये और सोया रिफाइंड 146 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि मूंगफली तेल में 110 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12527 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11501 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9866 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों में गिरावट रही। चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये और मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, उड़द दाल पुराने स्तर पर पड़ी रही।

## जेनएआई में 2030 तक देश की जीडीपी में डेढ़ लाख करोड़ डॉलर जोड़ने की क्षमता : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 17 दिसंबर (एजेंसियां)। जेनेरिक एआई (जेनएआई) में अगले सात वर्षों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.2 से 1.5 लाख करोड़ डॉलर तक जोड़ने की क्षमता है। रविवार को एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। ईवाई इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2029-30 में भारत संभावित रूप से 359-438 अरब डॉलर जोड़ सकता है, जो बेसलाइन जीडीपी में 5.9-7.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

कुल प्रभाव का लगभग 69 प्रतिशत व्यावसायिक सेवाओं (आईटी, कानूनी, परामर्श, आउटसोर्सिंग, मशीनरी और उपकरण के किराये और अन्य सहित), वित्तीय सेवाओं, शिक्षा, खुदरा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों से प्राप्त होने की उम्मीद है। ईवाई इंडिया के टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग लीडर, महेश मखीजा ने कहा, हालांकि शुरुआती चरण में, एआई में आशावाद की जबरदस्त भावना है और इसकी पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए भारत को विकास और तैनाती में सरकारी भूमिका बढ़ाने के संदर्भ में अपने प्रयासों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, निरंतर नवाचार और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कंप्यूटिंग




पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना भारत के लिए इस उभरते परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए महत्वपूर्ण होगा। रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चला कि 60 प्रतिशत संगठन अपने व्यवसायों पर जेनएआई के महत्वपूर्ण प्रभाव को स्वीकार करते हैं।

हालाँकि, उनमें से 75 प्रतिशत जेनएआई के लाभों का उपयोग करने के लिए निम्न से मध्यम स्तर की तत्परता व्यक्त करते हैं। वर्तमान में संगठनों के सामने आने वाली दो प्राथमिक चुनौतियाँ कौशल-अंतर (52 प्रतिशत) और अस्पष्ट उपयोग के मामलों की उपलब्धता (47 प्रतिशत) हैं, जबकि केवल 36 प्रतिशत संगठन डेटा गोपनीयता को जेनएआई के जोखिम के रूप में देखते हैं।

इसके अलावा, जेन एआई रणनीति का विकास अब आवश्यक माना जाता है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 75 प्रतिशत संगठन जेनएआई से प्रभावित सबसे महत्वपूर्ण पहलू के रूप में ग्राहक जुड़ाव की पहचान करते हैं। आर्थिक विकास उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की जेनएआई की अपार क्षमता को ध्यान में रखते हुए, दुनिया भर की सरकारें एआई को बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए सक्रिय रूप से उपाय कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नियामक ढांचे पर स्पष्टता, नियामक सैंडबॉक्स स्थापित करना, जेनएआई सामग्री को वॉटरमार्क करना और एआई सिस्टम में विश्वास बनाने के लिए जवाबदेही और दायित्व के लिए मानक निर्धारित करना महत्वपूर्ण होगा। इसमें कहा गया है, यूएई और ईयू के समान, बुनियादी एल्गोरिदम और प्रशिक्षण डेटासेट के लिए ओपन-सोर्स इकोसिस्टम विकसित करने से भारतीय संस्थाओं और स्टार्ट-अप को अपने स्वयं के जेनएआई उत्पादों और फास्ट-ट्रैक स्वदेशी नवाचार को विकसित करने में मदद मिल सकती है।

# फणिकेश्वरनाथ मंदिर में उकेरे कला नक्काशी को देखकर लेखक हुए अभिभूत

**राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। पंचकोशीधाम फणिकेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचकर जिला रत्नांचल साहित्य परिषद गरियाबंद के लेखकों ने मंदिर में उकेरी गई मूर्तिकला एवं वास्तुकला को नजदीक से निहारा। सर्वप्रथम फणिकेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग का दर्शन किया। जलाभिषेक कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। लेखक संतोष कुमार सोनकर मंडल में मंदिर निर्माण की खूबियों पर फोकस करते हुए बताया कि महादेव का मंदिर पूर्वाभिमुख है। इसके दो अंग गर्भगृह एवं मंडप है। पूरा मंडप 16 स्तंभों पर टिका हुआ है। द्वारा के चौखट में नदी देवियां प्रदर्शित है। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों मंदिरों को जोड़ने वाले मंडप का निर्माण मुख्य मंदिर के बाद में हुआ है। मंदिर के जंघा भाग में दो पंक्तियों में रामकथा तथा कृष्णलीला से संबंधित दृश्य एवं मिथुनरत चित्र बनाया गया है। मंडप में रखें वैष्णवी, महिषासुर मर्दिनी एवं चतुर्भुजी गणेश प्रतिमाएं मौजूद है। खंडित प्रतिमा भी रखे गए हैं। यह स्मारक परवर्ती काल के मंदिर स्थापत्य कला का अच्छा उदाहरण है। मंदिर पंचकोसी परिक्रमा में सम्मिलित है। इस बात को प्रमाणित पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग भी करता है। श्री सोनकर ने आगे बताया कि एक समय शेषनाग धरती लोक का भ्रमण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कमलक्षेत्र के आराध्य भगवान राजीव लोचन के दर्शन के पश्चात अनुमति लेकर भ्रमण करते हुए इस स्थल पर आए और सरोवर इत्यादि को देखकर बहुत प्रभावित हुए तथा शिवलिंग की स्थापना किया। यही फणिकेश्वरनाथ महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। लेखक संतोष कुमार साहू, पुरुषोत्तम चक्रधारी, नूतन लाल साहू ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा की अपनी अलग महिमा है। पंच शिव पीठ जिनमें पटेवा में पटेश्वरनाथ महादेव, चंपारण में चंपकेश्वरनाथ महादेव, बम्हनी में ब्रह्मकेश्वरनाथ महादेव, फिंगेश्वर में फणीकेश्वरनाथ महादेव, कोपरा में कर्पूरेश्वरनाथ महादेव हैं। जानकारी के मुताबिक कमलपुष्प के पांच पंखुड़ी पर पांच शिवलिंग स्थापित है जिसे पंचकोशी धाम की संज्ञा दी गई है। शायर एवं जिला रत्नांचल साहित्य परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर, कुमेश किरणबेर, गीतकार प्रदीप कुंवरदादा, लेखक फणेंद्र साहू ने मंदिर की कलाकृति एवं पत्थरों पर सफाई देखते ही बन रही है। छीनी एवं हथौड़ी के कमल को देखकर बहुत ज्यादा प्रभावित हुए। मंदिर में इन लेखकों द्वारा हर हर महादेव का जय घोष भी किया गया।



# मिनिमाता कन्या महाविद्यालय में रासेयो इकाई द्वारा सप्त दिवसीय शिविर प्रारंभ



**बलौदाबाजार,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। 15 दिसम्बर को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "नशा मुक्त समाज के लिये युवा" विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए महाविद्यालय के गोदग्राम बड़ा भरसेला को पोषित गांव के रूप में चुना गया। उद्घाटन सामारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ा भरसेला गांव के सरपंच अरूण पैकरा उपस्थित थें। जहां जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. कल्पना उपाध्याय महाविद्यालय की प्रांचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रोशनी लता जगत सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के वंदन व रा.से.वा के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका व कर्तव्य का निर्वाह करते है। इसके पश्चात् कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. कल्पना उपाध्याय ने स्वयंसेवको से अपिल की कि सात दिवसीय विशेष शिविर में जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी बनकर उभरें। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनीता त्यागी ने शिविर हेतु स्वयंसेवको को नशा मुक्त समाज में युवा वर्ग को अपनी भुमिका का निर्वाह करने को मार्गदर्शित किया। रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रोशनी लता जगत ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और रा.से.यों के स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएँ दी और कहा कि आप सभी को आपसी सहयोग व आपस में तालमेल बैठाकर कार्य करना है। मंच संचालन शिविर अध्यक्ष सरस्वती साहू और उपाध्यक्ष सरिता बंजारे ने रा.से.यों के प्रेरक उद्बोधन, तालियों व गीतों के माध्यम से किया।

# महाविद्यालय में वार्षिक स्पर्धा का आयोजन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में 13 दिसम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक वार्षिक साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, अल्पना, पूजा-थाली सज्जा, सलाद सज्जा, व्यंजन प्रतियोगिता, केश सज्जा, मेंहदी, कोलाज, पेपर आर्ट, चित्रकला, पोस्टर, वाद-विवाद, प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में इंदिरा देवी गौराहा उ.मा. विद्यालय कसडोल के प्राचार्य श्रीमती वर्षा शर्मा, शिक्षिका दुर्गा पटेल, कंचन बंजारे, राधा, संतोषी साहू एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक रहे।



प्राचार्य डॉ. खुर्शीद खान एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रभारी संजूलता पटेल (सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी) के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन हुआ। उल्लेखनीय है कि पूजा थाल सज्जा में मनीषा प्रथम तो वही कंचन द्वितीय स्थान में रही। इधर पुष्प सज्जा लीना नेताम प्रथम व मनीषा पटेल द्वितीय पायदान में रही। इसके अलावा व्यंजन में कविता साहू प्रथम व धनेश्वरी द्वितीय में रही। केश सज्जा प्रतियोगिता में आशा कैवर्त्य प्रथम तो कुसुम कैवर्त्य द्वितीय में रही। अल्पना प्रतियोगिता में कविता साहू प्रथम तो माधुरी पैकरा द्वितीय में रही। वही रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी प्रथम तो लक्ष्मी धीवर द्वितीय में रही। सलाद सज्जा में धनेश्वरी पटेल प्रथमतो प्रतिभा द्वितीय में रही। साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता में आकांक्षा डडसेना प्रथम तो सौम्या साहू द्वितीय में रही। निबंध प्रतियोगिता में कुसुम कैवर्त्य प्रथम तो पुष्पलता द्वितीय में रही। वही तत्कालिक भाषण नगमा टण्डन प्रथम प्रश्न मंच में लक्ष्मी नारायण जयसवाल प्रथम तो रूखमणी द्वितीय में रही। चित्रकला में सीमा पैकरा प्रथम तो धनेश्वरी द्वितीय पर रही। साथ ही पेपर आर्ट में धनेश्वरी पटेल प्रथम तो हेमा कैवर्त्य द्वितीय में रही। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में विजय कुमार प्रथम तो आकांक्षा द्वितीय में रही। इसके अलावा अंतिम वाद विवाद प्रतियोगिता में विजय कुमार प्रथम तो समीर महिपाल द्वितीय स्थान में जगह बनाया।

# नवागांव स्कूल में बालमेला के साथ हाट-बाजार का आयोजन

**महासमुंद,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में 16 दिसंबर को बालमेला का आयोजन रखा गया कार्यक्रम के पूर्वार्द्ध में रंगोली प्रतियोगिता रखा गया। नन्हे बच्चों द्वारा निर्मित आकर्षक और संदेश परक रंगोली ने सभी का मन मोह लिया। मध्यान्ह भोजन पश्चात् हाट. बाजार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बाजार की समझ और लेन.देन की प्रक्रिया की जानकारी देना था। बच्चों ने बाजार में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर गुपचुप, भेलएभजिया, समोसा, कचौड़ीएफल्ली, पापड़ी, मुर्रा, अमरूद, लटर्रा, नींबू ,गन्ना , नड्डा ,साग . भाजी चना चरपट्टी ,इटली आदि का विक्रय किया बाजार में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में समस्त ग्राम वासियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को लोगों ने खूब सारा और इस तरह के आयोजन को बच्चों के सीखने में मिल का पत्थर साबित होने की बात कही। बाजार के समापन के तय समय के पहले ही बच्चों के सारे सामान बिक गए। संकुल प्राचार्य समीर चन्द्र प्रधान के प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी पालक सदस्य ,सरपंच गंगाराम दीवान, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल सिन्हा एवं समस्त सदस्य,संकुल समन्वय राजू देवांगन, ग्राम के उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक चमन लाल निर्मलकर, शिक्षक अरुण साहू , अमर साहू मेमन चंद्राकर ऋषि पटेल, प्रधान पाठक रोहित काशिव, दुष्यंत सिन्हा, श्रीमती भगवती गायकवाड, कोमल दीवान, गजेंद्र दीवान विशेष रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विजय डहरिया , मनोज पटेल, कोमल प्रसाद सिन्हा, नारायण साहू डिगेश सिन्हा अनादी सिन्हा रूपेंद्र निर्मलकर मनी जांगड़े, बाबूलाल दीवान, हीरालाल खूँटे, मोरध्वज सिन्हा, अमृत दीवान, श्रीमति शकुन निषाद, श्रीमति योगेश्वरी दीवान, श्रीमति पार्वती ध्रुव, श्रीमति रतनी डहरिया, श्रीमति हेमकुमारी मन्नाडे ,श्रीमति आशा यादव, श्रीमति मंजू सिन्हा, श्रीमति निर्मला राजपूत, श्रीमति लता सिन्हा, श्रीमति उर्मिला सिन्हा का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए शाला के प्रधान पाठक नरेश्वर डड़सेना, शिक्षक नंदकुमार कोसरे, अमृतलाल, आशीष ध्रुव, रसोईया दीदी श्रीमती लीला निषाद, श्रीमती पुनिया यादव , श्रीमती उषा साहू एवं सफई कर्मचारी खेमलाल सिन्हा ने सभी का आभार जताया।



# मड़ई मेला क्षेत्र में खुशियों और समृद्धि के साथ एकता का प्रतीक : लक्ष्मण

**महासमुंद,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत लोहारडीह के ग्राम उलट कोडार में समस्त ग्रामवासियों द्वारा एक दिवसीय मड़ई मेला में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, रमाकांत धृव, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस निखिलकांत साहू, युवा काँग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी, सरपंच सकुन्तला जीवन साहू, जीवन साहू के कार्यक्रम में पहुंचने पर सर्व समाज द्वारा पारंपरिक रूप से गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण पटेल ने ग्रामवासियों को मड़ई मेला की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि मड़ई मेला खुशियों और समृद्धि के साथ एकता का प्रतीक है। मड़ई मेला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का काम हो रहा है। हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा को सहेजने का काम किया। मड़ई गांव की पारंपरिक संस्कृति से जुड़ा हुआ है। ग्राम की सुख समृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष इसका आयोजन किया जाता है। मड़ई कार्यक्रम पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा है। समाज द्वारा अभी भी जीवंत रखा गया है। इस पारंपरिक संस्कृति को सहेज के रखते हुए आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर ईश्वर पटेल हेमराज पटेल , पंडित साहू, छन्नू निषाद , रमन ध्रुव, देवेन्द्र साहू , मनोज पटेल, ठाकुर राम साहू , सेवक राम साहू , शंकरलाल , दानी राम दीवान, शत्रुघन , ललिता बाई साहू पंच , देवकी निषाद पंच , पवन साहू , योगेश कुमार सेन आदि उपस्थित थे।



# बोनस के भुगतान के पूर्व मृत्यु हुए किसानों के उत्तराधिकारी को भुगतान किया जाए : चन्द्रशेखर साहू



**नवापारा-राजिम,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व कृषि मंत्री एवम पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू 15 दिसंबर शुक्रवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उनके संज्ञान में लोकहित में यह निर्देश देने का आग्रह किया कि किसानों से धान खरीदी की तिथि को बढ़ाई जावे, 25 दिसंबर से पूर्व वर्ष 2017-18 के बोनस के भुगतान के पूर्व जिन किसानों की मृत्यु हो गई है उनका राजस्व रिकार्ड उनके उत्तराधिकारी के नाम में अद्यतम किया जावे,ताकि 25 दिसंबर को ऐसे किसानों के उत्तराधिकारी को बोनस भुगतान किया जा सके, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का रिकॉर्ड दुरुस्त कर ऐसे किसानों को सम्मान निधि दिया जावे, कृषि उपज मंडी समितयो एवम सहकारी समितियों मे की गई राजनीतिक नियुक्तियां तत्काल रद्द किया जावे। श्री साहू ने मुख्यमंत्री एवम दोनो उपमुख्यमंत्री को कार्यभार सम्हाल कर तत्काल मोदी की गारंटी एवम जन कल्याण कार्य शुरू करने पर बधाई दी।

# भटगांव न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा 100 मामलों का किया गया निराकरण

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। 16 दिसम्ब को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ छ.ग.के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष के.एम.शर्मा तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के द्वारा 16 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यगणों को लोक अदालत एवं विधिक सहायता एवं विभिन्न नियमों एवं अधिनियमों के सम्बंध में विधिक जानकारी दिया गया। व्यवहार न्यायालय भटगांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 129 लंबित प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था जिसमें से कुल 100 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें से पांच वर्ष पुराने 01 प्रकरण का निराकरण किया गया। आयोजित उक्त नेशनल लोक अदालत में एसबीआई बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक,इंडियन बैंक,बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग भी स्ट्रॉ लगाए हुए थे। सुलहकर्ता के रूप में अधिवक्ता डी पी कुर्रे व हिमकर दुबे उपस्थित हुए तथा न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण,पुलिस स्टाप एवं अधिवक्ता संघ भटगांव के अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से शपथ आयुक्त एन के पात्रो, जे लहरे, जे बंजारे, एम एल चन्द्रा, डी.एन. लहरें, के.एल. जांगड़े, आर. के.पाण्डे, यशपाल सिंह,विजय शंकर साहू, डगेश्वर खटकर, विजय देवांगन, हिमकर दुबे, प्रभु साहू, नरसिंह साहू, रोहित बघेल, भागीरथी यादव, इत्यादि अधिवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# सेम्हराडीह में भित्ति कला का विशेष आयोजन संपन्न

**बलौदाबाजार,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिले से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम-सेम्हराडीह में भित्ति चिर्त का आयोजन 16 दिसम्बर को किया गया। भित्ति कला का मुख्य उद्देश्य हैं स्थानीय नायकों का समाज में योगदान की सराहना करना। गीतिका जैन का कहना है कि इन स्थानीय नायकों के चित्रों से प्रेरित होकर बच्चों में कुछ करने का जज़्बा उत्पन्न होगा व सबको प्रेरित करेंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में भित्ति कला के आयोजन की घोषणा गीतिका जैन के द्वारा की गई थी। अपनी घोषणा पर अमल करते हुए गीतिका जैन ने उक्त कार्यक्रम आयोजित किया।



इस परियोजना में जिला के ख्यातिलब्ध चिकित्सक स्व. डॉ. साहेब लाल तिवारी, स्व. चन्द्रशेखर शंकर धर्माधिकारी, सुश्री रेणुका यादव व छत्तीसगढ़ के मिल्खा कहे जाने वाले सरजू प्रसाद के चित्र उकेरे गए। गीतिका जैन ने इस परियोजना के तहत बच्चों के साथ अपने कौशल एवं अनुभव भी साझा किया जिससे छात्रों को भी प्रेरणा का अनुभव प्राप्त हुआ। गीतिका जैन जो वसंत वैली स्कूल में पढ़ने वाली 11वीं की छात्रा है। इतनी कम उम्र में इस प्रकार की सोच रखना प्रशंसनीय है। इस परियोजना में ख्यातिलब्ध चिकित्सक स्व. डॉ. साहेब लाल तिवारी के सुपुत्र अधिवक्ता संजय तिवारी एवं उनकी पत्नी श्रीमती वंदना तिवारी ने भी अपनी सहभागिता दिखाई। इस अवसर पर राजेश सरकार, पारस वसंत गुप्ता, शंकर प्रसाद दास, तमेश्वरी साहू एवं लिमेश बघेल उपथित रहें।

# ध्रुव और प्रहलाद की तरह भगवान पर करें विश्वास और आराधना : शास्त्री

**महासमुंद,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय महावीर कालोनी मे चल रहें श्रीमद् भागवत मे कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री जी महाराज ने कथा के दौरान घ्रुव प्रहलाद व भरत चारित्र के प्रसंग की कथा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, भक्ति और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। दोनों ने माया.मोह छोड़कर भगवान विष्णु को अपना आराध्य माना। उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि उनकी रक्षा के लिए स्वयं श्रीहरि विष्णु ने मृत्युलोक में कदम रखा था। वह हरि के सच्चे भक्त हैं। प्रभु की भक्ति करनी है तो इन दोनों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। आचार्य श्री शास्त्री ने कहा कि प्रह्लाद और ध्रुव ने प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों ही कठोरतम दंडों और यातनाओं से भी नहीं डरे और ईश्वर की आराधना करते रहे। ठीक उसी प्रकार हमें भी जीवन के संकटों से नहीं डरना चाहिए और भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना में लीन होना चाहिए। भगवान भक्तों की सच्ची पुकार सुनकर निश्चित ही उन पर कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भक्त ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं। श्री शास्त्री जी ने कहा कि भरत का अर्थ जीवन में त्याग है, जिस राज के लिए केकैई ने दुनिया का अपयश अपने सिर पर लिया। वो राज भरत ने मन की भांति त्याग दिया। अपने हक का त्याग करना ही रामायण है और दूसरे का हक छीनना ही महाभारत है। भरत, श्रीराम को लाने के लिए गुरु वशिष्ट सहित समस्त प्रजा माता कौशल्या, सुमित्रा सहित वन में जाते हैं, लेकिन श्रीराम ने मर्यादा का आभास कराकर चरण पादुका को देकर अयोध्या में वापस भेजा। उन्होंने कहा कि इस संसार में प्राणी दो रस्सियों में बंधा है, ये अहमता व ममता है। अहमता शरीर को मैं मान लेती है और ममता शरीर के संबंधियों को मानती है। कारण है मन, जब इस मन को संसार की तरफ ले जाओगे तो मोह का कारण बनेगा और जब इसे भगवान की तरफ ले जाओगे तो मुक्ति का साधन बनेगा। इस दौरान श्रद्धालु भाव.विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे।


## किराए पर देना है

देशबन्धु कॉम्पलेक्स भैंसथान प्रथम तल पर 200 से 700 वर्गफीट पर ऑफिस किराए पर देना है।

संपर्क करें- 9826147137 7089314741

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAJESH BAGRI S/O DEVIPRAKASH BAGRI resident of Q NO. A-502, SHIV VATIKA, ASHWANI NAGAR, RAIPUR (C.G) have changed my old name RAJESH KUMAR BAGRI S/O DEVIPRAKASH BAGRI so in future, I should be recognized by my new name that is RAJESH BAGRI S/O DEVIPRAKASH BAGRI in all Government and other documents.

**RAJESH BAGRI**
Q NO. A-502,SHIV VATIKA
ASHWANI NAGAR RAIPUR
(C.G)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAISHA PERVEEN W/O MOHAMMED ISRAEL resident of HOUSE NO 93 WARD NO. 04 NANDGHAT DIST BEMETRA (C.G.) have changed my old name RAISHA PERVEEN W/O MOHAMMED ISRAEL so in future I should be recognized by my new name that is RAISA PARVEEN W/O MOHAMMED ISRAEL in all Government and other documents.

**RAISA PARVEEN**
HOUSE NO 93 WARD NO. 04
NANDGHAT DIST BEMETRA
(C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DEEPALI SANJAY KAMDAR D/O SANJAY KAMDAR resident of H.NO. 342, WARD NO 18, ABOVE FIROZABAD BANGALS STORE, TELIPARA, BILASPUR (C.G.) have changed my old name DEEPALI SANJAY KAMDAR D/O SANJAY KAMDAR so in future I should be recognized by my new name that is DEEPALI DOSHI W/O NISHANT DOSHI in all Government and other documents.

**DEEPALI DOSHI**
H.NO. 342, WARD NO 18,
ABOVE FIROZABAD BANGALS
STORE, TELIPARA, BILASPUR
(C.G.)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### उद्घोषणा

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202311210200020 अ/2 वर्ष 2022-23**
**ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

सर्वसाधारण जनता ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार पिता गंगाप्रसाद राय निवासी ग्राम रेवडा टोले गोटियाही जिला समस्तीपुर बिहार द्वारा ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार में भूमि खसरा नं. 2512/5 शामिल 2513/5 रकबा 0.015 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01 पी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति यदि कोई हो तो वे दिनांक 29.12.2023 को मेरे न्यायालय मे स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 15.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
बलौदाबाजार

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### उद्घोषणा

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 202311210200021 अ/2 वर्ष 2022-23**
**ग्प्रम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

सर्व साधारण जनता ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार पिता खेदूराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम छरछेद तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार में भूमि खसरा नम्बर 2512/4 शामिल 2513/4 रकबा 0.014 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिधारण करने हेतु बी-01 पी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 29.12.2023 को मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 15.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी ( रा )
बलौदाबाजार

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)

### उपस्थिति हेतु सूचना

**राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 202310111001141/ अ-6/वर्ष 2023-24**

प्रति,

1. पूजा शर्मा पति स्व. मनोज शर्मा, 2. गुरूमांशु शर्मा पिता स्व. मनोज शर्मा निवासी- बाबा सदन के पास डीडीयू नगर गुढ़ियारी रायपुर

इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202310111001141/अ-6/वर्ष 2023-23 ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 37 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 578/34 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि के संबंध में अपीलार्थी राजकुमार शर्मा पिता स्व. रतनलाल शर्मा निवासी 11/624, बाबा सदन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर आकाश गैस गोडाउन के पास गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत: आप सुनवाई दिनांक 03.01.2024 को समय 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त नियत सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 15.12.2023 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
रायपुर ( छ.ग. )

# सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश नीट यूजी से, 24 से भरे जाएंगे फार्म

**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। एम्स समेत सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में संचालित एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन नीट यूजी के आधार पर होगा। नीट यूजी 5 मई को है। इसके लिए 24 जनवरी से ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। 12वीं पास या अध्ययन कर रहे छात्र नीट के लिए पात्र होंगे। पहली बार एनएमसी ने गणित के साथ बायो टेक्नोलॉजी विषय लेने वाले छात्रों को नीट देने की पात्रता दी है। इससे प्रदेश में 1 हजार के आसपास छात्र बढ़ जाएंगे।



पिछली बार 41 हजार से ज्यादा छात्र नीट में शामिल हुए थे। इनमें 19 हजार से ज्यादा चालिफाइड हुए थे। हालांकि प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें 1910 ही हैं। अगले साल सीटें बढ़ने की संभावना है। एम्स में एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन के लिए नीट यूजी देना अनिवार्य होगा। इसके लिए अलग से इंट्रेंस एग्जाम नहीं लिया जाएगा। पिछले साल नई दिल्ली में एम्स संचालक मंडल की बैठक में अलग से परीक्षा कराने संबंधी प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने की थी। गौर करने वाली बात ये है कि 2019 तक एम्स अपने मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में एडमिशन कराने के लिए अलग से प्रवेश परीक्षा कराता रहा है। पिछले चार साल से नीट यूजी के स्कोर के माध्यम से रायपुर समेत देश के अन्य एम्स में एडमिशन हो रहा है। हालांकि एम्स के पीजी व सुपर स्पेश्यालिटी कोर्स के लिए अलग से प्रवेश परीक्षा जारी रहेगी।

एम्स दिल्ली की ओर से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजे गए प्रस्ताव में यह कहा गया था कि नीट हमेशा विवादों में फंसा रहता है। इससे नए सेशन में देरी होती है। इस पर केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारियों का कहना था कि फिर से प्रवेश परीक्षा कराना सही नहीं होगा। इसमें काफी परेशानी आएंगी। इसके कारण नीट यूजी से ही एडमिशन दिया जाना जारी रहेगा।

# हत्या, आईईडी विस्फोट और आगजनी की घटना में शामिल नक्सली गिरफ्तार

- गिरफ्तार नक्सली अमदई एरिया कमेटी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य
- डीआरजी, जिला बल, आईटीबीपी की संयुक्त कार्यवाही



**नारायणपुर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा (भापुसे.) के नेतृत्व में नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सल घटनाओं में शामिल एक सक्रिय माओवादी पर कार्यवाही करने में नारायणपुर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि छोटेडोंगर से डीआरजी, जिला बल एवं आईटीबीपी 29वीं वाहिनी की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम चमेली, बाहकेर, रोहताड़ एवं तुरूषमेटा की ओर रवाना हुई थी दौरान अभियान के ग्राम तुरूषमेटा में एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया जिससे पूछताछ पर उसने अपना नाम मनदेर दर्रो निवासी तुरूषमेटा का होना बताया जिससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह क्षेत्र के माओवादियों के साथ मिलकर मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य कर रहा है एवं दिनांक 23.09.2021 को माओवादियों के साथ मिलकर ग्राम मढ़ोनार में सड़क निर्माण में लगे वाहनों में आगजनी कर मजदुरों के साथ मारपीट कर मुंषी की हत्या की घटना में शामिल रहना स्वीकार किया है एवं दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को अमदई घाटी में सुरक्षाबल पर आई.ई.डी. विस्फोट की घटना में शामिल रहना स्वीकार किया है उक्त दोनों घटनाओं पर थाना छोटेडोंगर में पृथक पृथक अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। थाना छोटेडोंगर के उक्त दोनों मामलों में आरोपी मनदेर दर्रो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# अनियंत्रित होकर बाइक से गिरी महिला, ट्रेलर की चपेट में आने से मौत

**कवर्धा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. बाइक से अनियंत्रित होकर गिरी महिला ट्रेलर की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई. यह मामला कबीरधाम जिले के सिटी कोतवाली अंतर्गत भागूटोला गांव का है.



मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर लगभग 3 बजे लोहार की ओर से कवर्धा की ओर बाइक पर सवार युवक और महिला आ रहे थे. इसी दौरान भागूटोला गांव के पास ब्रेकर में गाड़ी उछल गया. बाइक उछलने पर महिला अनियंत्रित होकर बाइक से नीचे गिर गई और पास से गुजर रहे ट्रेलर के चक्के में आ गई. हादसे में महिला का सिर पूरी तरह कुचला गया और महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है. वहीं ट्रेलर चालक को हिरासत में लिया गया है.

हादसे में मृतक महिला जंगल रेंगाखार की रहने वाली है जोकि अपने देवर के बेटे के साथ किसी काम से कवर्धा आ रही थी. घटना के बाद मृतक का बेटा सदमे में हैं. इसलिए वह अपना नाम पता बता नहीं पा रहा है. कोतवाली पुलिस युवक को बैठाकर रखी है जैसे ही युवक नार्मल होगा परिजनों को घटना की सूचना दी जाएगी.

# शहादत दिवस व स्वाभिमान समारोह को लेकर बैठक

**पिथौरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। 24 दिसंबर को शाहिद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस एव स्वाभिमान समारोह तथा नवनिर्वाचित विधायको का सम्मान की तैयारी को लेकर कौड़िया आदिवासी महासंघ एवं सर्वआदिवासी समाज ने कार्यक्रम के अंतिम रूप रेखा देने कृषि उपज मंडी पिथौरा में बैठक हुई। कार्यक्रम को समाजजनो ऐतिहासिक करने में जुटे हुए हैं। इस संबंध में सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष मनराखन ठाकुर ने 24 दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस एवं स्वाभिमान समारोह तथा नवनिर्वाचित विधायको का सम्मान में अतिथि की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित कई विधायक, सांसद साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुख के आतिथ्य में होगा।



आयोजित कार्यक्रम में सभी महापुरुषों का पूजन अर्चना के पश्चात एक तीर एक कमान एकता एवं भाईचारे का प्रतीक लेकर नगर में पद यात्रा करेंगे। आदिवासी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम में विशेष पूजा कर बस्तर के आँगा देव रेला पाटा कर्मा सुवा गोंडी नृत्य के साथ के बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम,आदि कार्यक्रम होना तय हुआ। इस अवसर पर राज अध्यक्ष भूषण सिंह सूर्यवंशी, तुलाराम शोरी, दयाराम बरिहा परिक्षेत्र अध्यक्ष बरत लाल माझी, मदन ध्रुव, गणेश राम दीवान, देवी सिंह ठाकुर, सिरामन ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, कौड़िया आदिवासी महासंघ अध्यक्ष जनक राम ठाकुर, जाम सिंह दीवान, पूरन सिंह बरिहा, गणेशाराम ठाकुर, भागीरथी ध्रुव, घासीराम ध्रुव, सुरेश मलिक, अलखे भोई,गाड़ाराय भोई, अनूप ध्रुव, ताराचंद बरिहा, कपिल ध्रुव, नानक ठाकुर, तुलसी दीवान, दीनदयाल दीवान, हेमसागर बरिहा, कृष्ण कुमार ध्रुव,नरेश ध्रुव, कार्तिक राम बरिहा, श्याम कुमार नेताम, तुलाराम ध्रुव,शिवकुमार बरिहा, जनक बरिहा,समारू बरिहा, सनतराम,संतोष बरिहा,सुरेश बरिहा, विजय बरिहा, भारतसिंह ध्रुव, रूपसिंह मरई,रविलाल,लखन ध्रुव,पलटू राम ध्रुव देवनारायण ध्रुव नेतु राम ध्रुव बुधराम ठाकुर श्यामसुंदर बरिहा रामचन्द्र बरिहा आदि उपस्थित थे।

# जनपद अध्यक्ष ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**सूरजपुर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ जनपद सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मामले में शनिवार को जनपद अध्यक्ष द्वारा खुद ही अपना इस्तीफा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है।

सूरजपुर जनपद अध्यक्ष जगलाल देहाती व उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव के खिलाफ शुक्रवार को 22 जनपद सदस्यों के हस्ताक्षरयुक्त अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन प्रभारी कलेक्टर व जिपं सीईओ को दिया गया था। मामले में शनिवार को सूरजपुर जनपद अध्यक्ष जगलाल देहाती द्वारा खुद कलेक्टर के नाम पर पद से अपना इस्तीफा दिए जाने संबंधी पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है।

गौरतलब है कि ज्ञापन में जनपद सदस्यों द्वारा जनपद अध्यक्ष जगलाल देहाती व उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव पर शासकीय राशि के बंटवारे में भेदभाव करने, मनमाने तरिके से प्रस्ताव पारित करने व 15 वें वित्त व जनपद विकास निधि की कार्ययोजना मनमानी तरीके से सदस्यों के बिना सहमति के पारित करने का आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जनपद सदस्यों के आवेदन दिए जाने से नाराज होकर शनिवार को जनपद अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में सूरजपुर जनपद अध्यक्ष जगलाल देहाती ने कहा कि मैं आज अपना इस्तीफा देने कलेक्ट्रोरेट गया था, लेकिन कलेक्टर के छुट्टी पर होने की वजह से त्याग पत्र को सौंप नहीं सका हूं। सोमवार को अपने पद से इस्तीफा सौंपकर एक सदस्य के रूप में कार्य करूंगा।

**NECC**

| 18.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.85 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 6.90 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 83 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

रामू- डॉक्टर साहब प्लास्टिक सर्जरी करवाने में कितना खर्चा आयेगा।
डॉक्टर- 5 लाख
रामू- अगर प्लास्टिक हम दें तो..?

## संपादकीय

### महंत के अनुभवों का लाभ ले कांग्रेस

डॉ. चरणदास महंत के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष मिल गया है। शनिवार को उनके नाम पर कांग्रेस हाईकमान ने मुहर लगाई है। इसी माह की 3 तारीख को विधानसभा चुनावों के लिये निकले नतीजों के बाद भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली, जिसके लिये मतदान नवम्बर की 7 व 17 तारीखों को हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोई पद लेने से इंकार करने के बाद महंत पर सहमति बनी। पिछले हफ्ते ही केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन एवं प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा ने रायपुर में सभी कांग्रेस विधायकों से बात कर अपनी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी। इसके मुताबिक ही महंत को यह अहम जिम्मेदारी मिली है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. महन्त पिछली कांग्रेस सरकार में विधानसभा के अध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व सम्भाल चुके हैं। वे संसदीय नियमों एवं परम्पराओं का पालन करने वाले माने जाते हैं। विवादों से हमेशा परे रहने वाले महंत बड़ा अनुभव राज्य विधानसभा के साथ लोकसभा का भी रखते हैं। वे तीन बार लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं और अनेक समितियों में उनकी सदस्यता भी रही। अविभाजित मध्यप्रदेश के वे राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे। ऐसे ही उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भी केन्द्र सरकार में काम करने का तजुर्बा है। एक बार तो वे छत्तीसगढ़ के लोकसभा में एकमेव प्रतिनिधि भी रह चुके हैं तथा उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत फिलहाल उनके निर्वाचन क्षेत्र कोरबा से सांसद हैं। राज्य के एक प्रमुख राजनैतिक व्यक्तित्व बिसाहूदास महंत के पुत्र चरणदास की अपनी एक स्वतंत्र पहचान कार्य कुशलता के अलावा अपनी सौम्यता के कारण भी है। वे न सिर्फ संसदीय कानूनों के अच्छे ज्ञाता हैं बल्कि मुद्दों पर भी अच्छी पकड़ रखते हैं। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता होने के कारण उन्हें प्रशंसा व सम्मान से देखा जाता है।

विपक्ष में आने के बाद कांग्रेस को अब बड़ी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। जनहित के मसलों को लेकर जहां उसे एक ओर सदन ने बाहर सक्रिय रहना होगा वहीं विधानसभा के भीतर भी उसे लोगों के सरोकारों के साथ मजबूती के साथ खड़ा होना पड़ेगा। संगठन को दोबारा सत्ता में आने के लिये आंदोलनों का सहारा लेना लाजिमी है तो वहीं कांग्रेस विधायक दल को विधानसभा के भीतर उठने वाले विषयों पर सक्रियता दिखानी होगी। लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व से सभी वाकिफ हैं। विधायक दल को देखना होगा कि नागरिकों को उनके अधिकार मिलें। उनकी ज़रूरतों के अनुसार सरकार को काम करने के लिये बाध्य करना भी अब विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस के जिम्मे है। पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दीपक बैज बने रहेंगे, जो अपेक्षाकृत कम अनुभवी हैं। महंत को उन्हें भी मार्गदर्शन देना होगा।

# जगन्नाथ मंदिर से निकली भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा





**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा निमित्त अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश भव्य शोभा यात्रा रविवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर स्थित भगवान राम मंदिर से बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत की भव्य शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ रविवार को श्री भगवान राम के मंदिर से शुभारंभ होकर गोल बाजार की परिक्रमा करते हुए विभिन्न् चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। पूजित अक्षत भव्य कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारों गूंज उठा पूरा शहर और राममय वातावरण हो गया। पूजित अक्षत कलश यात्रा का जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान सभी श्रीराम भक्त भगवा रंग के वस्त्र पहनकर चल रहे थे। सैकड़ों की संख्या रामभक्त मां, बहने एवं अन्य श्रद्धालु पूजित अक्षत (पीले चावल) के कलश लेकर चल रही थी। इसके पूर्व जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा में सभी मंडल से पहुंचे सनातनी बंधुओं ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किए।

**जय श्रीराम के जयकारें से गूंज उठा नगर**

पूजित कलश यात्रा के दौरान हेमंत पांडे, हरि साहू, योगश सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के साथ सनातनी द्वारा 22 जनवरी को नगर के हर ग्राम मोहल्ले में स्थित मंदिरों पर पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अंतर्गत दोपहर तीन बजे से एक बजे तक मोहल्ला अथवा गांव में स्थित मंदिरों पर भजन कीर्तन व श्रीराम जय राम जय जय राम च्ज का सामूहिक 108 बार जाप, शंखनाद की ध्वनि व भक्ति भाव की धारा बहेगी। इस अवसर पर राम भक्त स्क्रीन लगाकर अयोध्या में चल रहे भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव देखकर भी धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर मोहल्ले में स्थित मंदिर पर सुंदरकांड हनुमान चालीसा राम रक्षा स्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ भी किया जा सकेगा। सांय के समय सभी राम भक्त अपनी-अपने घरों में दीपमालिका सजाएंगे ताकि भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव का माहौल पूरे भारत वर्ष में एक अनूठी पहचान के रूप में देखना चाहिए। इस निमित्त 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में रामभक्त, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त प्राणप्रतिष्ठा को लेकर बस्तर जिले के 600 ग्राम पंचायत में घर-घर अक्षत और भगवान राम छायाचित्र प्रदान किया जाएगा। इस >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु अपील

**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशासनुसार बस्तर जिले के राजस्व और वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का चिन्हाकन कर शत-प्रतिशत् किसान केडिट कार्ड तैयार करने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में जिले के सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समित्ति मर्यादित यथा लैम्पस में कृषकों का केसीसी प्रकरण तैयार किया जा रहा है। कृषि एवं उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन इत्यादि आनुषांगिक विभागों द्वारा लक्षित कृषकों का चिन्हाकन कर दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए प्रकरण तैयार कर लैम्पसों में जमा किया जा रहा है, जहां से बैंकों एवं लैम्पसों द्वारा जमा किए प्रकरणों का केसीसी तैयार किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उपसंचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जाने पहल किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि से मिली जानकारी के अनुसार जिले के वे सभी कृषक जिनके पास खेतीयुक्त जमीन हो और जिनकी आयु 18 वर्ष है वे केसीसी हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए किसान को शिविर में अपना आधार कार्ड, नक्शा, खसरा, बी-1, पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक खाता की पासबुक लाना अनिवार्य है। सहकारी बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु 105 रुपये सदस्यता शुल्क जमा कर समिति का सदस्यता लेना होगा। किसान क्रेडिट कार्ड के द्वारा किसान सहकारी साख समितियों के माध्यम से अपनी खेती के लिए खाद, बीज और नगद राशि बिना किसी ब्याज के प्राप्त कर सकते हैं और फसल उत्पादन के बाद यह ऋण बिना किसी ब्याज के जमा किया जा सकता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे सैकड़ों मरीज



**मरीजों को मिला रक्तचाप, मधुमेह जांच और ईसीजी की नि:शुल्क सुविधा**

**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर और जे एम चैरीटेबल ट्रस्ट जगदलपुर (महावीर ग्रुप) के संयुक्त प्रयास से एक बार पुन: निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन 17 दिसंबर, रविवार को प्रात: 10 से 2 बजे तक स्थानीय चेंबर भवन में हुआ। शिविर शुभारंभ अवसर पर स्थानीय विधायक किरण देव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से स्वास्थ्य शिविर आयोजन कर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से स्थानीय लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होती है। भविष्य में भी इस तरह की शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने इस तरह के आयोजनों में जनप्रतिनिधि के नाते यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विधायक संतोष बाफना बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मनीष शर्मा, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बस्तर पुलिस द्वारा चलाया गया 'टेक बैक योर प्रॉपर्टी' अभियान



**लोगों से गुम हुए 100 मोबाईल ढूंढकर मोबाईल स्वामियों को किया सुपुर्द**

**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा एक ओर आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है एवं दूसरी ओर सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत आम जनता से समन्वय स्थापित कर बेहतर पुलिसिंग की ओर कार्य कर रही है। ज्ञात हो कि पूर्व में बस्तर जिले के सायबर सेल एवं थानों में लोगों के मोबाईल गुमने के संबंध में सूचना एवं आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था। जिस पर उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा विशेष रूचि लेकर गुम मोबाईल के पतासाजी हेतु अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं उप पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू, नोडल अधिकारी-सायबर सेल के पर्यवेक्षण में सायबर सेल की टीम के द्वारा गुम मोबाईल की पता तलाश हेतु "टेक बैक योर प्रॉपर्टी" नामक विशेष अभियान चलाया गया है। उक्त अभियान अंतर्गत सायबर सेल द्वारा 100 गुम मोबाईल सेलफोन अलग-अलग जगहों से बरामद किया गया है एवं बरामदशुदा मोबाईल को शौर्य भवन स्थित पुलिस ऑडिटोरियम लालबाग में, संबंधित मोबाईल धारकों को बुलाकर 100 नग मोबाईल को उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा संबंधित मोबाईल स्वामियों को विधिवत् सुपुर्दनामे पर दिये गये हैं। सुपुर्दनामा पर दिये गये मोबाईल की अनुमानित कीमत 12 लाख रूपये से अधिक है। पूर्व में भी बस्तर पुलिस के द्वारा 900 नग से अधिक गुम मोबाईल को ढूंढकर संबंधित मोबाईल धारकों को सुपुर्दनामें पर दिया गया था। इसके साथ ही उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित बस्तर नागरिकों को सायबर सुरक्षा,महिला सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता, सोशल मीडिया का सही उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देते हुए पुलिस सहयोगी नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया।

महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारी/कर्मचारी (सायबर सेल) उप निरीक्षक अमित सिदार, प्रधान आरक्षक- लोमश दीवान, आरक्षक गौतम सिन्हा, धर्मेंद्र ठाकुर, कृष्ण कुमार साबड़े, मुकुंदराम भंडारी, रवि कुमार, राधिका नेताम ,ओमप्रकाश साहू, दीपक कुमार।

## जनप्रतिनिधियों-पंचायत पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में निभाई सहभागिता



**बस्तर जिले के गुमलवाड़ा, तिरिया, करमरी ,चोकर, भड़ीसगांव ,डिमरापाल, गड़दा एवं तारागांव में 17 दिसम्बर को हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन**

**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 17 दिसम्बर को जिले के अंतर्गत जगदलपुर ब्लॉक के गुमलवाड़ा एवं तिरिया, बस्तर विकासखण्ड के करमरी एवं चोकर, तोकापाल ब्लॉक के भड़ीसगांव एवं डिमरापाल और लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के गड़दा एवं तारागांव में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित पंचायत पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने हेतु सहभागी बनने का शपथ लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के हमारा संकल्प विकसित भारत सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया।

कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी जनसाधारण को दी। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में




**जगदलपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 20 दिसंबर को होना है। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। संघ अध्यक्ष के लिए अरुण कुमार दास, सपन कुमार देवांगन और राकेश दास ने नामांकन दाखिल किया है, जिसके बाद तीनों के बीच कड़े मुकाबले की स्थिति बनी हुई है।

**प्रत्याशियों को मतदाता के समक्ष अपने बात रखने का 19 को मिलेगा मौका :** निर्वाचन अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों को अपने मन की बात मतदाताओं को मंच प्रदान किया गया था जिसकी तारीख 18 दिसंबर थी जिस दिन गुरु घासीदास की जयंती के चलते छुट्टी पड़ गई है। अब उम्मीदवार 19 दिसंबर को दोपहर बाद 2 बजे से ग्रंथालय भवन में अपनी बात रख सकेंगे। 14 पदों के लिए होंगे चुनाव = जिला अधिवक्ता संघ के 14 पदों के लिए नाम दाखिले और नाम वापसी के बाद जहां कुछ पदों के चुनाव निर्विरोध हो चुके हैं वहीं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों के उम्मीदवार अब अपने प्रचार में जुट गए हैं। कुछ ने सोशल मीडिया पर खुद को वोट देने की अपील जारी की है तो कुछ मतदाताओं के घर तक पहुंच आहे है।

- **20 को होगा मतदान जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव**
- **391 मतदाता डालेंगे अपने-अपने वोट, सोशल मीडिया पर प्रचार का जोर**

**इनके बीच होना है मुकाबला:** अध्यक्ष अरुण कुमार दास, राकेश दास और सपन कुमार देवार्गन ने नामांकन दाखिल किए हैं। उपाध्यक्ष (पुरुष)- नितेन्द्र कौशिक, अजीम मोहम्मद और पवन कुमार राजपूत के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष ( महिला) श्रीमती हेलिना गिरिधरन और श्रीमती सुकांती पाटले के भीच वोट पड़ेंगे। सचिव के लिए लिखेश्वर जोशी और अजय श्रीवास्तव के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष के लिए दीनबंधु रथ और निर्मल कुमार सोनी और ग्रंथपाल के लिए विजय प्रकाश दास और मनबोध राम बघेल के बीच सीधी टक्कर होगी।

**इन्हें मिली निर्विरोध जीत:** मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद खान ने बताया सहसचिव के लिए संतोष चौधरी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के लिए संजय कुमार जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य आरक्षित (महिला) श्रीमती संगीता बृज फर्नाडिस सहित पुरुषों में मौसम लुनावत, ऋषि तिवारी, देवव्रत साहा, पूनम सोनी, श्रवण कुमार शुक्ला बिना किसी प्रतिरोध के चुन लिए गए हैं। विदित हो कि 458 सदस्यों वाले संघ में 435 वकील पंजीकृत सदस्य हैं। इनमें से भी 79 महिला और 312 पुरूष सदस्य ही मतदाता सूची में शामिल हैं।

## जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब मोदी की गारंटी शुरू होती है : धनीराम बारसे



**सुकमा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने रविवार को भेलवापाल पंचायत में मोदी की गारंटी विकसित भारत यात्रा रथ को स्वागत कर भेलवापाल के जनता को सम्बोधित करते हुए कहा भारत को विकसित देश बनाने के लिहाज से छोटे शहरों के विकास को अहम बताया। धनीराम बारसे जी ने कहा कि च्जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब च्मोदी की गारंटीज्शुरू होती है ज्वर्ष 2047 तक च्विकसित भारतज् बनाने के उनके संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है। च्वीडियो कॉन्फ्रेंसज् के जरिए च्विकसित भारत संकल्प यात्राज् के लाभार्थियों के एवं मोदी जी के वीडियो कॉन्फ्रेंस से वीडियो दिखाकर संबोधित करते हुए धनीराम बारसे ने कहा प्रधानमंत्री कि विकसित भारत के संकल्प के साथ च्मोदी की गारंटी गाड़ीज् देश के हर कोने तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि एक महीने में च्विकसित भारत संकल्प यात्राज् सुकमा जिला के सैकड़ो गांवों और शहरों तक पहुंच रही हैं जिन्में ज्यादातर छोटे कस्बे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार एक परिवार के सदस्य की तरह हर किसी की समस्याओं को कम करने की कोशिश कर रही है। धनीराम बारसे ने कहा, च्यह हमारी सरकार है जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। मोदी की गारंटी बाकी सभी से उम्मीद खत्म होने के बाद शुरू होती है। धनीराम बारसे ने कहा हैं कि आजादी के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था, लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। सुकमा जिला के सभी ग्राम पांचयतों में घूम रही च्मोदी की गारंटीज पूरी करने वाली गाड़ी, कार्यक्रम में उपस्थित रहे भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे, मण्डल अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डमरू नाग, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं सरपंच झापरा जोगा बारसे, मण्डल उपाध्यक्ष भंवरलाल टावरी, सोशल मीडिया सहसंयोजक प्रवीण बारसे, भेलवापाल सरपंच इंद्रदेव मरकाम, पूर्व सरपंच हिरमा मुचाकी, दुला मुचाकी, भाजपा कार्यकर्ता मुड़ा मुचाकी देवा सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

# संकल्प यात्रा का मकसद अंतिम व्यक्ति का विकास- विनय कुमार

## केन्द्रीय योजनाओं के जरिये जन-जन लाभान्वित करने की मुहिम



दंतेवाड़ा, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज जिले के ग्राम बड़ेसुरोखी, गढ़मिरी, बड़ेलखापाल में संकल्प्य यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम बड़े सुरोखी में संयुक्त सचिव भारत सरकार विनय कुमार शामिल हुए।

मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्रीय और राज्य सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा का एक मकसद है, अंतिम बेसाहारा व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना । हम इस उद्देश्य से संकल्प शिविर का आयोजन कर रहे है कि इन योजनाओं का लाभ लेने का पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित ना हो फिर वहा चाहे पेंशन योजना हो, आवास योजना हो या फिर उज्जवला योजना और इसमें आप का सहयोग सर्वाधिक जरूरी है। अत: जो जानकार नहीं है ऐसे व्यक्ति को योजनाओं से जोड़े, अगर पात्र व्यक्ति उससे लाभान्वित होता है तो यह एक संकल्प पूरा होने के समान है और बेरोजगारी और तंगहाली से मुक्ति होती है। अभी हम विकासशील देश की श्रेणी में है। इस अमृत काल में हमारा महत्वाकांक्षी लक्ष्य यह है कि 2047 तक हम विकसित राष्ट्रों के श्रेणी में आये ताकि आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल हो।

इस अवसर पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए यह जरूरी है एक नागरिक के तौर पर हम स्वयं विकास करें, समाज स्वयं विकसित हो जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर पात्र व्यक्ति योजनाओं से लाभ ले इससे उसकी सहूलियत और सुविधा में बढ़ोतरी होगी। इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का दायित्व है कि वो आमजनों को योजनाओं की पूरी जानकारी दे। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करना हमारा प्रयास रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक कर्मचारी पूर्व से संबंधितों से आवेदन लेकर स्कुटनी कर लेवे और जिस दिन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, उस दिन पात्र ग्रामीणों को इसका लाभ भी देवें। साथ ही इसका कारण भी बताएं इसके लिए जिला स्तर मॉनिटरिंग की जावेगी। किसी भी स्थिति में पात्र हितग्राही लाभ से छूटने ना पायें।

### संयुक्त सचिव ने दंतेवाड़ा के अंदरूनी इलाकों में दी दस्तक शिविर स्थल पर ही हितग्राहियों को मिला फायदा

मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंति वेक ने भी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे राज्य और केन्द्र की जनहित योजनाओं में अपनी भागीदारी दर्शये ताकि क्षेत्र का विकास हो। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने भी अपने संबोधन में कहा कि जिन पात्र. व्यक्तियों को योजनाओं से लाभ मिला है। उससे अन्य ग्रामीणों से साझा करते हुए उन्हें प्रेरित करें, क्योंकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का दारोमदार हम सबका है। कार्यक्रम में बड़े सुरोखी निवासी जागेश्वरी कड़ती, दिशा कोर्रसा और सुधीर नाग प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर मालिक बनने, भगवती यादव और बैशाखु यादव ने आयुष्मान कार्ड के तहत नि:शुल्क उपचार, बंसती यादव और ललिता यादव ने उज्जवला योजना तथा मनीराम उज्जी ने पीएम किसान निधि के तहत लाभान्वित होने का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम के अंत में आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड और उज्जवला योजना के हितग्राही को इन योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनसमूह से विकसित भारत निर्माण का प्रण भी दिलाया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत में साढ़े 6 हजार मामलों का निपटारा

## 2 करोड़ से ज्यादा के आवार्ड पारित, दंतेवाड़ा के साथ ही बीजापुर, सुकमा और बचेली में एक साथ आयोजन

दंतेवाड़ा, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, के अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिला- दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठ का गठन किया गया था। सभी न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन के मामले जैसे-बैंक, विधुत, नल जल, बीएसएनएल एवं राजस्व न्यायालयों के मामलों को मिलाकर कुल 7 हजार 260 प्रकरण रखे गये थे, जिनमें से कुल 5 हजार 313 मामले निराकृत हुए, जिसमें प्री-लिटिगेशन के कुल 17 लाख 2 हजार 44 रुपये राशि का अवार्ड पारित किया गया ।

इसी प्रकार सभी माननीय न्यायालयों में लंबित नियमित मामले कुल 1 हजार 446 रखे गये थे, जिनमें से कुल 1 हजार 250 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 1 करोड़ 96 लाख 21 हजार 597 रुपये राशि का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार सभी मिलाकर इस लोक अदालत में कुल 8 हजार 706 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से कुल 6 हजार 563 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 2 करोड़ 13 लाख 23 हजार 641 रूपये का अवार्ड पारित किया गया ।यह लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों रूप में आयोजित की गई थी।

नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दंतेवाड़ा के खंडपीठ क्रमांक 1 के पीठासीन श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में कुल 7 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल राशि 1 करोड़ 3 लाख 20 हजार रुपये का अवार्ड पारित किया गया। संतोष कुमार तिवारी, न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल 2 प्रकरण का निराकरण करते हुए 5 हजार 5 सौ का अवार्ड पारित



किया गया। प्रवीण कुमार प्रधान, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल 2 प्रकरण का निराकरण करते हुए 44 लाख का अवार्ड पारित किया गया। शान्तनु कुमार देशलहरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नक्सल कोर्ट, दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल 3 प्रकरण का निराकरण करते हुए 30 लाख 55 हजार 609 का अवार्ड पारित किया गया। शैलेश शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी, दंतेवाड़ा के न्यायालय से कुल-1 प्रकरण का निराकरण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के द्वारा भी अधिक से अधिक मामले इस लोक अदालत में राजीनामा हेतु रखे गये थे और कुल 1 हजार 235 रेगुलर मामलों का निराकरण किया गया ।

# सबके साथ-सबका विकास हमारा संकल्प- चैतराम

## नव निर्वाचित विधायक ने आंवराभाटा रेल ब्रिज को ठहराया जायज



दंतेवाड़ा, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से आज दंतेवाड़ा वन मंडल के कर्मचारियों ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने पर अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री अटामी ने वन विभाग को अपना परिवार बताया और कहा कि उनसे उनका आत्मीय रिश्ता है। श्री अटामी ने इस दौरान अपनी भावी योजनाओं का भी जिक्र किया और सबके साथ सबका विकास के संकल्प को दोहराया।

नव निर्वाचित विधायक श्री अटामी ने कहा कि भाजपा का संकल्प दंतेवाड़ा को पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि आवराभाटा रेल लाईन ब्रिज निर्माण, सरकारी भर्ती में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता, सभी सड़कों की मरम्मत, अच्छी स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा और गाँव मे बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना उनका मुख्य उद्देश्य है।

वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामलाल नेताम के मार्गदर्शन में यह मुलाकात हुई। गीदम के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में वन विभाग के समस्त कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से दंतेवाड़ा के नए विधायक से मुलाकात कर उन्हें अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही उन्हें जल्द से जल्द हल कराने की बात कही। इस पर श्री अटामी ने सभी मांगों को जायज बताते हुए उन्हें मुख्यमंत्री के सामने रखने की बात कही। इस दौरान छतीसगढ़ वन कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ दंतेवाड़ा, वन कर्मचारी लिपिक संघ, समस्त वाहन संघ, अनियमित, संविदा, अदर्ली, चौकीदार, दैनिक वेतनभोगी संघ संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

श्री अटामी ने समस्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। किसी के भी साथ भेदभाव नही किया जाएगा। जैसे इस विधानसभा में प्रदेश के समस्त कर्मचारियों, कृषकों, व्यापारियों, छोटे-बड़े उद्योगपतियो ने साथ दिया है और हम पर भरोसा दिखाया है। हमारी सरकार पूरी कोशिश करेगी किसी के साथ अन्याय न हो। सभी की जायज मांगो को समय पर पूर्ण करना ही हमारी प्राथमिकता है।

## धन धन श्री गुरुतेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर किया गया नमन

**भाटापारा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। सिक्ख पंथ के नवम गुरु श्री तेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनकी शहादत को नमन करते हुए अमृत वेले ( सुबह 5 बजे ) से नितनेम का पाठ किया गया , उसके उपरांत समाज के महिलाओं , पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर प्रभातफेरी निकाली जो पंजाबी गुरुद्वारा से आरम्भ होकर झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा , महासती मंदिर से रामसत्ताह चौक से जयस्तंभ होते हुए मल गली से हटरी बाज़ार होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई , सिक्ख सेवा संस्था के युवा वीरों द्वारा संगत के लिये चाय नाश्ते की सेवा रखी गई थी ,

समाज की महिलाओं द्वारा श्री गुरुतेगबहादुर साहिब जी के शहादत पर गुरबानी के शबद कीरतन से अपनी भावांजली अर्पित की कश्मीरी पंडितों को तात्कालिक मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जबरिया धर्मांतरण कर पूरे मुल्क में एक ही धर्म की हुकूमत चलाना चाहते थे कश्मीरी पंडितों के जनेऊ और तिलक हटाना चाहते थे तब उन्होंने गुरु जी से इस जुल्म की दास्तां सुनाई , तब श्री गुरुतेगबहादुर जी ने कश्मीरी पण्डितों से कहा कि मुगलिया शॉसक से कहो कि यदि श्री गुरुतेगबहादुर साहिब इस्लाम कुबूल कर लेते है तो हम सभी आपका धर्म स्वीकार कर लेंगे , दिल्ली के लाल किले से शाही फ़रमान जारी हुआ और गुरु श्री तेगबहादुरजी अपना चांदनी चौक पर अपना शीश देकर धर्म की रक्षा की और हिन्द की चादर के नाम से पूरे मुल्क में जाने गये ।

# दंतेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचे विधायक नीलकंठ



**दंतेवाड़ा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। केशकाल भाजपा विधायक नीलकंठ टेकाम दंतेवाड़ा पहुंचे। पूर्व आईएएस श्री टेकाम को भारतीय जनता पार्टी ने केशकाल विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया था, जहां उन्हें प्रचंड जीत हासिल हुई।

### केशकाल से जीत दर्ज करने के बाद प्रथम प्रवास भाजपाईयों ने की मुलाकात, दी शुभकामनाएं

आज विधायक बनने के पश्चात श्री टेकाम बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे और देवी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक निर्वाचित होने के पश्चात यह श्री टेकाम का प्रथमड्ढ दंतेवाड़ा प्रवास था।

श्री टेकाम ने विश्राम गृह दंतेवाड़ा में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ से मुलाकात भी की। दंतेवाड़ा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने उन्हें प्रचंड जीत की बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप,वरिष्ठ भाजपाई दुर्गा सिंह चौहान,नगर पालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता, दंतेवाड़ा भाजपा मंडल महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य रामु नेताम, खिरेन्द्र ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, दंतेवाड़ा मंडल उपाध्यक्ष रुपन मंडल, राहुल दुबे, लक्ष्मी यादव, निखिल नाग, कीर्ति, शिव समेत समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ ने बढ़ाया दोस्ती का हाथ नक्सल उत्पाद के बीच सुरक्षा का भरोसा

## मेडिकल कैंप में ग्रामीणों का उपचार

**दंतेवाड़ा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। दक्षिण बस्तर में लगातार नक्सली उत्पात मचा रहे हैं। सुकमा में नक्सलियों ने आज बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, इसमें सीआरपीएफ के एसआई शहीद हो गए।

इसके बावजूद सीआरपीएफ गांव के लोगों को अपने साथ जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रही है। कुआकोंडा के खेल मैदान में सीआरपीएफ 111 बटालियन ने गांव के लोगों के लिए निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इसका दर्जनों ग्रामीणों ने लाभ उठाया। युवाओं को खेल सामग्री बांटी गई। क्रिकेट मैच जीतने वाली टीम को पुरस्कृत किया। गांव के लोगों को दैनिक उपयोग की सामग्री भी वितरित की गई।

इस दौरान सीआरपीएफ के कमांडेंट ने कहा कि ग्रामीण बेहिचक कैंप में आ सकते हैं और फोर्स की मदद ले सकते हैं। फोर्स सुरक्षा के लिए है और मित्रता के भाव के साथ काम करती है।



## प्रादेशिकी का शेष...

### जगन्नाथ मंदिर से निकली...

अवसर पर रविवार को कुल 84 अक्षत कलश यात्रा लेकर श्रद्धालु निकले जो विभिन्न् ग्राम पंचायत पहुंचकर मंदिर में रखेंगे। इसके बाद यही अक्षत और छाया चित्र हर हिंदू परिवार के घर तक सनातनी परंपरा से आमंत्रण पहुंचाएंगे। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष लखीधर बघेल, महामंत्री हरि साहू, विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, बजरंग दल जिला संयोजक घनश्याम नाग, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक राज बहादुर सिंह राणा, विभाग कार्यकारी हेमंत पांडे, नगर कार्यवाहक सुबीर नदी एवं अन्य के साथ काफी संख्या में विभिन्न मंडलों से पहुंचे सनातनी बंधु काफी संख्या में उपस्थित थे।

### किसानों से किसान क्रेडिट...

है। इसके साथ ही साग-सब्जी उत्पादन, उद्यानिकी फसलों की खेती, मत्स्यपालन, पशुपालन के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने कृषकों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में उपस्थित होकर किसान केडिट कार्ड से लाभान्वित हो सकते हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर...

मरीज पहुंचे और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में पहुंचने वाले सभी मरीजों का निशुल्क ब्लडप्रेशर, ईसीजी और शुगर की जांच की गई। डॉ. स्नेहिल गोस्वामी ,हृदय रोग विशेषज्ञ, राजेश कुमार सिन्हा लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, डॉ. भारत भूषण,सर्जिकल आंकोलोजी, डॉ. वरुण शर्मा मूत्र रोग, स्थानीय डॉ. भंवर शर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी और मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार के लिए उचित परामर्श दिया।

### जनप्रतिनिधियों-पंचायत पदाधिकारियों सहित...

जानकारी दी गई। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन,आयुष्मान भारत कार्ड आदि के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया और उन्हें नि:शुल्क औषधि प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में एनीमिया और मोतियाबिंद का जांच भी किया गया।

## गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में आज निकलेगा भव्य शोभायात्रा

**भाटापारा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में प्रतिवर्ष मिनीमाता धर्मशाला प्रांगण भाटापारा से भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा हर साल बड़े धूमधाम से विकासखंड स्तरीय जयंती कार्यक्रम मनाया जाता है. भाटापारा में इस साल जयंती मनाते 26 वा वर्ष हो गया है. गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में इस साल भी भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाला जाएगा जिसमे हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे और शोभायात्रा में धूमाल ताशा व डीजे भी शामिल रहेगा. शोभायात्रा में पंथी नृत्य भी शामिल रहेगा साथ ही अखाड़ा दल वाले भी अपना कला प्रदर्शन करेंगे. शोभा यात्रा की भव्यता व समय का ध्यान रखते हुए इस वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम पहले किया जाएगा जिसका समय प्रात: 11-00 है उसके पश्चात शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. शोभायात्रा के वापस आने के पश्चात जैतखाम में पूजा अर्चना कर पान प्रसाद का कार्यक्रम किया जाएगा तत्पश्चात भोजन भंडारा का कार्यक्रम चालू किया जाएगा साथ ही विभिन्न पंथी दल के लोग अपना प्रस्तुति देंगे. मंच में पंथी दल प्रस्तुति के साथ-साथ विचार संगोष्ठी का भी कार्यक्रम चलते रहेगा. 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती से पूर्व प्रभात 17 दिसंबर रविवार को भव्य सतनाम बाइक रैली का भी आयोजन किया गया था जिसमें समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए थे साथ ही रात्रि में पूरे नगर को सफेद ध्वजा के साथ सजाया गया ऐसा प्रतीत हो रहा है।

# बाजार नहीं, तो बोनी भी नहीं, कुसुम से किसान कर रहे किनारा

## कम कीमत, कम तेल तथा अधिक पारिश्रमिक

**भाटापारा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। कुसुम से किनारा कर रहे हैं, प्रदेश के किसान क्योंकि तैयार फसल के लिए बाजार तेजी से घट रहा है। रकबा बढ़ाने के प्रयास तो हैं लेकिन बाजार के लिए गंभीर चिंतन और कोशिश सिरे से गायब है। जो खेती हो रही है, उसके पीछे भाजी उपभोक्ताओं की मांग ही है, जिसने बर्रे याने कुसुम को बचाए रखा है।

तिलहन फसलों में कभी नाम होता था कुसुम का। बर्रे के नाम से पहचानी जाने वाली यह फसल परिपक्वता अवधि के पूर्व भाजी के रूप में सेवन की जाती है, तो उम्र पूरी करने के बाद हासिल उपज से खाने का तेल बनता था। हाथों-हाथ खरीदी करती थीं ऑयल मिलें लेकिन बीते 5 साल से इकाइयां सोयाबीन की खरीदी को प्राथमिकता दे रहीं हैं। ऐसे में कुसुम को वह जगह नहीं मिल रही है, जैसा होना चाहिए था।



**इसलिए खत्म हो रहा रुझान**

सोयाबीन। तिलहन फसलों में एकमात्र ऐसी फसल है जिसकी खेती देश स्तर पर हो रही है। प्रति क्विंटल तेल का प्रतिशत ज्यादा होना और संगठित बाजार की आसान उपलब्धता। यह दो ऐसे प्रमुख कारक रहे, जिसकी वजह से सोयाबीन आगे,तो कुसुम पीछे होता चला गया। कुसुम के पीछे होने का क्रम आज भी जारी है।

**थी सर्वोत्तम, यहां की कुसुम**

कवर्धा, मुंगेली और बेमेतरा जिले के अलावा तखतपुर के किसान कुसुम की व्यवसायिक खेती करते थे। तैयार फसल को भाटापारा कृषि उपज मंडी में बेहतर कीमत और बेहतर प्रतिसाद मिलता था। आज इन उत्पादक क्षेत्रों में कुसुम की व्यावसायिक खेती का किया जाना लगभग खत्म होता जा रहा है।

**खुली नई मंडियां, फिर भी...**

बेमेतरा, मुंगेली, कवर्धा और तखतपुर। यहां भी कृषि उपज मंडियां अस्तित्व में आ चुकीं हैं। कारोबार भी बढ़ा है लेकिन नहीं बढ़ा कारोबार, तो केवल कुसुम का। विकट थी यह स्थिति क्योंकि मंडियां तो संचालन में आ गई लेकिन बर्रे की खेती को प्रोत्साहन की नीतियां कारगर नहीं हो पाई। ऐसे में कुसुम के किसान इसकी खेती से किनारा कर रहे हैं।

**कम कीमत, कम तेल तथा अधिक पारिश्रमिक**

अन्य तिलहनी फसलों की तुलना में कम कीमत की प्राप्ति, तुलनात्मक रूप से कम तेल सामग्री, अधिक पारिश्रमिक, विभिन्न जैविक और अजैविक तनाव के प्रति संवेदनशीलता यह कुछ कारक है जिस कारण प्रदेश के कृषक कुसुम की खेती से किनारा कर रहे है।

डॉ. (ले.) रोशन परिहार, असिस्टेंट प्रोफेसर (जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन बिलासपुर

# नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों का किया गया निराकरण

**कोण्डागांव,** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 16 दिसम्बर को लंबित कई प्रकरणों के निराकरण किए गए होने के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताए गए अनुसार माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में जिला कोण्डागांव के समस्त न्यायालयों उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती प्रिशिला पॉल होरो अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमान कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश(एफ.टी.एस.सी) पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्टेव्ट कोण्डागांव, शिवप्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव एवं तालुका स्तर में हरेन्द्र सिंह नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, श्रीमती अंजली सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल के न्यायालय में खण्डपीठ का गठन कर 16 दिसम्बर 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय कोण्डागांव में मोटर दुर्घटना दावा के 30 प्रकरण रखे गए जिसमें 09 प्रकरण निराकृत हुए, एन.आई.एक्ट के 203 प्रकरण रखे गए, जिसमें 47 प्रकरण का निराकृत हुआ, मेट्रोमुनियल के 11 प्रकरण रखे गए जिसमें 02 प्रकरण निराकृत हुए एवं अदर सिविल केस 07 प्रकरण रखे गए जिसमें 01 प्रकरण निराकृत हुआ, ट्रैफिक चालान के 166 प्रकरण रखे गए, जिसमें 166 प्रकरण निराकृत किए गए, जिनमें दो करोड़ नौ लाख इक्कीस हजार छः सौ सत्तानबे रूपये का अवार्ड पारित किया गया एवं आपराधिक मामलों के कुल 294 प्रकरण रखे गए, जिसमें 97 प्रकरण राजीनामा के माध्यम से निराकृत हुए। तथा न्यायालय में बैंकों द्वारा पेश प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं विद्युत विभाग के प्रकरण, नगर पालिका परिषद् के प्रकरण, दूरसंचार विभाग के प्रकरण एवं राजस्व विभाग के कुल 3634 प्रकरणों को रखा गया, जिसमें 1450 प्रकरणों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण कर कुल छप्पन लाख सत्रह हजार आठ सौ चौवन रूपये की बकाया राशि प्राप्त हुई। उक्त नेशनल लोक में कुल 1772 प्रकरणों का निराकरण कर कुल दो करोड़ पैंसठ लाख उनचालीस हजार पांच सौ इक्यावन रूपये का अवार्ड पारित किया गया।




इस अवसर में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरा लीगल वालिंटियर्स, समस्त बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद्, दूरसंचार विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए पक्षकारों के उपस्थित व सहयोग से उपरोक्त सफलता प्राप्त की जा सकी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारी, न्यायिक कर्मचारी, अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरा लीगल वालिंटियर्स, समस्त बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद्, दूरसंचार विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के दूरदराज से आए पक्षकारों के लिए भोजन का व्यवस्था भी किया गया।

# नेशनल खोखो के लिए चयन हुआ, डीएवी विश्रामपुरी की छात्राओं का



**कोण्डागांव,** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। नेशनल खोखो के लिए डीएवी विश्रामपुरी की छात्राओं का चयन होने की जानकारी प्राप्त हुई है।

कहते हैं प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। जिस प्रकार से कीचड़ में कमल व कांटों के बीच गुलाब अपनी सुंदरता एवं सुगंध फैलाता है, उसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रतिभाओं ने अपने कठिन परिश्रम के बल पर लक्ष्य हासिल कर अपने माता-पिता, गुरुजनों, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। यही विद्यार्थी कल के भविष्य हैं।

कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर विश्रामपुरी क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल के डीएवी मुख्य मंत्री पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जोनल स्टेट लेवल में अपना प्रदर्शन करते हुए खो खो कबड्डी में परचम लहराया है, जिसमें बालिका वर्ग 17 वर्ष आयु में खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल खेलने के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। वहीं बालक वर्ग कबड्डी अंडर-19 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एथलीट्स में 1500 मीटर एवं 800 मीटर रेस में कुमारी दीपिका सोरी तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने प्रतिभा का प्रर्दशन किया। स्पोर्ट्स टीचर लीकेश साहू एवं विकास साहू, पूर्णिमा साहू के सानिध्य में सभी छात्र-छात्राओं ने कोरबा में अपने खेल का बेहतर प्रर्दशन किया। अब 4 जनवरी को हरियाणा गुड़गांव में नेशनल खोखो खेलने छात्राएं जाएंगी। छात्राओं के जीत पर संस्था के प्राचार्य पी.के.पटनायक एवं मेनेजर ए.के. बोस ने शुभकामनाएं प्रेषित किया है। डीएवी स्कूल के शिक्षक पी.एल.साहू, साथी शिक्षकगण एवं पालकगण ने भी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया है। डीएव्ही के विद्यार्थियों ने विश्रामपुरी क्षेत्र को गौरवांन्वित किया है

# आयुर्वेद के प्रति जागरुक कर स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करना

**कोण्डागांव** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। संचालक आयुष नम्रता गांधी के दिशानिर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बस्तर डॉ.जे.आर.नेताम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम के तहत आयुर्विद्या- एक विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का आयोजन आयुष केंद्र बड़े डोंगर के माध्यम से शासकीय माध्यमिक विद्यालय बड़े डोंगर में शुक्रवार को हुआ।



कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम द्वारा आहार विधि, दिनचर्या, ऋतुचर्या, स्वस्थवृत, आचार रसायन, पोषण, वनौषधि, हस्तप्रक्षालन, स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य में आयुर्वेद, स्वास्थ्य जागरूकता, प्रकृति परीक्षण, योगाभ्यास आदि सभी घटकों को समाहित करते हुए आयुर्विद्या कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन किया गया।

डॉ.विश्वकर्मा द्वारा बच्चों को दिनचर्या, ऋतुचर्या आहार, आदि के विषय में जानकारी देकर आयुर्वेद अपनाने प्रेरित करने के साथ ही प्रकृति परीक्षण और स्वस्थ वृत्त की जानकारी एवं बच्चों को हाथ धुलाई के स्टेप बताते हुए भोजन के पहले और शौच के बाद अच्छी तरह हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.बनपेला ने मुखरोग के साथ ही स्वच्छता के महत्व की बात बताई गई।

कोंडागांव जिला में आयुर्विद्या कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला आयुष नोडल अधिकारी डॉ.चंद्रभान वर्मा ने आयुर्विद्या अंतर्गत विद्यार्थियों को वनौषधियों की पहचान गुणधर्म और उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए योग प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करने के साथ आयुर्विद्या कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता के साथ स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करना है।

एनीमिया के लक्षण एवं बचाव के उपायों के लिए हरी सब्जियों मौसमी फल के सेवन के साथ ही बालिका स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सी.बी.वर्मा, डॉ.योगेश विश्वकर्मा एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है रेलवे लाईन को जगदलपुर से चालू करवाना और केशकाल घाट, व बायपास को जल्द से जल्द बनवाना- नीलकंठ टेकाम

**कोण्डागांव** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता रेलवे लाईन को जगदलपुर से चालू करवाना तथा केशकाल घाट एवं बायपास को जल्द से जल्द बनवाना है उक्त बातें नव निर्वाचित केषकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने प्रेस से कही है।



केशकाल की जनता का मेरे प्रति विश्वास का परिणाम

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि मेरी जीत भाजपा के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत व केशकाल की जनता का मेरे प्रति विष्वास का परिणाम है। क्योंकि 10 साल से पूर्व विधायक के कामों को जनता देख चुकी थी, जोकि बस्तर के लाईफ लाईन केषकाल घाट और शहर के धूल खाती सड़क से बेहद परेशान थे।

लेकिन केशकाल की जनता ने मुझपर विष्वास जताया है, तो मेरी पहली प्राथमिकता केशकाल घाट, केशकाल शहर से बायपास सड़क को जल्द से जल्द बनवाना है, जिससे केशकाल के साथ साथ पूरे बस्तरवासियों को परेशानियों से राहत मिल सके।

इसके साथ ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बस्तर को रेलवे से जोड़ने के लिए किरंदुल से लेकर जगदलपुर कोंडागांव नारायणपुर भानुप्रतापपुर से दल्ली राजहरा होते हुए रायपुर से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिसमें रावघाट तक का काम लगभग पूरे होने को है, लेकिन मेरी पहली प्राथमिकता ये है कि जगदलपुर से कोंडागांव जोकि मैदानी क्षेत्र है और कोंडागांव जिले में सभी किसानों का मुवावजा भी केन्द्र सरकार द्वारा दिया जा चुका है और जमीन भी अधिग्रहण हो गया है, तो जगदलपुर से कोंडागांव तक जल्द से जल्द रेल्वे लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ करने के लिए बस्तर संभाग के सभी विधायकगण से बातचीत कर रेलमंत्री से मिलने का समय लेकर जगदलपुर से कोंडागांव से नारायणपुर तक का रेलवे लाईन का काम प्रारंभ करने के लिए कहेंगे ताकि जल्द से जल्द कार्य पूरा हो सके।

# जिले के प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय संयुक्त सचिव विनय कुमार ने की समीक्षा

**कोण्डागांव** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए कोंडागांव जिले के प्रभारी अधिकारी तथा भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव विनय कुमार ने जिले में कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की।



उन्होंने इस दौरान कहा कि भारत सरकार आगामी 25 वर्षों में विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है तथा इसी दिशा में अब अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं से शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर जरुरतमंद व्यक्ति को उसकी पात्रता अनुसार योजना का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को दिए जाने वाले लाभ की जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा संबंधित विभागीय पोर्टल में अवश्य दर्ज किया जाना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में बताया कि इसके लिए दिवस प्रभारी तथा वेन प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कार्यक्रम के शीघ्र संचालन के लिए अतिरिक्त दो वाहनों की मांग की गई है, अन्यथा प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की संख्या में वृद्धि का विकल्प भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके आयोजन के लिए दिवस प्रभारी, वेन प्रभारी और सूचना तकनीक आदि के दायित्वों का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय बोलियों के साथ भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाट-बाजार वाले दिन कार्यक्रम के आयोजन की रुपरेखा तैयार की गई है, वहीं सहायता के लिए युवोदय के स्वयंसेवक भी पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग समस्त संसाधनों के साथ उपलब्ध रहते हैं।

कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीणों को योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करने के लिए तीन दिवस पूर्व ग्रामीण सचिवालयों में आवेदन पत्र संग्रहित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं संपर्क केन्द्र के माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पंचायत सचिव संघ भानुप्रतापपुर के निर्विरोध अध्यक्ष बने कृष्णा कावड़े

**भानुप्रतापुर,** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई भानुप्रतापपुर जिला कांकेर के ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रदेश पंचायत सचिव संघ छ.ग. के आदेशानुसार 15/12/2023 को मतदान स्थल -जनपद पंचायत सभाकक्ष भानुप्रतापपुर में निर्वाचन कार्य प्रात:11ः00 बजे से प्रारंभ होकर 4ः00 बजे तक संपन्न हुआ। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष हेतु एक मात्र नाम निर्देशन पत्र श्री कष्णा कावड़े सचिव ग्राम पंचायत केवटी का प्राप्त हुआ ।जिसे निर्वाचन अधिकारी तुलसी दास मानिकपुरी द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ भानुप्रातापपुर घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान की गई ।एवं ब्लाक कार्यकारणी का गठन किया गया।



जिसमें अध्यक्ष कृष्णा कावड़े , सरंक्षक धनाजी ठाकुर, झाडूरामगोटा, उपाध्यक्ष बरसन सलाम, पूनम दर्रो, सचिव रघुवर साहू, सह सचिव बशन्ती नेताम, कोषाध्यक्ष रामसेवक तेता, प्रवक्ता रामकरण सिन्हा, मिडिया प्रभारी भेष कुमार जैन, अनिल पटेल,सलाहकार बरनसिंह आचला, केशा कोरेटी,संगठन मंत्री तुलसी यदु, निधि राजपूत,ब्लाक कार्यकारणी सदस्य का गठन किया गया। इस अवसर पर श्री रामकरण सिन्हा प्रदेश मिडिया प्रभारी ,झाडू राम गोटा,रघुवर साहू,केशा कोरेटी ,दूकालू गोटा,धनाजी ठाकुर,बरसन सलाम ,बरन आचला ,भेष कुमार जैन,निधि राजपूत,पूनम दर्रो,आशमनी शोरी,बसन्ती नेताम ,ब्लाक के सभी पंचायत सचिव एवं रामचंद साहू,महेंद नरेटी निर्वाचन अधिकारी के उपस्थिति में संपन्न हुआ।*

# अक्षत कलश का नगर वासियों ने किया दर्शन



**बचेली,** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। जैसा कि पूरे भारतवर्ष में श्री राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक भारतवासी को अक्षत कलश का दर्शन कराया जा रहा है और अक्षत पत्र प्रदान किया जा रहा है उन्हें अब निमंत्रित किया जा रहा है कि वह भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हो इसी तारतम में बचेली नगर में भी अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है जो बंगाली कैंप नंबर 2 से आरंभ हुई और बचेली नगर के सभी मंदिरों से होते हुए रेलवे लिंगेश्वर मंदिर होते हुए पुराना मार्केट के शिव मंदिर होते हुए मुख्य बाजार के हनुमान मंदिर तक रैली गुजरी और यहां से फिर कलश को शोभायात्रा के रूप में लेकर आर ई एस कॉलोनी दुर्गा मंदिर तक ले जाया गया जहा सभी नगर वासियों को एक जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक अक्षत और पत्रक का वितरण किया जाएगा पूरे हर्षउलास के साथ नगरवासी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए अद्भुत उत्साह है सभी में और प्रभु श्री राम के प्रति श्रद्धा भाव प्रदर्शित हो रहा है और यही उल्लास भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा तक बनी रहेगी।

# युवा-अग्निवीर भर्ती रैली हेतु जांजगीर रवाना हुए

## केन्द्रीय संयुक्त सचिव एवं कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



**कोण्डागांव** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए जांजगीर रवाना हो रहे युवाओं से भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव विनय कुमार तथा जिले के कलेक्टर ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा के प्रति आप सभी का उत्साह अप्रतिम है तथा यह सफलता में निश्चित तौर पर सहायक होगी। उन्होंने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के अधिक से अधिक युवा सफल होकर जिले का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने अग्निवीर भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिकों के माध्यम से युवाओं को दिए गए प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश पाण्डे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संयोजक सुब्रत साहा, सचिव उमेश कुमार साहू उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा- धनोरा, मांझी आठगांव व मसोरा से

**कोण्डागांव,** 17 दिसम्बर (देषबन्धु)। कोंडागांव जिले के धनोरा तहसील मुख्यालय धनोरा, कोंडागांव विकास खंड के ग्राम पंचायत मसोरा और फरसगांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मांझी आठगांव में से विकसित भारत संकल्प यात्रा हुई।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत इन स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमूह ने विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधान मंत्री जन-धन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि योजनाओं के लाभार्थियों ने इन योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के संबंध में बताते हुए ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया।

इस दौरान कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किए गए। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण, टी.बी. एवं सिकलसेल आदि बीमारियों का जाँच भी की गई। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु फॉर्म भराए गए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्री

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाभार्थियों से बातचीत की और उनके जीवन में आए बदलावों का जाना। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण लोगों के जीवन में आए बदलाव को देखते हुए विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना को शीघ्र साकार होने की आशा व्यक्त की।

मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सान्निध्य में राज्यमंत्री के तौर पर कार्य करने के दौरान अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्री मोदी की प्राथमिकता गरीबों का कल्याण है तथा वे इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण लोगों के जीवन में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को तेजी से साकार करने की बात कही।

वहीं धनोरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तेजी से कार्य करने की बात कही। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकरलाल पटेल भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इनमें प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग हेतु प्रेरित करने हेतु 'माटी कहे पुकार के' नृत्य नाटिका के साथ ही अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इन सभी कार्यक्रमों में मसोरा में जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, सदस्य बालसिंह बघेल, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, मांझी आठगांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम सहित स्थानीय अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जा वाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान में कौन-सी मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी।

## संपादकीय

# महंत के अनुभवों का लाभ ले कांग्रेस

*डॉ. चरणदास महंत के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष मिल गया है। शनिवार को उनके नाम पर कांग्रेस हाईकमान ने मुहर लगाई है। इसी माह की 3 तारीख को विधानसभा चुनावों के लिये निकले नतीजों के बाद भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली, जिसके लिये मतदान नवम्बर की 7 व 17 तारीखों को हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोई पद लेने से इंकार करने के बाद महंत पर सहमति बनी। पिछले हफ्ते ही केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन एवं प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा ने रायपुर में सभी कांग्रेस विधायकों से बात कर अपनी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी। इसके मुताबिक ही महंत को यह अहम जिम्मेदारी मिली है।*

*उल्लेखनीय है कि डॉ. महन्त पिछली कांग्रेस सरकार में विधानसभा के अध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व सम्भाल चुके हैं। वे संसदीय नियमों एवं परम्पराओं का पालन करने वाले माने जाते हैं। विवादों से हमेशा परे रहने वाले महंत बड़ा अनुभव राज्य विधानसभा के साथ लोकसभा का भी रखते हैं। वे तीन बार लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं और अनेक समितियों में उनकी सदस्यता भी रही। अविभाजित मध्यप्रदेश के वे राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे। ऐसे ही उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भी केन्द्र सरकार में काम करने का तजुर्बा है। एक बार तो वे छत्तीसगढ़ के लोकसभा में एकमेव प्रतिनिधि भी रह चुके हैं तथा उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत फिलहाल उनके निर्वाचन क्षेत्र कोरबा से सांसद हैं। राज्य के एक प्रमुख राजनैतिक व्यक्तित्व बिसाहूदास महंत के पुत्र चरणदास की अपनी एक स्वतंत्र पहचान कार्य कुशलता के अलावा अपनी सौम्यता के कारण भी है। वे न सिर्फ संसदीय कानूनों के अच्छे ज्ञाता हैं बल्कि मुद्दों पर भी अच्छी पकड़ रखते हैं। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता होने के कारण उन्हें प्रशंसा व सम्मान से देखा जाता है।*

*विपक्ष में आने के बाद कांग्रेस को अब बड़ी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। जनहित के मसलों को लेकर जहां उसे एक ओर सदन ने बाहर सक्रिय रहना होगा वहीं विधानसभा के भीतर भी उसे लोगों के सरोकारों के साथ मजबूती के साथ खड़ा होना पड़ेगा। संगठन को दोबारा सत्ता में आने के लिये आंदोलनों का सहारा लेना लाजिमी है तो वहीं कांग्रेस विधायक दल को विधानसभा के भीतर उठने वाले विषयों पर सक्रियता दिखानी होगी। लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व से सभी वाकिफ हैं। विधायक दल को देखना होगा कि नागरिकों को उनके अधिकार मिलें। उनकी ज़रूरतों के अनुसार सरकार को काम करने के लिये बाध्य करना भी अब विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस के जिम्मे है। पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दीपक बैज बने रहेंगे, जो अपेक्षाकृत कम अनुभवी हैं। महंत को उन्हें भी मार्गदर्शन देना होगा।*

# व्यापारी समूहों के 10 ठिकानों पर आयकर छापा तीसरे दिन खत्म

## जांच में मिले करोड़ों रुपए, कुछ जगह जांच जारी



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। तीन राज्यों की आयकर टीम द्वारा अनाज कारोबारीए कोल्ड स्टोरेज और ब्रोकर के ठिकानों पर चली जांच तीसरे दिन भी जारी रही। बताया जा रहा है कि आयकर टीम ने कारोबारियों के 10 ठिकानों पर जांच की। शनिवार देर रात जांच पूरी हो गई।

हालांकि अभी भी कारोबारियों के रायपुर,बिलासपुर, भिलाई और दुर्ग के लगभग 38 ठिकानों पर जांच जारी है। इन 38 ठिकानों में भी अगले दो से तीन दिन में जांच पूरी होने की उम्मीद है। मालूम हो कि गुरुवार दोपहर को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की संयुक्त रूप से 350 सदस्यीय आयकर टीम ने कोल्ड स्टोरेज, अनाज कारोबारी और ब्रोकर के ठिकानों पर दबिश दी।

शुक्रवार को आयकर जांच में इन कारोबारियों के पास से पांच करोड़ रुपये में जब्त किए गए। इसके साथ ही 12 लाकर भी मिले हैं। आयकर की इस कार्रवाई में 350 आयकर अफसरों के साथ ही 200 सीआरपीएफजवान भी शामिल हैं।

आयकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कारोबारियों के ठिकानों से जब्त कंप्यूटर हार्ड डिस्क तथा लैपटाप की जांच के लिए अहमदाबाद से फारेंसिंग एक्सपर्ट की टीम भी आई है।

**इन ठिकानों पर चल रही जांच**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में आयकर अफसरों की टीम ने राजेश्वरी, बालाजी, मां शारदा, मानवी कोल्ड स्टोरेज, बालकिशन माहावार ब्रोकर सूरज पल्सेस भनपुरी के अलावा अन्य कारोबारी ठिकानों पर भी दबिश दी थी। इस कार्रवाई में अभी तक विभाग को पांच करोड़ की नकद राशि मिली हैए जिसे जब्त कर लिया गया है। साथ ही भारी मात्रा में जेवरात भी मिले हैं। आयकर सूत्रों के अनुसार राजेश्वरी के अलावा बालाजीए मां शारदाए मानवी कोल्ड स्टोरेज में छापे की कार्रवाई की जा रही है।

**कच्चे में हो रहा था काम**

इन कारोबारी समूहों के पास से भारी मात्रा में कच्चे में लेन.देन हो रहा था। आयकर अफसरों को इसके सबुत भी मिले हैं। कारोबारियों के लैपटापए कंप्यूटर आदि को जब्त कर उनके पिछले तीन वर्षों की डिटेल भी की भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि आयकर अफसरों को आशंका है कि कंप्यूटरए लैपटाप से काफी मैसेज डिलीट कर दिए गए हैं। इसके चलते ही आयकर अफसरों द्वारा फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। अहमदाबाद से करीब 12 सदस्यीय फोरेंसिक एक्सपर्ट बुलाए गए हैं। ये विशेषज्ञ डिलीट मैसेज को रिकवर करने और डेटा कापी करने का काम कर रहे हैं।

## मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राज्य अतिथि गृह पहुंना में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्माकुमारी सविता बहन और सोमनाथ भाई सहित अन्य बहनों ने सौजन्य मुलाकात की। ब्रह्माकुमारी सविता ने मुख्यमंत्री का तिलक कर मुंह मीठा कराकर बधाई और शुभकामना दी। उन्होंने मुख्यमंत्री साव और विधानसभा के सभी सदस्यों को राजस्थान के माउंट आबू स्थित संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गतिविधियों की भी जानकारी दी।

# आज मुंगेली दौरे पर रहेंगे सीएम विष्णुदेव साय



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस साल भी 18 दिसंबर को सतनामी समाज के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय मुंगेली जिले का दौरा करेंगे जहां वह गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां भी अपने अंतिम चरण में है। रविवार को बिलासपुर रेंज के आईजी अजय यादव, कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह आज जिले के मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम अमरटापू-मोतिमपुर और लोरमी विकासखंड के लालपुरथाना पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया और गरिमामय आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

- गुरूघासीदास जयंती पर सामाजिक कार्यक्रम में करेंगे शिरकत
- बिलासपुर आईजी ने कलेक्टर और एसपी के साथ तैयारियों का लिया जायजा

आईजी ने कार्यक्रम स्थल में बैठक व्यवस्था, पेयजल, बेरिकेटिंग, हेलीपेड सहित अन्य तैयारियों का अवलोकन किया और पार्किंग, वाहन व्यवस्था, कानून व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी ने कलेक्टर और एसपी के साथ पेण्ड्रीतालाब पहुंचकर वहां की वस्तुस्थिति का भी जायजा लिया।

निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल दोपहर 1.05 बजे गुरूघासीदास विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर से हेलीकाप्टर के जरिए प्रस्थान कर दोपहर 1.25 बजे लालपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दोपहर 1.30 बजे से 2.30 बजे तक गुरूघासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर 2.55 बजे लालपुर से हेलीकाप्टर के जरिए प्रस्थान कर 3.15 बजे ग्राम मोतिमपुर-अमरटापू धाम पहुंचेंगे और 3.20 से 4.20 तक गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सीएम साय शाम 4.25 बजे मोतिमपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

गौरतलब है कि बीते दिनों लोरमी से रायपुर पहुंचे सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम साय को लोरमी के लालपुर में होने वाले भव्य जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दिया था जिसे सीएमओ की तरफ स्वीकार कर लिया गया है।

## मप्र की तर्ज पर रायपुर में बढ़ेगी सख्ती

# निर्धारित स्थानों को छोड़कर कहीं भी मांस-मटन बेचने पर लग सकती है रोक!



नगर निगम ने दी चेतावनी

**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मध्यप्रदेश का फार्मूला अपनाया जा सकता है, राजधानी रायपुर में अब खुले में मास मटन की बिक्री पर रोक लग सकती है, रायपुर नगर निगम द्वारा चेतावनी दी गई है कि निर्धारित जगहों के अलावा कहीं मांस मटन बेचने पर कल से कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी दुकानदारों को मांस - मटन को ढककर रखने की भी चेतावनी दी गई है।

निगम प्रशासन की ओर से कहा गया है कि शिकायत मिल रही है कि मांस -मटन का विक्रय कहीं भी किया जा रहा है। जिससे आसपास के क्षेत्र में गन्दगी फैल जाती है और वातावरण भी दूषित हो रहा है। मांस -मटन का विक्रय के लिए शहर में जगह निर्धारित की गई है। निर्धारित जगह के अलावा कहीं भी इसे बेचते पाए जाने पर कल से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभी इसे लेकर आधिकारिक पुष्टि या कोई आदेश नहीं आया है। जल्द ही आने की आशंका है।

# रमनसिंह ने दिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा

## प्रदेश भाजपा को जल्द मिल सकता है नया प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा में बड़े बदलाव के संकेत हैं। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर महामंत्री और संगठन के अन्य पदों पर चेहरे बदले जा सकते हैं। साथ ही विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए 19 दिसंबर को चुनाव होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह नए विधानसभा अध्यक्ष होंगे। ऐसे में उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओं ने लोकसभा सदस्य व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को उप मुख्यमंत्री बना दिया है। वहीं महामंत्री विजय शर्मा को भी उप मुख्यमंत्री बना दिया गया है। इनकी जगह नए नेता को जगह दी जाएगी। ऐसे में पार्टी में बदलाव जल्द ही दिखेगा।

**साय को मुख्यमंत्री बनाकर साधा जातिगत समीकरण**

भाजपा ने प्रदेश में आदिवासी समाज के नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को साधने का प्रयास किया है। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे से अरुण साव और ब्राह्मण समाज से विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाकर सभी वर्ग को साधने की कोशिश की है। साव के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बदलने की चर्चा है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दावेदार**

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अध्यक्ष पद पर किसी ओबीसी वर्ग के नेता को बैठा सकती है। इसमें दुर्ग के लोकसभा सदस्य विजय बघेल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक का नाम चल रहा है। इसके साथ ही पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर को भी प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

# राज्य में परख परीक्षा से छात्रों के भाषा-गणित ज्ञान का आंकलन

**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को जानने के लिए केंद्र शासन (एनसीईआरटी) के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग (एससीईआरटी रायपुर) द्वारा पिछले दिनों राज्य भर में शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण किया गया। एससीईआरटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में पहली बार ब्लॉक स्तर के स्कूलों को राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वे में शामिल किया था।

इस सर्वेक्षण के तहत तीसरी कक्षा के छात्रों का बुनियादी साक्षरता, अंकगणित, छठी के छात्रों का भाषा, गणित, पर्यावरण शिक्षा और नौवीं के छात्रों का भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में ज्ञान को जांचा गया। यह सर्वेक्षण प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। इस सर्वेक्षण को डीएलएड प्रशिक्षुओं और बीएड प्रशिक्षुओं की सहायता से आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के तहत परख परीक्षा का आयोजन किया गया।

# कांग्रेस महासचिव से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक दिल्ली से लौटे

**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में रार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। नेता गुटों में बंटे हुए हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होते जा रहा है। यहां की दिल्ली तक पहुंच गई है। नई दिल्ली गए 12 पूर्व विधायकों का प्रतिनिधिंडल लौटने लगा है। उनकी मुलाकात नई दिल्ली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से नहीं हो पाई है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी मुलाकात का समय नहीं मिल पाया। पूर्व कांग्रेस विधायकों के मुताबिक जिन 22 विधायकों की टिकट काटी गई थी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उनसे एक-एक करके मुलाकात करने का वादा किया है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि कई विधायकों की टिकट जानबूझकर काटी गई। उनसे पूरा पक्ष लिया जाएगा। इस मुलाकात में पूर्व विधायकों ने प्रदेश कांग्रेस के उन बड़े पदाधिकारियों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है, जिन्होंने 2018 के चुनाव में विधायक बने 22 विधायकों की टिकट काटी थी, वहीं कुछ विधायकों की सीटें बदली गई थी।

- पार्टी अध्यक्ष व राहुल गांधी से मुलाकात नहीं हो पाई

**जो कहना था कह दिया : बृहस्पत सिंह**

बलरामपुर से कांग्रेस के पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह ने नईदिल्ली से लौटने के बाद कहा कि जो कहना था हमने कह दिया और कुछ नहीं कहना है। हमने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सामने अपनी बात रखी दी है। हमने अपना पक्ष हाइकमान के समक्ष रख दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सच बोलने वालों पर कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के लिए यह स्थिति लोकसभा चुनाव के लिहाज से चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। चुनौती इसलिए क्योंकि विधानसभा चुनाव में हार के लिए निचले स्तर के पदाधिकारियों ने कई बड़े पदाधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है।

# महादेव एप के जरिए 400 करोड़ की ठगी का एक और आरोपी नोएडा से गिरफ्तार



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। इन दिनों देशभर में महादेव ऐप सुर्खियों में है करीब 400 करोड़ रुपए के महादेव ऐप ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड के एक आरोपी को पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के बाद से आरोपी झांसी निवासी हिमांशु फरार था बता दें कि अब तक इस मामले में 16 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

- अब तक 16 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

हिमांशु पर करीब 400 करोड़ की ठगी में शामिल होने का आरोप है फरवरी में पुलिस ने गेमिंग फ्रॉड का खुलासा किया था नोएडा के सेक्टर 108 में ऑनलाइन गेमिंग ऐप का दफ्तर खोलकर ठगी की जा रही थी पुलिस की टीम ने कार्यालय पर धावा बोलकर अंतरराष्ट्रीय गिरोह के 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया था गिरोह का जाल भारत के अलग.अलग शहरों के अलावा दुबई,सिंगापुर, नेपाल, मलेशिया और हांगकांग तक फैला था,दुबई में बैठा सौरभ गिरोह का संचालन कर रहा था,जबकि इस गिरोह का मुख्य नेटवर्क छत्तीसगढ़ में है,नवंबर में कोतवाली सेक्टर.39 पुलिस ने इस गिरोह के बदमाशों पर गैंगगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था,इसमें शामिल हिमांशु को महामाया फ्लाईओवर के पास दबोच लिया,आरोपियों के पास से 12 लैपटॉप, 73 मोबाइल, 6 पासबुक और 90 डेबिट कार्ड बरामद किए गए थे,डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया था कि महादेव बुक का मालिक सौरभ चंदाकर डील कराता था लोगों को ठगने के लिए आरोपियों ने दुबई में ट्रेनिंग ली थी गिरोह का जाल भारत के अलग.अलग शहरों में भी फैले होने का खुलासा हुआ था।

# बीएएलएलबी ऑनर्स के 150, एलएल एम प्रोग्राम के 90 छात्रों को मिली डिग्री



**रायपुर**, 17 दिसंबर (देशबन्धु)। हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) रायपुर का सप्तम दीक्षांत समारोह आज नवा रायपुर में उच्चतम न्यायालय एवं हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा विशिष्ट के रूप में शामिल हुए।

यह समारोह विश्वविद्यालय के वैधानिक समितियों के सदस्यों, वाईस-चांसलर तथा डीन्स द्वारा अकादमिक प्रोसेशन के साथ आरम्भ हुआ। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं एचएनएलयू के कुलपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कार्यक्रम में छात्रों को डिग्री प्रदान की। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, तथा न्यायमूर्ति पी. सैम कोशी, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, तेलंगाना, न्यायमूर्ति जी. रघुराम, पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों द्वारा दीक्षांत समारोह में बीएएलएलबी ऑनर्स के 150 छात्रों को तथा एल.एल.एम. प्रोग्राम के 90 छात्रों ने डिग्री दी गई। इसी प्रकार 4 पीएच.डी. स्कॉलर्स को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की डिग्री प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस ने समारोह के दीक्षांत सम्बोधन में विधि कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नए बदलाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विधि क्षेत्र में महिलाओं तथा छात्राओं ही बढ़ती सहभागिता तथा प्रभाव पर खुशी जाहिर की। उन्होंने विभिन्न कैरियर अवसर जैसे जुडिशरी शिक्षण, रिसर्च या किसी लॉ फर्म आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधि क्षेत्र में सफलता का एक मात्र सूत्र परिश्रम है। उन्होंने डिग्री अर्जित करने वाले स्टूडेंट्स को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

दीक्षांत कार्यक्रम में विशिष्ट शिक्षाविद विशेषकर प्रो. (डॉ.) रणबीर सिंह, प्रो-चान्सलर, आईआईएलएम विश्वविद्यालय, प्रो. (डॉ.) आर. वेंकटा राव, निदेशक, इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च, गोवा, प्रो. (डॉ.) परमजीत जसवाल, कुलपति, एसआरएम यूनिवर्सिटी, सोनीपत, प्रो. (डॉ.) विजेंद्र कुमार, कुलपति, एमएनएलयू, नागपुर, प्रो. (डॉ.) निष्ठा जसवाल, कुलपति, एचपीएनएलयू शिमला, प्रो. (डॉ.) एस. शांताकुमार, निदेशक, जीएनएलयू, गांधीनगर भी इस समारोह में शामिल हुए।






# 'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन' में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा

**रायपुर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)।लेट्स रन छत्तीसगढ़ के धावकों और शारीरिक कुशलक्षेम से जुड़े जागरूक नागरिकों का सबसे बड़ा समूह हैं. लेट्स रन हर साल दिसंबर के माह में छत्तीसगढ़ में 'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन' का आयोजन गत कई वर्षों से करता आया है. यह आयोजन जिसमे इस साल जहां 4000 से ज्यादा लोगों ने उत्साह से भाग लिया. वहीं हर साल की तरह इस आयोजन ने छत्तीसगढ़ का एक पहलू सभी के सामने ले कर आये. इस साल का आयोजन का मुख्य विषय राजकीय पक्षी 'पहाड़ी मैना' था जो कि आयोजन के हर पहलू मैं उजागर हुई।

'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन' छत्तीसगढ़ की एकमात्र आरएफआईडी टाइमर प्रमाणपत्र वाला आयोजन हैं. यह सीजी और मध्य भारत की पहली 42 किमी प्रमाणित दौड़ है. यह मध्य भारत की पहली दौड़ है जो कि इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक फेडरेशन और एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस से प्रमाणित है. रन डायरेक्टर डॉक्टर विनय तिवारी और सुनील अग्रवाल ने बताया कि लेट्स रन इस तरह के आयोजन के लिए हमेशा अग्रसर रहता हैं एवं यह छत्तीसगढ़ की यह पहली दौड़ जो विश्व स्तर पर होने वाली घटनाओं के लिए धावक को योग्य बनाती है एवं यह दौड़ भारत के सर्वश्रेष्ठ 'स्पोर्ट्स टाइमिंग सॉल्यूशंस' की तकनीक से संचालित होती है. इस बार धावकों ने 10 किमी, 21 कि.मी और 42 किमी ने और 6 किमी दौड़ श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए 3.51 लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिये.

इस आयोजन को सफल बनाने में नवा रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी एवं शासकीय सेवाओं की भूमिका सराहनीय रही. रायपुर के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और पूर्व रेरा प्रमुख विवेक ढांड ने न सिर्फ दौड़ की शुरुआत की बल्कि धावकों को दौड़ने के लिए उत्साहित उनके साथ दौड़ भी किया. प्रायजकों के रूप में और स्केचेर्स कंपनी की भूमिका भी अहम रही. अनगिनत परिवारों ने इस आयोजन को दौड़ से ज्यादा एक मेले की शक्ल दी. डॉक्टर विनय तिवारी ने इसी आयोजन की अगले साल की तिथि 17 नवंबर की भी घोषणा की.

## मैराथन के दौरान शारदा ग्रुप के सीनियर मैनेजर की मौत

नवा रायपुर में आयोजित मैराथन दौड़ के दौरान धावक शारदा ग्रुप के सीनियर मैनेजर की अचानक से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।पीएम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि मौत किस वजह से हुई है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लेट्स रन छत्तीसगढ़ द्वारा द ग्रेट रन छत्तीसगढ़ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन नवा रायपुर में किया गया था।प्रतियोगिता में शारदा ग्रुप के सीनियर मैनेजर 46 साल के गजानंद इंगले टाटीबंध निवासी छह किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लिए थे। सुबह तकरीबन दौड़ के दौरान पीएचक्यू के पास वह अचानक से गिर गए। तत्काल वहां मौजूद अन्य धावकों ने उन्हें उठाने का प्रयास किया। इसके बाद वहां मौजूद पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक गजानंद इंगले प्रतियोगिता में हिस्सा लेने नामांकन किया था। सुबह लगभग वह समय पर पहुंच गए थे।अलग-अलग वर्ग में दौड़ प्रतियोगिता थी।इंग्ले ने छह किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लिया।कुछ दूर दौड़ने के बाद वह अचानक से रूक गए और वहीं जमीन पर गिर गए।

इस बार धावकों के लिए 10 किमी, 21 किमी और 42 किमी और छह किमी दौड़ श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए 3.51 लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार रखा गया था।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर 18 लाख लेने वाला ठग गिरफ्तार



**डीआरएम ऑफिस के पास लाकर देते था झांसा**

**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को रेलवे में नौकरी के नाम पर लाखों रूपए लेने वाले ठग को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस ठग के अलावा पुलिस दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपीगण द्वारा रेलवे विभाग में टिकिट एक्जामिनर के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000 लेकर प्रार्थी से ठगी किया है इसकी शिकायत पर धारा 420,467,468,471,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण में पूर्व में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो जेल में निरूद्ध है प्रकरण में विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पतातलाश हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन पर निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में सायबर टीम के सहयोग से फरार आरोपी की सूचना पर आरोपी सुखेन्द्र चन्द्राकर गंगानगर जिला बिलासपुर में लूक छीप रहा था जो गंगानगर जिला बिलासपुर पहुंचकर घेराबंदी कर पकडा गया जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा युवाओं को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कलकत्ता के अन्य आरोपियों के साथ मिलकर रेलवे विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर विभिन्न राज्यों के युवाओं को वर्धमान कलकत्ता ले जाकर फर्जी ट्रेनिंग करवाकर लाखों रूपये लेकर ठगी किया है प्रार्थी योगेश हिरवानी से भी 18,50,000, ह.की ठगी करना स्वीकार किया है आरोपी के पेश करने पर 02 नग मोबाईल व घटना में प्रयुक्त कागजात को पेश करने पर जप्त किया गया है मामले में कलकत्ता के 03 आरोपी पूर्व में वर्धमान पुलिस द्वारा गिरफ्तार की जा चुकी ह एक अन्य आरोपी संतोष जायसवाल की पता तलाश जारी है शीघ्र गिरफ्तार की जावेगी आरोपी ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य से युवाओं को प्रलोभन देकर डीआरएम ऑफिस के पास वर्धमान कलकत्ता लेकर जाते थे और वहां अन्य आरोपियों को रेलवे के अधिकारी बताकर उनके द्वारा नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रूपये ठगी कर तीन माह का ट्रेनिंग करवाते थे बाद में ज्वाईनिंग लेटर भेजने की बात कर वापस भेजकर युवाओं से ठगी करते थे।

# सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा



**मौके पर हुई मौत**

**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला हैण् जहां आज एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही एक महिला को चपेट में ले लिया इस दर्दनाक हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची टिकरापारा थाना की पुलिस टीम जांच में जुट गई है जानकारी के मुताबिक रायपुर के संतोषी नगर इलाके में पुराना धमतरी रोड में सुभम के मार्ट के पास रोड क्रॉस कर रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया इस हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई ह घटना की खबर लगते ही आस.पास लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई वहीं दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है हादसा इतना दर्दनाक था कि महिला का शरीर क्षत.विक्षत हो गया है महिला की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# रायपुर के कोटा में लगेगा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार



**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी रायपुर में एक बार फिर से विश्व विख्यात संत शिरोमणि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर) का दिव्य दरबार लगने वाला, इसकी तारीख अभी घोषित नहीं की है लेकिन श्री शास्त्री 23 से 27 जनवरी तक विवेकानंद विद्यापीठ के सामने कोटा गुढियारी में भगवान हनुमान की कथा सुनाएंगे।इस दौरान स्व. पुरुषोतम अग्रवाल फाउंडेशन के द्वारा कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। एक्स आर्मी फाउडेशन के द्वारा 22 शहीद जवानों के परिजनों का भी सम्मान किया जाएगा। 22 जनवरी को जहां अयोध्या में भगवान श्रीराम की स्थापना होगी वहीं छत्तीसगढ़ में बड़ी धूमधाम से भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा और गुढियारी के शुक्रवारी बाजार में स्थित हनुमान मंदिर में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण के साथ राम भक्त हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना किया जाएगा। बागेश्वर धाम सरकार की कथा की तैयारियों के लिए रविवार को एक बैठक आयोजित कर विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया।

उक्त जानकारी बागेश्वर धाम कथा आयोजन समिति के बसंत अग्रवाल एवं दिनेश मिश्रा ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि एक्स आर्मी फाउडेशन एवं स्व. पुरुषोतम अग्रवाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद विद्यापीठ के सामने कोटा गुढियारी में 23 से 27 जनवरी तक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत पर कथा करेंगे और इनमें किसी भी दिन वे दिव्य दरबार लगा सकते हैं जिसमें वे आम नागरिकों की समस्याओं का चिट्ठी के माध्यम से समाधान करेंगे। लेकिन इसकी तारीख अभी घोषित नहीं की जा रही है क्योंकि इस दिव्य दरबार में देश व विदेश से नागरिक शामिल होते हैं। कथा व दिव्य दरबार का प्रसारण संस्कार टीवी चैनल के माध्यम से लाइव किया जाएगा।

# सतनामी महिलाओं, युवतियों व बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा





**रायपुर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)।न्यू राजेंद्र नगर स्थित गार्डन में रविवार को सतनामी समाज की महिलाओं, युवतियों व बच्चों ने गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छठा बिखेरी ।आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि युवतियों ने सुंदर रंगोली बनाकर अपने हाथों में मेहंदी सजाई तो वहीं महिलाओं ने मोर अंगना मां गड़ाये जैतखाम.. पता ले जा रे गाड़ी वाला.. तरी हरी नाना.. जैसे अनेको गीतों में एकल व सामूहिक नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। छोटे बच्चों ने फैंसी ड्रेस व डांस कांपटीशन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस दौरान कुर्सी दौड़, मटका फोड़ जैसे कई रोचक गेम्स खेलकर सभी ने खूब एंजॉय किया। कार्यक्रम स्थल में आनंद मेला का स्टाल भी लगाई गई थी जहां भिनी-भिनी खुशबुओं के बीच सभी ने चटकारे का जमकर लुफ्त उठाया।इस दौरान विजेता सभी प्रतिभागियों को सरप्राईज गिफ्ट पैक देकर जयंती पर्व की बधाई दी गई।

कार्यक्रम में डॉ शकुंतला डेहरे, सीमा सोनी, विमल कोसले, उमा भतपहरी, चंपादेवी गेंदले, गिरिजा पाटले, सुशीला सोनवानी, अंजली बरमाल, डॉ. सुनीता सोनवानी, स्वामी कोसले, कीर्तिन कुर्रे, अमरौतिन भतपहरी, रुखमणी सोनवानी, आशा पात्रे, चित्रा जांगड़े, पूनम जोशी, द्रौपती जोशी, निशा ओगरे, ममता कुर्रे ,गोंदा बारले, सपन भारती, आशा टांडे, रेणुका ओगरे, भगवती ओगरे, सरला आदिले, रेणुबाला जोशी, सुमन चतुर्वेदी, पदमा बाघमारे, परमेश्वरी त्रिवेंद्र, विद्या भारती, शकुंतला खंडेलवाल, केसर मारकंडे, गीतांजलि बाधे सहित अनेको महिलाओं की सराहनीय भागीदारी रही।

- गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ रंगारंग आयोजन
- आज अनेको प्रांतों में धुमधाम से मनाई जाएगी गुरु घासीदास की जयंती

**आज धूमधाम से मनाई जाएगी जंयती:** छ.ग. की पावन धरा गिरौदपुरी में 18 दिसंबर सन् 1756 को अवतरित महान संत बाबा गुरु घासीदास की 267 वी. जयंती सोमवार को छ.ग. सहित देश के विभिन्न प्रांतो में निवासरत सतनामी समाज के लोग बड़े ही उल्लास व उमंगो के साथ मनाएंगे।

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष के. पी.खण्डे, महासचिव व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जे.आर. सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि 18 दिसंबर सतनामी समाज का सबसे बडा महापर्व है। आज अलग-अलग क्षेत्रो में स्थापित सभी पवित्र जैतखामो में सफेद ध्वज का नया पालो (झंडा) चढ़ाया जाएगा। समाज के लोग अपने- अपने घरों के द्वार पर सुंदर रंगोली बनाकर दीप जलाएंगे साथ ही गुरुगद्दी व जैतखाम की विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण करेंगे।दोपहर 2 बजे राष्टीय साहित्यिक संगोष्ठी होगी जिसका विषय 'भारतीय संविधान में गुरु घासीदास के सात संदेशों का समावेश एवं चिंतन' तथा 'संत गुरु घासीदास जी के सात उपदेशों एवं सात रावटियों की प्रासंगिकता' रखा गया है जिसमें भाग लेने देश के कई राज्यों से साहित्यकारगण पधार रहे हैं।

# नकली यूरिया का विक्रय करते 2 दुकानदार पकड़ाए



**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)।राजधानी में मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने नकली यूरिया की ब्रिकी दो दुकानदारों को पकड़ा है। बताया गया कि प्रार्थी राजेश रविदास ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ई.आई.पी आर लिमिटेड कंपनी का पावर ऑफअटार्नी होल्डर प्राप्त है तथा टाटा कंपनी के नकली डी ई एफ यूरिया की पहचान करने का प्रशिक्षण प्राप्त है कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्र के अंतर्गत गुजरा चौक स्थित शिवम यूरिया पानी एवं इंजन ऑयल तथा मां लक्ष्मी टेंकर पाट्र्स मंदिर हसौद के संचालकों द्वारा नकली डी ई एफ यूरिया के बाल्टी में असली टाटा डी.ई.एफका लोगो स्टीकर लगाकर यूरिया विक्रय किया जा रहा है। थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में टीम द्वारा प्रार्थी के साथ थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत गुजरा चौक स्थित शिवम यूरिया पानी एवं इंजन ऑयल तथा मां लक्ष्मी टेंकर पाट्र्स दुकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान दुकानों में रखें डी.ई.एफ यूरिया को चेक करने पर यूरिया नकली होना पाया गया। इस प्रकार उक्त दुकान के संचालकों द्वारा 20.20 लीटर नकली टाटा डी.ई एफ यूरिया के बाल्टी में असली टाटा डी.ई एफ यूरिया का लोगो स्टीकर चस्पा कर विक्रय करना स्वीकार किया गया। जिस पर दोनों व्यक्तियों के कब्जे से 20 . 20 लीटर वाली बाल्टी के कुल 26 बाल्टी नकली टाटा जैनुयन यूरिया जुमला कीमती लगभग 34,450 रूपये जप्त कर दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 63 कॉपी राईट एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# अपराधियों पर रायपुर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई





**132 आरोपी पकड़े गए**

**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को अपराधों पर नियंत्रण कर अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु अपराधिक तत्वों संदिग्ध व्यक्तियों सहित नशीली पदार्थो व अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिसके तारतम्य में विगत 4 दिवस में रायपुर के अलग . अलग थानों में सट्टा के 15 प्रकरणों में 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर नगदी रकम 29,660 रूपय आबकारी एक्ट के 61 प्रकरणों में 62 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के 6 प्रकरणों में 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 नग कट्टा, 2 नग जिंदा कारतूस एवं 5 नग चाकू तथा नारकोटिक एक्ट के 5 प्रकरणों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 किलो 232 ग्राम गांजा 15 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन चिट्टा एवं नगदी रकम 75,680 रूपये जप्त करने के साथ ही 132 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधित धाराओं के तहत् संबंधित थानों में कार्यवाही किया गया। आरोपियों के विरूद्ध रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राजधानी में निकली क्रिसमस सद्भावना सर्वधर्म रैली





**राजधानी में गूंजे प्रभु यीशु के जयकारे**

**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी में क्रिसमस सदभावना सर्वधर्म रैली रविवार को सुबह11 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल व सेंट जोसफ महागरिजाघर से निकाली गई। रैली की अगुवाई आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर व बिशप एसके नंदा, रेवरेंड सेंजो पी वर्गिस विकार मार्थोमा चर्च रायपुर, ऑर्थोडॉक्स चर्च इन इंडिया कोलकाता डायसिस के सचिव फादर जैकब थॉमस ने की। रैली में सभी धर्मों के धर्मगुरु व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। रैली कैथेड्रल से चलकर रैली राजीव गांधी चौक पहुंची। फिर छोटापारा, कोतवाली चौक, सदर बाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, बूढ़ातालाब, श्याम टाकिज होते हुए नगर निगम गार्डन में समाप्त तथा सेंट पॉल कैथेड्रल में समाप्त हुई।

क्रिसमस सदभावना सर्वधर्म रैलीमें येशु के जन्म और भाईचारे का संदेश देने वाली झांकियां थी। राजधानी में प्रभु येशु के जयकारे गूंजते रहे।महारैली में प्रदेशभर से लोग जुटे।कन्वीनर छत्तीसगढ़ डायसीस के प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल थे।

रैली में प्रदेशभर के मसीही संस्थाओं, संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और सदभाव व भाईचारे में यकीन रखने वाले प्रतिनिधि, लेखक, कलाकार, साहित्यकार , धर्म अध्यक्ष, फादर्स,धर्म बहने कलीसिया के सदस्य, संडे स्कूल, महिला सभा युवा सभा, चायर भी शामिल हुए।

विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पदमश्री अनूप रंजन पांडे, छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस, हिज हाइनेस एलेक्सियस मॉर इसबयिस मेट्रोपॉलटिन कोलकाता डायसिस इंडियन ऑर्थोडॉक्स चर्च और बिशप एन. आसावान मॉडरेटर मेनोनाइट चर्च इन इंडिया ने भी शुभकामनाएं दी।सुप्रसिद्ध कबीर गायक पदमश्री जीडीएस भारती बंधु, अल्पसंख्यक अयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, स्वतंत्रता सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, अभिनेता योगेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फेलोशिप के अध्यक्ष पादरी राकेश प्रकाश भिलाई, वीजी फादर सेबेस्टियन पी. सेंट थॉमस चर्च तिल्दा से रेवरेंड सुबोध कुमार, सीएनआई बोर्ड ऑफ एजुकेशन के जयदीप रॉबिंसन, डायसिस कोषाध्यक्ष अजय जॉन, कार्यकारिणी मेंबर रुचि धर्मराज भी शामिल हुए।

# मोबाइल दुकान में ताला तोड़कर मोबाइल व नगदी की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)।राजधानी में गोलबाजार थाने की पुलिस ने रविभवन के एक शांप में मोबाइल व नगदी की चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान एक आरोपी युवक पकडा गया ।बताया गया किप्रार्थी भरत कुमार रूपचंदानी ने थाना गोलबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रवि भवन में मोबाइल दुकान चलाता है 8 जून की रात में प्रार्थी अपने दुकान का शटर गिराकर दो ताला लगाकर दुकान बंद कर घर चला गया। जो दूसरे दिन दुकान खोलने रविभवन आकर देखा तो दुकान का एक ताला नहीं था व शटर एक साइड से तिरछा खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो 01 नग रियलमी मोबाइल तथा गल्ले में रखे 20,000 रूपये नगदी रकम नहीं थे। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के दुकान में ताला तोड़कर शटर खोलकर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गोलबाजार में धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाया गया।इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी लोकेश नायक पुराना बस स्टैंड गोलबाजार में शराब भट्ठी के पास संदिग्ध हालात में मिला जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी लोकेश नायक को पकड़ा गया।प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया।

उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जा वाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान में कौन-सी मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी।

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को किया गया सिलेण्डर व चूल्हे का वितरण

**दुर्ग,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 55 पुलगांव बस्ती में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगो को 17 से अधिक योजनाओं से लाभांवित किया गया।साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा प्रदान की गई है। लोगो ने नि:शुल्क शुगर-बीपी जांच की सुविधा का लाभ लिया। साथ ही जरूरतमंदों को डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।



शिविर कार्यक्रम में प्रधामंत्री उज्ज्वला योजना का 988 हितग्राहियों ने नवीन पंजीयन कराया। जिसमें 129 निराकरण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि के 583 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 33 का निराकरण किया गया। हेल्थ कैम्प में 957 लोगो ने अपना उपचार करवाया। इसके अलावा आधार कार्ड अपडेशन करवाने लोगो की भीड़ देखा गया 683 लोगो ने अपना आधार अपडेशन के लिए आवेदन किया जिसमें 96 लोगो का निराकरण किया गया। साथ ही हितग्राहियों ने शिविर में पहुँचकर आयुष्मान कार्ड के लिए 68 लोगो ने आवेदन किया जिसमें 48 लोगो का निराकरण किया गया।

बता दे कि सरकार की योजनाओं शिविर में निराकरण किया जा रहा है राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन अमृत मिशन योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना स्वास्थ्य कैंम्प प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान कार्डएप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अलावा 9 महिला बाल विकास प्रधानमंत्री मातृ वंदना सुकन्या समृद्धि नोनी मुख्यमत्री कन्या विवाह योजना सुकन्या योजना शामिल है।

आधार कार्ड के लिए 336 लोगो अपडेशन आवेदन किया जिसमें निराकरण 48 लोगो का किया गया।इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 213 लोगो ने पंजीयन करवाया, जिसमे 59 लोगो का निराकारण किया गया। साथ ही शिविर में प्रधानमंत्री विश्कर्मा योजना के 5 आवेदन प्राप्त हुए ए2 लोगो का निराकरण हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना के 207 लोगो ने आवेदन लिया जिसमे 22 लोगो का निराकरण हुआ।

शहर के कोने कोने में लोगो को नगर निगम के अधिकारियों द्वारा केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही कई योजनाओं का लाभ भी आमजन को दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओ को सिलेंडर व चूल्हा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा अधिकारियों के साथ पुलगांव बस्ती के सूक्षमता ताम्रकार एवं आशा बानो को वितरण किया गया।

शिविर कार्यक्रम में मौजूद पार्षद जयश्री जोशी, शिवेंद्र परिहार, मनीष साहू, नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, सहायक नोडल अधिकारी दिनेश नेताम, जितेंद्र समैया, जावेद अली, दुर्गेश गुप्ता, विनोद मांझी, कारण यादव, पंकज साहू, विकास दमाहे, भारती ठाकुर, स्वेता महलवार, पंकज चंद्रवंशी, मुक्तेश कान्हा, थानसिंह यादव, आशुतोष ताम्रकार के अलावा अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# महमरा व अंजोरा में भारत संकल्प यात्रा के लगाये गये शिविर



**दुर्ग,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत महमरा और अंजोरा में विधायक ललित चंद्राकर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत लोगों को राज्य व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि यात्रा को पूरे देश में व्यापक संकल्प मिल रहा है। उन्होंने आम जनता से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने का संकल्प दोहराते हुए जनता से सक्रिय सहयोग की अपील की तथा उन्होंने उपस्थित जनसमूह को इस हेतु शपथ भी दिलाई

शिविर में विभागों ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई गई। कृषि विभागए उद्यान विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणए आजीविका मिशन, पशुपालन, सहकारी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए गए उत्पाद आदि की सुविधा भी दी गई।

विधायक ललित चंद्राकर ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस चूल्हे और अन्य योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

अंजोरा मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमरा में विकसित और मंच के माध्यम से सरस्वती यादव, गौरी गोड़ को विधायक ललित चन्द्राकर के हाथों गैस सिलेंडर वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच खेमेश्वरी निषाद, नर्मदा ठाकुर, रूखमणी निषाद, निर्मला निषाद, खेमलाल साहू, दिनेश देशमुख, सुखदेव देवांगन, शिव निषाद, जीतू देवांगन, यमिनी हरमुख, पुराण देशमुख, लोकेश चक्रधारी आदि कार्यकर्त्तागण व ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## विकसित भारत संकल्प यात्रा, राष्ट्र को मजबूत बनाने की दिशा में ठोस पहल : सरोज पाण्डेय

**दुर्ग।** राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुभारंभ करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की है। इस मौके पर उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सार्वजनिक जीवन में सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल है। सरकार देश की महिलाओं के साथ भी खड़ी है।



पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई है। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। यह देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए किया जा रहा हैए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंच सके । लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन यह योजना से देश के सैंकड़ों छोटे शहर, विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं ।

# सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा कल

**दुर्ग,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर को सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत में आने वाले ग्रामों में शौचालय विहिन, परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन उपरांत जनपद एवं जिला पंचायत को प्रेषित किया जाएगा। ऐसे ग्राम पंचायते जो ओ.डी.एफ प्लस ग्राम की किसी भी श्रेणी में नहीं है, उन्हें उदियमान ग्राम घोषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करना एवं निर्धारित प्रमाण-पत्र को जनपद पंचायत में प्रेषित किया जाएगा। ऐसे ग्राम पंचायते जो ओ.डी.एफ प्लस उज्जवल श्रेणी में हैं उन्हें उत्कृष्ट गांव घोषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करना एवं ग्रामसभा घोषणा का वीडियो तैयार कर ग्राम सभा प्रस्ताव एवं प्रमाण पत्र के साथ जनपद पंचायत को प्रेषित करने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया जायेगा। ग्रामसभा में गोबरधन योजना अन्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों को क्रियाशील बनाए रखने, समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण किया जायेगा। 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त टाईड फंड की राशि अंतर्गत स्वच्छता संबंधित कार्यों की योजना को जी.पी.डी.पी. में सम्मिलित करते हुए प्रस्ताव पारित किया जायेगा। बिन्दुओं को अनिवार्यत: सम्मिलित किया जाएगा।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# हेमचंद यादव विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 697 परीक्षार्थी शामिल

**दुर्ग,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि.दुर्ग द्वारा आयोजित पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा में 697 परीक्षार्थी शामिल हुए कुल 830 परीक्षार्थीयों ने प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया था। इनमें से 133 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे ज्यादा परीक्षार्थी शिक्षा संकाय में शामिल हुए जबकि सबसे कम परीक्षार्थी भू-गर्भ शास्त्र विषय में शामिल हुए। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार 19 विषयों में आयोजित पी.एच.डी. प्रवेष परीक्षा प्रात: 11 से 1 बजे के मध्य कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-7, भिलाई नगर में आयोजित की गई।

इस पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा में लगभग 40 से अधिक प्राध्यापकों ने विक्षकीय कार्य संपादित किया कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा हेतु उपयोग में लाया गया सभी 25 परीक्षा कक्षों का कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने भ्रमण किया। कुलपति के साथ कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डी.सी.डी.सी. डॉ. प्रीतालाल, परीक्षा उप कुलसचिव डॉ. राजमणी पटेल, सहायक कुलसचिव डॉ. सुमित अग्रवाल, हिमांशु शेखर मंडावी तथा दिग्विजय कुमार भी उपस्थित थे। वि.वि. की पी.एच.डी. सेल में कार्यरत् डॉ. भावना पर्वत एवं डॉ. मंजूषा तिरपुड़े ने परीक्षा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार मनोविज्ञान विषय में एक प्रश्न पर विकल्प के संदर्भ में परीक्षार्थीयों ने संषोधन हेतु कुलपति डॉ. पल्टा को लिखित में ज्ञापन दिया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कुलपति डॉ. पल्टा ने उस प्रश्न को हल करने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को दो अंक प्रदान किये जाने हेतु अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। वाणिज्य विषय के एक प्रष्न में हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद की भिन्नता पर परीक्षार्थीयों द्वारा ध्यानाकर्षित किए जाने पर कुलपति डॉ. पल्टा ने सही उत्तर देने वाले

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# वर्ष की अंतिम लोक अदालत : बड़ी संख्या में किया गया प्रकरणों का निराकरण





**दुर्ग,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला न्यायालय में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर एवं छत्तीसगढ़ विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 54 हजार 282 प्रकरणों का निराकरण किया गया। आज की अदालत में इस वर्ष 2023 की अंतिम लोक अदालत थी। कार्यक्रम क शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी ने किया। इसके अलावा जिला न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश संजीव कुमार तमक, राकेश वर्मा जिला अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष नीता जैन अन्य पदाधिकारी अधिवक्तागण एवं विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत में कुल 31 खंडपीठ का गठन किया गया परिवार न्यायालय दुर्ग हेतु दो खंडपीठ जिला न्यायालय दुर्ग हेतु 22 तहसील न्यायालय भिलाई तीन में दो खंडपीठ तहसील पाटन हेतु एक खंडपीठ तहसील न्यायालय धमधा में एक खंडपीठ किशोर न्याय बोर्ड हेतु एक श्रम न्यायालय हेतु एक तथा स्थाई लोक अदालत जनउपयोगी सेवाएं दुर्गा के लिए एक खंडपीठ का गठन किया गया इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी प्रकरण का निराकरण हेतु खंडपीठ का गठन किया गया था। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य डांडिक सिविल परिवार मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गए तथा उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैंकिंग संस्था विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों के आपसी राजीनामा के प्रकरण का शीघ्र निराकरण होता है इसमें ना तो किसी की हार होती है नहीं किसी की जीत होती है। आज आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सहयोग से जिला न्यायालय परिषद दुर्ग में आने वाले पक्षकारों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जहां शिविर का आयोजन किया गया।









# दुर्ग बाइपास पर सीजी 07 वाहन पर लगेगा टोल टैक्स

## जानकारी लगते ही लोगों ने कम्पनी के खिलाफ खोला मोर्चा, सरकार से करेगें मांग



**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। नेहरू नगर चौक से अंजोरा जाने वाली बाईपास रोड पर पुन: टोल टैक्स की तैयारी शुरु कर दी गई है। इसको लेकर स्थानीय लोगों के साथ-साथ भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य दलों ने इसका विरोध किया है। सुत्रों के अनुसार इसका बकायदा नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ में सरकार के बदलने के साथ ही अब आम जनता की जेब पर बोझ पड़ सकता है। नेहरू नगर चौक से अंजोरा जाने वाली बाईपास रोड पर अब फिर से टोल टैक्स की तैयारी है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है। सीजी-07 पासिंग की नान कॉमर्शियल सोसायटी से 22 दिसंबर को टोल वसूलने की सूचना जैसे ही सामने आई आम जनता में कम्यूनिकेशन दिख रही है। रविवार को भाजपा के कुछ नेता और कार्यकर्ता टोल नाका पर कंपनी के अधिकारियों से इस मुद्दे को लेकर मिले। इसे लेकर भाजपा के नेताओं ने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की। भाजपाइयों ने मिनियन विजय बिगुल से कंपनी के लोगों की बात भी कही। 07 पासिंग के वाहनों के प्रिंट से एक रुपये भी टोल टैक्स की छूट नहीं मिलेगी। बता दें कि नेहरू नगर से अंजोरा के बीच टिकट वाले टोल नाका में सीजी 07 ट्रक का टोल लेना बंद कर दिया गया था। अब कंपनी द्वारा फिर से सीजी 07 पासिंग की तारीख से 22 तारीख से वेकेशन का नोटिस जारी किया गया। टोल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। भाजपा नेताओं ने कहा अगर कंपनी सीजी 07 से वसुली लेगी तो आंदोलन करेंगे। टोल कंपनी के अधिकारियों से सांसद ने मोबाइल से बात भी की और निर्देशित किया कि सीजी 07 वाली टिकटों के से टोल टैक्स ना वसूला जाए। इधर कंपनी ने कहा कि टोल टैक्स वसूली की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विरोध की स्थिति बन रही है तो राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। एनएचएआई से निर्देशानुसार उसके खाते से आगे काम किया जाएगा।

**भाजपाइयों ने टोल के सामने किया प्रदर्शन**

भाजपा नेता के अनुसार कंपनी ने अब तक जितनी लागत सड़क निर्माण पर खर्च किया है, उससे ज्यादा वसूली कर चुकी है। टोल कंपनी गलत ढंग से अपने कार्यों को आकलन कराकर लोगों से टोल वसूली कर रही है। राजनांदगांव क्षेत्र में टोल नाके में सीजी 08 गाड़ियों का टोल नहीं लिया जाता है और रायपुर के टोल नाका में भी सीजी 04 की गाड़ियों का टोल नहीं लिया जाता है। इसीलिए दुर्ग में भी स्थित टोल नाका में सीजी 07 की गाड़ियों का टोल किसी कीमत पर नहीं लिया जाना चाहिए। टोल नाका कंपनी के मालिक अपनी कांग्रेसी मानसिकता के तहत इस प्रकार का कार्य कर रही है। प्रदर्शन करने वालों में विनोद अग्रवाल, सुरेश सिंह, रिखी राम सिन्हा, प्रवीण, प्रदीप धुर्वे, मनोज डडसेना, विमल पांडे, डीपी सिंह, प्रदीप सिंह, संदीप सिंह, रविंद्र कुमार विशाल सिंह, दानी राम सोनवानी, कृष्णमूर्ति, लुमेश कुमार, अभिषेक सिंह, विशाल सिंह, चंद्रशेखर जनबंधु, शंकर राव उपस्थित रहे।

**टोल फ्री करने मुकेश ने चलाई थी मुहिम**

दुर्ग बाईपास टोल प्लाजा पर निजी वाहन नान कमर्शियल सीजी 07 को जून 2023 से टोल टैक्स फ्री किया गया था। सीजी 07 कार चालक आरक्षित लेन 1 और 8 से मुफ्त आवागमन करते हैं। दुर्ग से राजनांदगांव जाने वाले कार चालक लेन 8 और राजनांदगांव से दुर्ग आने वाले कार चालक लेन 1 से नि:शुल्क आना-जाना करते हैं। पहले यहां 75 रुपये टोल लिया जाता था। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई नगर के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सीजी 07 सीरीज की छोटी गाड़ियों को दुर्ग बाइपास टोल प्लाजा पर टोल फ्री करने लंबे समय से मुहिम चलाई थी।

## शंकराचार्य में 15 दिवसीय सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन



**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय में 15 दिवसीय सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन वानस्पतिक विज्ञान तथा रसायन विभाग के संयुक्त तत्वाधान किया गया। विषय ग्रीन सिंथेसिस आफ नैनो पार्टिकलस पर किया गया था। जिसका समापन विद्यार्थियों को सर्टिफिक्रेट प्रदान कर किया गया। यह आयोजन सुश्री वर्षा यादव विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान तथा श्रीमती पदमा रानी वर्मा विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को नैनो टेक्नोलॉजी की अवधारणा, नैनोकण संश्लेषण के दृष्टिकोण और नैनोकणों के हरित संश्लेषण के बारे में जागरूक किया गया। इस 15 दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने सीखा की नैनोपार्टिकल क्या होता है। पादप से इनका संश्लेषण तथा नैनोपार्टिकल का हमारे जीवन में किस तरह लाभदायक उपयोग किया जा सकता है और भविष्य में उनकी उपयोग की संभावनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया गया। यह बायोमेडिकल और फार्मास्युटिकल अनुप्रयोगों के लिए चिकित्सीय नैनोसाइज्ड सामग्री विकसित करता है। नैनोकणों के संश्लेषण के लिए रासायनिक विधियों में अपचायक के रूप में विषैले रसायनों, कार्बनिक सॉल्वैंट्स और स्टेबलाइजर्स की आवश्यकता होती है। परिणाम स्वरूपए यह पर्यावरण में विषैलापन पैदा करता है। इसलिए, विभिन्न प्रकार के नैदानिक और जैव चिकित्सा क्षेत्रों में उनके उपयोग को छोड़कर, नैनोकण संश्लेषण के लिए एक स्वच्छ, विश्वसनीय, जैव-संगत और पर्यावरण-अनुकूल हरित संश्लेषण दृष्टिकोण का उपयोग किया जाना चाहिए। इस तरह, नैनोकणों का पादप मध्यस्थता संश्लेषण अधिक उपयुक्त माना जाता है। नैनोकणों का जैविक संश्लेषण विभिन्न पौधे के के पत्तियों, बीजों, जड़ों एबैक्टीरिया, कवक, समुद्री शैवाल और सूक्ष्म शैवाल द्वारा किया जा रहा है। जैव संश्लेषित नैनोमटेरियल कम प्रतिकूल प्रभाव के साथ विभिन्न स्थानिक बीमारियों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर रहे हैं। पौधे में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक यौगिक जैसे एल्कलॉइड, फ्लेवोनोइड, सैपोनिन, स्टेरॉयड, टैनिन और अन्य पोषण संबंधी यौगिक होते हैं। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण् अर्चना झा ए महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉण् जे दुर्गा प्रसाद रावए सूक्ष्मजीव विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉण् रचना चौधरी तथा जंतु विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉण् सोनिया बजाज तथा अन्य प्राध्यापक गण की विशेष उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्रोग्राम का सर्टिफिकेट प्रदान किया। विभाग द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर पहल तथा विद्यार्थियों की रुचि की प्रशंसा की एवं यह ट्रेनिंग प्रोग्राम विद्यार्थियों के भविष्य के लिए किस तरह महत्वपूर्ण होगा उसको विस्तार पूर्वक समझाया, एवं बताया गया की विज्ञान का आज के समय में चिकित्सा, आर्थिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था के विकसित करने में एवं विश्व में विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। विज्ञान के गुणों विद्यार्थियों में भविष्य में विकसित करने के लिए इन प्रोग्राम का विशेष महत्व है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डॉण् जे दुर्गा प्रसाद राव तथा जंतु विभाग के विभाग अध्यक्ष डा. सोनिया बजाज की विशेष उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने विभाग की ट्रेनिंग प्रोग्राम को लेकर पहल तथा विद्यार्थियों की रुचि की प्रशंसा की एवं यह ट्रेनिंग प्रोग्राम विद्यार्थियों के भविष्य के लिए किस तरह महत्वपूर्ण होगा उसको विस्तार पूर्वक समझाया। इस आयोजन के प्रथम दिवस में नैनोपार्टिकल क्या होता है,पादप से इनका संश्लेषण तथा इनका अलग करने विधि पर विशेष रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

## संयंत्र प्रबंधन का दावा दो सौ से ज्यादा कब्जे हटाये गये



**भिलाईनगर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, संपदा न्यायालय के निर्देश पर अवैध कब्जाधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध कल उतई रोड पर मरोदा में कार्यवाही की गई। कब्जाधारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उतई रोड के पास मरोदा बस्ती में अवैध कब्जेधारी द्वारा बनाए जा रहे अवैध निर्माण को तोड़ा गया। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दिया गया है कि प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है। वे अपने अवैध कब्जे को स्वत: हटा लें। विदित हो कि बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के पश्चात की जाती है। इसके अतिरिक्त पुलिस बल तथा कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 200 से अधिक अवैध कब्जे, ठेले, गुमटी, अवैध बाजार तथा अस्थाई निर्माण को हटाया गया। अवैध कब्जाधारियों द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमि का कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को तोड़ा गया।

## विधायक रिकेश दो दिनों के प्रवास पर अहमदाबाद रवाना



**भिलाईनगर,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा के लगभग 32 तालाबों का बहुत जल्द न सिर्फ कायाकल्प होने जा रहा है, बल्कि क्षेत्र की सुंदरता और पर्यटन के दृष्टिकोण से भी वैशाली नगर के सभी तालाब काफी उपयोगी बनने जा रहे हैं। विधायक रिकेश सेन की इस नई सोच और पहल को वैशाली नगर की जनता जल्द ही मूर्त रूप में देखेगी। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट कांकरिया झील की तर्ज पर वैशाली नगर के सभी तालाबों की दशा और दिशा को और अधिक सुंदर और बेहतर बनाने के प्रयास के तहत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन आज अहमदाबाद रवाना हो रहे हैं। उनके साथ नगर निगम भिलाई, राज्य शासन के अधिकारी तथा आर्किटेक्ट टीम भी है। अहमदाबाद जाकर विधायक टीम सहित कांकरिया झील का अवलोकन करेंगे और उसके पूरे प्रोजेक्ट को समझेंगे ताकि उसी अनुरूप वैशाली नगर के सभी तालाबों का सौंदर्यीकरण हो सके। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि अहमदाबाद की कांकरिया झील नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उसे देखने और समझने के लिए दो दिन के लिए अहमदाबाद रवाना हुए। इस संबंध में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा में भेलवा तालाब, संजय नगर से लेकर सभी कुल 32 तालाब हैं जिसे मैं अच्छी तरह से सजाना और संवारना चाहता हूं। रिकेश सेने ने बताया कि देखा है कि तालाबों में अब तक करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं लेकिन तालाब जस के तस हैं। कुछ अच्छा करने के लिएए कुछ अच्छा बनाने के लिएए कुछ यूनिक बनाने के लिए मैं कांकरिया प्रोजेक्ट को देखने जा रहा हूं। मेरे साथ निगम के अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी और आर्किटेक्ट टीम भी होगी। इसलिए वहां से सीखने समझने के बाद बहुत जल्द वैशाली नगर क्षेत्र के सभी तालाबों पर काम शुरू किया जाएगा। श्री सेन ने वैशाली नगर की जनता से 2 दिन की अपनी छुट्टी की मांग करते हुए कहा कि मैं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र को सजाने और संवारने का स्वप्न लेकर अहमदाबाद जा रहा हूं इसलिए 2 दिन तक वैशाली नगर की क्षेत्र की जनता से भेंट मुलाकात नहीं हो सकेगी। वहां से लौट के बाद मैं पुन: क्षेत्र वासियों की समस्या को सुनकर उसके समाधान का प्रयास करुगा। सोशल मीड़िया में जारी वीड़ियों संदेश में रिकेश ने वैशाली नगर की जनता से वायदा किया है, कि वे वैशाली नगर क्षेत्र का पूर्ण विकास करेगे। ताकि लोगों को वैशालीनगर पर गर्व हो सके।

## टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाईनगर।** संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप में 18 दिसम्बर को रिसाली सेक्टर, 19 को मरोदा सेक्टर, 20 को सेक्टर-10, 21 को सेक्टर-6 के कुछ हिस्सेए रसियन कॉम्पलेक्स व बीएमडीसी तथा 22 व 23 दिसम्बर 2023 को जेएलएन हॉस्पिटल में प्रात: 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चिंतन शिविर

**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस्पात क्षेत्र में कृत्रिम प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग को अपनाने और बढ़ाने के महत्व पर बल देते हुए कल नयी दिल्ली में एक चिंतन शिविर के आयोजन में अपने विचार रखे। इस चिंतन शिविर में केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी शामिल थे। शिविर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस्पात क्षेत्र के हितधारकों से अपने संबंधित इस्पात संयंत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग को बढ़ाने का आग्रह किया है। चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए दोहराया कि चिंतन शिविर का उद्देश्य आर्थिक व्यवस्था को विकसित करने के प्रति हमारे दायित्व को समझना और हमारे बौद्धिक और ज्ञान के आधार को गहरा करना है। जिसे देश के विकासात्मक क्षेत्र में लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समय समय पर चिंतन शिविर के अलावा, मंत्रालय को एक निरंतर सीखने वाला मंत्रालय बनाने का भी प्रयास करना चाहिए। जिससे हमारे विकासात्मक लक्ष्यों में बेहतर योगदान के लिए व्यापक वातावरण की समझ में सुधार हो सके। केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कहा कि इस्पात निर्माण की पूरी अवधारणा में परिवर्तन आएगा और प्रथाओं को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि जैसा कि दुनिया डेटा आधारित निर्णय लेने पर ध्यान दे रही है। भारतीय इस्पात उद्योग को आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस्पात क्षेत्र में हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हरित इस्पात और नवीनतम प्रौद्योगिकियों की अवधारणा को अपनाकर धरती माता की रक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व है। उन्होंने भारतीय इस्पात बिरादरी को हरित परिवर्तन की लंबी राह पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने विचार व्यक्त किया उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के उपयोग से इस्पात क्षेत्र में मूल्य श्रृंखला, गुणवत्ता आश्वासन और ऊर्जा प्रबंधन को मजबूत और बेहतर बनाया जा सकता है। सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने इस बात पर बल दिया कि ज्ञान परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और हमें प्रत्येक व्यक्ति को एक ज्ञान कार्यकर्ता बनाने की आवश्यकता है जो न केवल काम को समझता है।



## 17 वां गीता महायज्ञ 23 से माताधाम मंदिर सेक्टर-7 में

**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गीता जयंती के पावन अवसर पर श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ द्वारा मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में गीता महायज्ञ का आयोजन 23 दिसंबर को किया जा रहा है। सेक्टर-7, एवेन्यू-ए स्थित श्री माताधाम मंदिर परिसर में उक्त आयोजन होगा। श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ सदस्यों द्वारा गीता महायज्ञ को संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के पदधिकारियों ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर गीता महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन श्री माताधाम मंदिर प्रांगण एवेन्यु.ए, सेक्टर.7 में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 23 दिसंबर शनिवार की सुबह 6 बजे से 7 बजे तक नगर संकीर्तन होगा। इसके बाद सुबह 7 जे से 7.30 बजे तक पताका अविष्करण (ध्वजारोहण) किया जाएगा। सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक कलश स्थापना होगी और उसके पश्चात सुबह 9.00 बजे से 12.30 बजे तक गीता महायज्ञ होगा। दोपहर 12.30 से 1.00 बजे तक विष्णु सहस्त्र नाम स्त्रोत्र पारायण होगा। दोपहर 1.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक नारायण सेवा भण्डारा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद शाम को 5 से रात्रि 7 बजे तक भजन संकीर्तन होगा। आयोजन समिति ने शहर वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस महायज्ञ में शामिल होने का अनुरोध किया है।

**मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति**

## देश-विदेश से 25 वें साल में भिलाई पहुंचेंगे पूर्व विद्यार्थी



**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 का 1999 बैच फिर एक बार इकट्ठा होने जा रहा है। देश विदेश से इस बैच के सभी पूर्व विद्यार्थियों ने स्कूल पासिंग के रजत जयंती वर्ष पर तीन दिवसीय कार्निवाल आयोजित करने की योजना बनाई है। 3 दिवसीय मीट एमजीएम 99 नॉट आउट शुक्रवार 22 दिसंबर रविवार से मंगलवार 24 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में 1999 बैच के सदस्यों की उपस्थिति में स्कूल के प्रिंसिपल शाजी चाको ने एक प्रतीक चिन्ह लोगो जारी किया। स्नातक वर्ष 1999 को एपोस्ट्रोफे शैली में सुंदर ढंग से दर्शाया गया है, जो बीते युग के आशीर्वाद और सफ्लताओं को प्रतिबिंबित करता है। 99 के ऊपरी दाएं कोने में स्थित नॉट आउट को दर्शाने के लिए क्रिकेट स्कोरकार्ड में इसके उपयोग के समान तारांकन चिह्न, यह दर्शाता है कि जीवन में अभी भी कई अवसर सामने आने बाकी हैं। यह आगे सुधार के लिए एक विशाल गुंजाइश का सुझाव देता है सफ्लता की सीढ़ियां नए मील के पत्थर चिह्नित करने की प्रतीक्षा कर रही हैं। बैच के सदस्य सीए रिनु वीण् कोशी ने बताया कि बैच 1999 के शिक्षक और छात्र 22 दिसंबर को स्कूल परिसर में 25 साल पहले के बंधन और भावनाओं को फिर से हासिल करने के लिए एक साथ आएंगे। बैठक में शिक्षकों का सम्मान अनुभव साझा, वर्तमान छात्रों के साथ बातचीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजन, पार्टी और एक आउटडोर मनोरंजन यात्रा करना शामिल होगा। बैच की सदस्य कोमल ने कहा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों और संदर्भों के माध्यम से हम कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए अधिकांश पूर्व छात्रों से जुड़ने में सक्षम थे और हमें खुशी है कि रजत जयंती समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पूजा ने कहा वे अनुभवी शिक्षक जो शहर छोड़कर अपने गृह नगरों में कहीं और बस गए हैं। वे भी इस बैठक में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर एक ही बैच से अमित जैन, अमित शर्मा, स्मिता, सुरिंदर, अनुपमा, दीपक और कृपाल उपस्थित थे।

## अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध संयंत्र की कार्यवाही जारी रही



**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वाराए संपदा न्यायालय के निर्देश पर अवैध कब्जाधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेलेए गुमठीए खोमचेए कुल्फी वालोंए नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध आज 16 दिसम्बर 2023 को भी उतई रोड परए मरोदा में कार्यवाही की गई। कब्जाधारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उतई रोड के पास मरोदा बस्ती में अवैध कब्जेधारी द्वारा बनाए जा रहे 50ग50 अवैध निर्माण को तोड़ा गया। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दिया गया है कि प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है अत: वे अपने अवैध कब्जे को स्वत: हटा लें। विदित हो कि बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के पश्चात की जाती है। इसके अतिरिक्त पुलिस बल तथा कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 200 से अधिक अवैध कब्जेए ठेलेए गुमटीए अवैध बाजार तथा अस्थाई निर्माण को हटाया गया। अवैध कब्जाधारियों द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमि का घेराव कर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को तोड़ा गया।

## कर्ज लेना अपराध नहीं, आत्महत्या न करें

**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। कर्ज लेकर आत्महत्या करने वालों के प्रति संवेदना रखने वाले रजत सिंह भारतीय द्वारा कर्ज़ मुक्त भारत अभियान के तहत सिविक सेंटर भिलाई में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों लोग शामिल हुए। शाहनवाज़ चौधरी भारतीय द्वारा पुरे भारत में ये अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 13 लाख से ज्यादा लोगों ने फॉर्म भर दिया है। सरकार से अपील की है कि जैसे उद्योगपतियों का कर्जा माफ किया जाता है, किसानों का कर्जा माफ किया जाता है, जैसे सरकारें उनका दर्द समझती है, उसी तरह आम जनता का भी कर्ज से मुक्त किया जाए। रजत सिंह भारतीय ने बताया की वर्तमान स्थिति ये है की व्यक्ति ने कर्ज़ लिया है 10 लाख का और चूका दिया है 8 लाख पर फिर भी बैंक या एन.बी.एफ.सी द्वारा 8 लाख की मांग की जा रही है। कर्जदारों को कोई दस्तावेज़ नहीं दिए जा रहे हैं। कर्ज़दार को उनके अधिकारों के बारे में भी किसी संस्था के द्वारा नहीं बताया जाता और न ही कर्ज देने वाली संस्था कोई अधिकार बताती है। ऐसे में व्यक्ति को लगता है की कर्ज लेकर उन्होंने कोई अपराध कर दिया है और वो शोषण का शिकार होता रहता है। भारत देश में रिकवरी एजेंट को लेकर सख्त नियम कानून है पर फिर भी उन नियमों का पालन नहीं किया जाता है और चूँकि कर्जदारों को इन नियमों का पता नहीं होता इसलिए वे शिकार होते रहते है और अपना बचाव नहीं करत। लोग आत्म सम्मान और अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के लिए आत्महत्या कर लेते हैं। ऐसे कई घर हैं जिनमे रिकवरी एजेंट द्वारा बच्चों के सामने माता पिता को भला बुरा बोला जाता है जिससे परिवार बिखर जाता है। समाज में एक बात फैली हुई है की कर्जा लिया है तो देना पड़ेगा पर इसका ये मतलब नहीं है की शोषण होने पर भी शिकायत ही दर्ज न की जाए और अपने आप को पहले से दोषी मान लिया जाए। इसलिए सबसे अपील की जा रही है की कोई गलत कदम न उठायें और साथ मिलकर एक दुसरे को मजबूत बनाएं। फेसबुक यूट्यूब अवं अन्य प्रचार माध्यम से सभी को एक किया जा रहा है। जनता को उनके अधिकार बताये जाते हैं। ताकि कर्ज़ के दलदल में फंसकर कोई व्यक्ति आत्महत्या न करे अपना परिवार चलाये खुश रहे कर्ज़ का लेना देना एक सुविधा है ये कोई अपराध नहीं है। सरकार के पास ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है जिससे वो बता सके की कर्ज़ न चूका पाने की वजह से कितने लोगों को जेल हुई है, यदि ऐसा होता तो बड़े बड़े उद्योगपति कर्ज़ न चुकाने की वजह से जेल में मिलते पर चूँकि ये अपराध नहीं है इसलिए समाधान निकाला जाता है सेटलमेंट का रास्ता निकाला जाता है।




## टिकट हस्तांतरण नियम की शिकायत रेलवे अधिकारियो से

**भिलाईनगर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे सास और बहू को एक परिवार का हिस्सा नहीं मानता। यह जानकारी रेलवे के स्थानीय अधिकारियों ने लिखित में दी है। इस जवाब से हैरान शहर के एक जागरूक नागरिक ने आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और नियम में संशोधन की मांग उठाई है। स्मृति नगर निवासी संतोष कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चे के साथ ट्रेन के सफर पर जा रहे थे लेकिन किन्हीं कारणवश पत्नी का जाना स्थगित हो गया। ऐसे में वह अपनी पत्नी की टिकट को अपनी मां के नाम हस्तांतरित करवाना चाहते थे। इसके लिए वह रिजर्वेशन कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारियों से मिले। लेकिन रेलवे के अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया। मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक ने को लिखित में जवाब दिया है कि 16 अगस्त 1990 को गजट में प्रकाशित नियमों के अनुसार परिवार के अंतर्गत माता, पिता, भाई, बहन, बेटा, बेटी, पति और पत्नी को ही लिया जाता है। इसलिए सास-बहू के बीच टिकट हस्तांतरित नहीं की जा सकती। इस जवाब की प्रतिलिपि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, रेल मंत्रालय के सचिव और भारतीय रेलवे बोर्ड के प्रमुख अफ्सरों को भेजते हुए आपत्ति जताई है। उन्होंने मांग की है कि सास-बहू को भी एक परिवार का हिस्सा माना जाए। जिससे रेलवे की यात्रा करने के दौरान परिस्थितिवश टिकट हस्तांतरण में कोई परेशानी न आए।

# वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत में 2 करोड़ 20 लाख 76 हज़ार 795 रूपये का अवार्ड पारित

**बेमेतरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत के अनुकम में मुख्य संरक्षक महोदय छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छ.ग. राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारो की भौतिक तथा वर्चुअल दोनो ही माध्यमो से उनकी उपस्थिति में प्रकरण निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 06 मामलें निपटायें गये जिसमे कुल 2680000/- क्लेम राशि पीड़ित पक्षकार को प्रदान करने का अवार्ड पारित किया गया तथा निष्पादन 10 प्रकरणों में 3156883/- रूपये का आवार्ड पारित किया गया। श्रीमती नीलिमा सिंह बघेल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बेमेतरा द्वारा कुल 27 पारिवारिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान पंकज सिन्हा द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 09 मामलें निपटाये गये जिसमें 3570000/- क्लेम राशि पीड़ित पक्षकार को प्रदान करने का अवार्ड पारित किया गया एवं निष्पादन के 21 प्रकरण में कुल राशि 3866000/- रूपये का आवार्ड पारित किया गया। श्रीमती मधु तिवारी अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो, न्यायालय बेमेतरा द्वारा प्री-लिटिगेशन संबंधी 133 मामलों में कुल 5211743/- रूपयें राशि का अवार्ड पारित किया गया।



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के खंडपीठ द्वारा कुल 418 मामलों में कुल 791400/- रूपयें राशि का अवार्ड पारित किया गया। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1. श्रीमती तनुश्री गवेल द्वारा कुल 52 मामलों में 1824000/- राशि का आवार्ड पारित किया गया। अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड बेमेतरा के खंडपीठ द्वारा कुल 06 मामले निराकृत किये गये। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा, श्रीमती अनिता रावटे द्वारा कुल 100 मामलों में 393200/- रूपये का आवार्ड पारित किया गया। निराकृत किये गये। तालुका विधिक सेवा समिति साजा के अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट साजा श्रीमती अंकिता मुदलियार द्वारा कुल 303 मामलों में राशि 583569/- रूपये आवार्ड पारित किया गया।

पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा के मार्गदर्शन में कुल 2003 राजस्व प्रकरण निराकृत किया गया।

# गोआ के वगाटोर में हुआ अंतरराष्ट्रीय मॉडर्न कला प्रदर्शनी व शिक्षा में कला विषय पर सेमिनार का

**खैरागढ़,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिला मुख्यालय में निवासरत किशोर शर्मा ने गोआ के वगाटोर में विगत दिनों 6 से 10 दिसंबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय मॉडर्न कला प्रदर्शनी व शिक्षा में कला विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ था जिसमे छतीसगढ़ के केसीजी जिले से किशोर शर्मा ने सेमिनार के आयोजन में अपनी सहभगिता निभाई कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि संजय हलमार्कर चेयरमैन इंस्टीट्यूट ऑफ मेनिजेस ब्रेगंजा, गवर्मेंट ऑफ गोआ के नामचीन कलाकार सदाशिव परब व नितिन कोरगांवकर के द्वारा किया गया प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व केसीजी जिले के ग्राम भण्डारपुर खैरागढ़ के अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार किशोर शर्मा की चेहरे शीर्षक से कला प्रदर्शित हुई थी शर्मा के आर्ट को विजिट करते हुए चेयरमेन ने कहा इन्होंने ने अपने कला में भाव का बेहतरीन उदाहरण बताया अनेक चेहरे के मनुष्यों का प्रतिबिंब कहा



अंतरराष्ट्रीय आर्ट फेमिली दिल्ली- कोलकाता के द्वारा प्रयोजित हेंगिंग टॉक शीर्षक से इस शो में मूर्तिकार, चित्रकार, प्रिंट मेंकिंग सहित फोटोग्राफी के कलाकारों ने अलग अलग शीर्षक से कला को डिसप्ले किया गया था जिसमें शौमिन कर का मेलोडी, रॉय पिंकी का अयोनि, सत्याजीत चंद्रा का अंदर द अर्थ, बिपलब दत्ता का रीलेक्सन, जोयदीप भट्टाचार्य का आइडेंटी क्राइसिस, नजमा अख्तर का फाइट नैभोर, पलाश पॉल का नाइट औफ द नर्वस पूजा, रॉय का सोलिट्यूड, मोहम्मद कॉमर का विलेज लाइफ, देबजानी डे का अनटाइटल्ड, दुलल सरकार का लाइफ, बिमल बीने का लाइफ ,फौद किदवई का पर्पल हीरोन फोटोग्राफी, मौसमी मलिक का माय स्ट्रेसीयस यूनिवर्ष, डॉ श्रीकांत गौर का एन्विरोमेंटल ड्रीम, गोविंदा रॉय का टी गार्डन, सा जफर का स्पर्श, राजीब सिकदर का स्मृति, राखी सरकार का पोट्रेट, डॉ प्रगति सिंग का नजरिया, सबा नागवी का फ्लाइट, डॉ खोकोन राउत का लैंडस्केप और मनीषा दीक्षित का इंडस वेली के अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने अपनी आर्ट को प्रदर्शित की थी कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा में कला सेमिनार पर किशोर शर्मा ने कहा कला हमारे जीवन को पूर्ण बनाती है कला योग है वही सदाशिव परब व नितिन कोरगांवकर ने शिक्षा में अनिवार्य रूप से कला को शामिल करने के अपने अपने विचार रखे



# संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**छुईखदान,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर के प्रांगण में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी फत्ते राम कोसरिया मुख्य अतिथि एवं श्री रामानंद साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षता में कार्यकम सम्पन्न हुआ जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा बच्चो को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है जिससे बच्चो के शारीरिक, मानसिक विकास होता है इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सुरजीत सिंह चौहान,श्री श्रीश कुमार पांडेय प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर, सी.आर. साहू,एम.एल. जंघेल, कैलाश वर्मा ,ढाल सिंह भारती, संकुल समन्वयक श्री जंघेल, अमीलाल सेन ,प्रदीप कुमार राजपूत ,जय चंद वर्मा, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर साहू, संतोष जंघेल, श्रीमती पूर्णिमा जंघेल, श्रीमती कंचन देशमुख,श्रीमती विजयारानी थवाईत, सहित शिक्षक एवं बच्चे बड़ी संख्या उपस्थित है।

## अक्षत कलश पहुंचा फिंगेश्वर भव्य स्वागत

**फिंगेश्वर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। अयोध्या से लाये गए अक्षत कलश गरियाबंद जिले से आज फिंगेश्वर लाया गया नगर के रानी श्याम कुमारी चौक में हजारों की तादाद में नगर वासियों ने महिला पुरुष युवा वर्ग बुद्धिजीवी वर्ग राम भक्तों ने भव्य स्वागत पूजा अर्चना पटाखे फोड़ कर किया विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कलश की पूजा अर्चना पक्ष नगर भ्रमण पुराना बस स्टैंड राम मानस मंदिर पंच मंदिर बालाजी मंदिर मौली माता मंदिर समस्त देव स्थलों में कलश को सर में धारण कर बारी-बारी से सभी ने इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्य में अपनी भागीदारी दी राम भगवान के बरसों बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण स्वरूप अयोध्या से अक्षत पूरे राज्यों में भेजा गया है जगह-जगह बड़े उत्साह और भव्यता के साथ स्वागत सम्मान किया गया बाजे गाजे के साथ अंत में गायत्री मंदिर में रखा गया जहां नगर समिति द्वारा लाये गए अक्षत अयोध्या आमंत्रण हेतु समितियां के माध्यम से आसपास क्षेत्र के समस्त ग्रामीण अंचलों में वितरण किए जाएंगे इस कार्य में सर्व हिंदू समाज विश्व हिंदू परिषद के सदस्य बजरंग दल के युवा बजरंगी एवं अन्य सभी समाजिक संगठन महिला संगठन आयोजित समिति के माध्यम से इस पुनीत कार्य में लगे हुए हैं

# गुरु घासीदास बाबा जयंती की पूर्व संध्या पर भूपेश बघेल ने किया रामपुर (चोरहा) में बाबा की पूजन और आरती

**कुम्हारी,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती की पूर्व संध्या में ग्राम रामपुर (चोरहा) में सतनामी समाज के द्वारा ढोल ताशे के साथ रथ यात्रा निकाली गई जिसमे समाज के पदाधिकारी सहित महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का समिति द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया । मंच से भूपेश बघेल ने बाबा घासीदास के अमृत वचन मनखे मनखे एक समान के संबंध में संबोधित करते हुए कहा कि बाबा के इस अनमोल वचन से समस्त स्त्री, पुरुष, बच्चे वृद्ध में समानता का भाव साथ ही एक दूसरे के प्रति सम्मान और विश्वास का भाव उत्पन्न हुआ है । ढाई सौ साल पहले बाबा के वचन आज भी प्रासंगिक हैं और इससे सिर्फ सतनाम समाज ही नहीं वरन अन्य सभी समाज के लोगों के लिए भी यह एक अनमोल वचन है आज की



राजनीति के संबंध में बोलते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए आपसी वैमनस्य और कटुता के भाव को परे रखते हुए परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना रखनी चाहिए ।

उन्होंने समस्त ग्राम वासियों को गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई दी इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, कांग्रेस नेता रमाशंकर शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, राकेश कुर्रे, नामदास, टोपीलाल कुर्रे एवं रोहित कुर्रे सहित कार्यकर्ताओ तथा श्रद्धालु ग्रामीणजनों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# अनंत सोनी बने अभाविप प्रदेश सहमंत्री नगर में हुआ भव्य स्वागत

**फिंगेश्वर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 75 वर्ष पूर्ण होने पर ,क्ब्ध्क्ष्क ने 10 हजार कार्यकर्ताओं का अमृत महोत्सव वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में संपन्न हुआ जिसमें गरियाबंद के छात्र नेता अनंत सोनी को ,क्ब्ध्क्ष्क के प्रदेश सहमंत्री के दायित्व की घोषणा की गई।

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में गृहमंत्री अमित शाह पत्रकार रजत शर्मा शामिल हुए थे। उद्घाटन समारोह में अमित शाह ने कहा कि ,क्ब्ध्क्ष्क ने राष्ट्र सेवा व आत्म गौरव के 75 वर्ष पूरे करते हुए कश्मीर से कन्या कुमारी तक देश को अपने संघर्ष से सींचा है और युवाओं में राष्ट्रप्रथम की विचारधारा के बीज बोए हैं। कश्मीर हो या गुवाहाटी, अपना देश अपनी माटीज्ये नारा लगा कर हम ,क्ब्ध्क्ष्क के कार्यकर्ता बड़े हुए। और आज कश्मीर भी हमारा है और नार्थईस्ट भी। इंडिया टीवी के रजत शर्मा



ने अधिवेशन में कहा कि आज से 50 साल पहले 16 साल का एक लड़का जिसके पास खाने के लिए खाना नहीं था, पहनने के लिए कपड़े नहीं थे, जिसकी कोई पहचान नहीं थी, उसको पहचान विद्यार्थी परिषद ने दी, वो लड़का मैं था। हमारे देश ने जो हासिल किया है, उसमें ,क्ब्ध्क्ष्क के हजारों कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है।

# नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

**बागबाहरा,** 17 दिसंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा नई दिल्ली के आव्हान पर देश के सभी न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे राजीनामा योग्य प्रकरणों की त्वरित सुनवाई करते हुए निराकरण किया गया । जिसके तहत व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में 258 प्रकरणों का निपटारा किया गया। जिसमें मोटरयान अधिनियम, बैकिंग ऋण बकाया, विद्युत देयक, नल द्व जल देयक, धारा 138 परा लिखत अधिनियम के अंतर्गत, आपसी वाद - विवाद जैसे कुल प्रकरण है। जिसमे कुल 21 लाख 51 हजार 900 रुपए का राजस्व वसूली की गई। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश श्री अविनाश टोप्पो द्वारा पूरे तहसील क्षेत्र बागबाहरा के संबंधित विभागों को गंभीरता से लेते हुए सहभागिता एवं सहयोग हेतु धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया है। जिसमे नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग, दूरसंचार एवम स्थानीय बैंको के साथ व्यवहार न्यायालय बागबाहरा परिसर के सम्माननीय विद्वान अधिवक्तागण का पूर्ण सहयोग रहा है। विधिक प्राधिकरण महासमुंद की ओर रवि थापा अधिवक्ता को सदस्य नियुक्त किया गया था। लेन देन, बटवारा, जमीन विवाद, आपसी विवाद से संबंधित पक्षकारो का उपस्थिति रहा। नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन हेतु न्यायालय के प्रस्तुतकार मनोज पटेल, साक्ष्य लेखक टिकेंद्र देवांगन, मोहित बंजारे एवं विधिक प्राधिकरण द्वारा धनंजय पटेल का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के नायब नाजिर हितेश दीवान द्वारा दी गई। इस न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का प्रथम सफल



आयोजन हुआ। इस लोक अदालत शिविर को लेकर अंचल के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। यहाँ नए व्यवहार न्यायालय खुलने के बाद से बागबाहरा विकासखंड के थानों से सम्बन्धित अपराधों का निराकरण सुनवाई हो रहा है। जिससे प्रार्थियो को काफी राहत मिल रहा है। यहाँ पहले व्यवहार न्यायालय नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगो को जिला न्यायालय महासमुंद जाना पड़ता था। जिससे लोगो को धन एवं समय की बर्बादी होती थी। अब इससे छुटकारा मिल गया है।

# प्रदेश के किसानों के हित में पूर्व कृषि मंत्री साहू ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान करने पर जोर दिया

**गरियाबंद,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व कृषि मंत्री एवम पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू ने शुक्रवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। लोकहित में चर्चा करते हुए उनसे किसानों से धान खरीदी की तिथि को बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा 25 दिसंबर से पूर्व वर्ष 2017 एवम 2018 के बोनस के भुगतान के पूर्व जिन किसानों की मृत्यु हो गई है, उनका राजस्व रिकार्ड उनके उत्तराधिकारी के नाम में अद्यतम किया जाने का सुझाव रखा। ताकि 25 दिसंबर को ऐसे किसानों के उत्तराधिकारी को बोनस भुगतान किया जा सके।



इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का रिकॉर्ड दुरुस्त कर किसानों को सम्मान निधि दिए जाने, कृषि उपज मंडी समितियों एवम सहकारी समितियों में की गई राजनीतिक नियुक्तियां तत्काल रद्द करने का सुझाव भी रखा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री एवम दोनो उपमुख्यमंत्री को कार्यभार सम्हाल कर तत्काल मोदी की गारंटी एवम जन कल्याण कार्य शुरू करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 5 वर्ष से विकास के कार्य बंद पड़े थे, अब प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार काम करेगी, तेजी से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। राज्य की भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि गरीबों का आवास बने, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी दे दी गई है, इससे गरीबों में खुशी का माहौल है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महमरा व अंजोरा में ...

कार्यक्रम में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री के संदेशए योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित किए गए और विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। स्कूली बच्चों ने संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए स्वच्छता, शिक्षा से संबंधित लघु नाटिका की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। जिला पंचायत के सीईओ ने सभी लोगों की व्यापक सहभागिता के प्रति आभार प्रकट किया।

### सभी ग्राम पंचायतों में...

पचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत (डीपीडीपी, बीपीडीपी, जीपीडीपी) विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 (पीपीसी 2023-24) का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर से 31 मार्च तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायत में कमशः सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना था। आदर्श आचार संहिता के कारण निर्धारित समय सीमा में ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जा सका है जिस कारणवश ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्राम सभा का आयोजन 19 दिसम्बर को सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। विशेष ग्राम सभा में विभिन्न एजेण्डा को सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 9 थीमों में से कम से कम 1 थीम पर संकल्प लेकर वाइब्रेन्ट ग्राम सभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य है। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाएगा। ग्राम सभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ लो-कॉस्ट-नो-कॉस्ट गतिविधियों को भी सम्मिलित किया है। इसके अतिरिक्त ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी चर्चा की जाएगी।

### हेमचंद यादव विवि की ...

प्रत्येक परीक्षार्थी को अंक प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा देकर बाहर निकलने वाले परीक्षार्थीयों ने पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा के प्रष्न पत्रों के स्तर की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे वे राष्ट्रीय स्तर की नेट परीक्षा में शामिल हो रहे हो। लिखित परीक्षा में सफ्ल होने वाले परीक्षार्थीयों को शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले साक्षात्कार में आमंत्रित किया जायेगा। इसकी सूचना वि.वि. की वेबसाईट एवं समाचार पत्रों में पृथक से दी जावेगी।

# चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसजनो ने दी बधाई

**बागबाहरा,** 17 दिसंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूदा विधायक डॉ. चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालो में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के जुझारू एवं कर्मठ विधायक द्वारिकाधीश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, रवि निषाद, केशव चंद्राकर, अतुल बग्गा, रुपेश गोयल, संतोष जैन, तेजन चंद्राकर, पारस सांखला, हीरा सेतराम बघेल, दुर्गा सागर, नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, रामेश्वर चक्रधारी, मनोहर ठाकुर, मोहनलाल कुलदीप, सेवाराम साहू, किशोर चतुर्वेदी, उमेश जैन, विजय शंकर निगम, तीरथ राम पटेल, उत्तम राणा, आशा राम बांधे, राम कुमार ठाकुर, अजय ठाकुर, गणेश शर्मा, संतोष पटेल, तूफान दीवान, करण दीवान, पूनम मानिकपुरी, हरी राम यादव, राहुल कुलदीप, ओमप्रकाश साहू, सविता गिरी गोस्वामी, डोमन लाल यादव, सविता ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, शिव कुमार उपाध्याय, खेमराज सिन्हा, राजू चंद्राकर, जगमोहन चंद्राकर, मन्नूलाल दीवान, आशाराम मोंगरे, नंद कुमार निषाद, द्वारिका सिन्हा, समलिया यादव, महेश साहू, तरुण ब्यवहार, शहजान पाशा, कमल चक्रधारी, देवनारायण महोबिया, बसंती बघेल, ताम्रध्वज छोटू बघेल, रमेश चंद्राकर, दिलीप चक्रधारी, खेमराज ठाकुर, केशव राम साहनी, भारत लाल ठाकुर, कांतिलाल तिवारी, गायत्री बाई सिन्हा, डॉ. रामेश्वर सिन्हा, उत्तर कुमार ध्रुव, राजेश त्रिपाठी, चिंतामणि चन्द्राकर, संतोष यादव, निजाम सिह दीवान, माखन लाल सोन, कुञ्ज लाल साहू, रोशन साहू, जनक राम ध्रुव, श्याम लाल विश्वकर्मा, कबीर साहू, बैतल राम पटेल, इंद्र कुमार चौहान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता एवं किसान मजदूरो ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. चरणदास महंत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJAY S/O BAJIRAO RAMTEKE resident of H.NO.23-E, STREET-32, SECTOR-10, BHILAI, DURG, (C.G.) PIN-490006 have changed my old name VIJAY S/O BAJIRAO RAMTEKE so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY RAMTEKE S/O BAJIRAO RAMTEKE in all Government and other documents.

**VIJAY RAMTEKE**
H.NO.23-E, STREET-32,
SECTOR-10, BHILAI,DURG,
(C.G.) PIN-490006

# समाधान महाविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

- चार देशों के शिक्षाविदों ने रिसर्च का महत्व बताया
- 55 शिक्षाविदों एंव शोधार्थियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किये

**बेमेतरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। समाधान महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मानवीय चेतना आधारित सतत विकास के लिए बहुविषयक शिक्षा एवं नवाचार विषय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ.अरुणा पल्टा रही उन्होंने महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड प्राप्ति व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों में अच्छे सहभागिता का गुण देखने को मिला। आज का समय मल्टीटास्किंग हैं, एक ही कार्य से हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकते हैं तथा शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने में हम सभी को अपनी भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर रिसर्च जर्नल में एब्स्ट्रेक्ट प्रोसिडिंग को अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया जिसमे 115 शोध सारांश लिखे गए है व मध्यस्थ दर्शन आधारित आभास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। संचालक डॉ. अलका तिवारी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए सम्मेलन के महत्व को बताया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने महाविद्यालय की स्थापना व उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा महाविद्यालय में जीवन विद्या व मूल्य शिक्षा के आंशिक प्रयोग की जानकारी दी एवं अगले 5 वर्ष में शोधकार्य को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। आईआईटी दिल्ली के विषय विशेषज्ञ श्री अजय जैन ने कहा कि मानव सभी प्रश्नों के समाधानिक उत्तर प्राप्त कर अपने जीवन को आनंदमय बना सकता हैं। शिक्षाविद् सोमदेव त्यागी ने बताया कि मानव का अध्ययन भी शिक्षा का ही एक भाग हैं। दिव्य पथ संस्थान के अध्यक्ष डॉ साधन भट्टाचार्य ने कहा अभी तक मानव का अध्ययन



किसी शिक्षा में नहीं है क्योंकि मानव को समझने में यात्रा शेष है। सृष्टि की सच्चाई को जीवन विद्या और मूल्य शिक्षा द्वारा तर्क विधि से समझा जा सकता हैं। इसके पश्चात गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष श्री हिमांशु दुग्गड़ ने कहा कि मध्यस्थ दर्शन के अनुसार जो वस्तु अस्तित्व में है उसे ही समझाया जा सकता हैं। दो दिनों के सम्मेलन में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के लगभग 55 सहायक प्राध्यापक, रिसर्च स्कॉलर, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में कुल 4 देशों के शिक्षाविदों ने संबोधित किया और रिसर्च की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाले। सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि रविशंकर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एस के पांडेय रहे उन्होंने खगोलशास्त्र की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका ज्ञान जनमानस तक पहुंचाना अनिवार्य हैं क्योंकि हम सभी का अस्तित्व अनंत ब्रह्मांड से है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव श्री भूपेंद्र कुलदीप ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की बधाई देते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि मध्यस्थ दर्शन पर आधारित मूल्य शिक्षा के वजह से यहां के विद्यार्थियों व सहायक प्राध्यापकों में कार्य के प्रति सहभागिता प्रदर्शित होता है। पैनल एक्सपर्ट के रूप मे एन.आई.टी रायपुर से डॉ हिना चावड़ा, अभ्युदय संस्थान अछोटी के शिक्षाविद् डॉ.संकेत ठाकुर एवं डॉ मीनाक्षी राठौर सम्मिलित हुए इन्होंने वक्तव्य में कहा कि सभी प्रतिभागियों के रिसर्च पेपर सकारात्मक का प्रदर्शन कर रहे हैं। निश्चय ही यह आयोजन समस्त शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधार्थियों व सहायक प्राध्यापको ने वसुधैव कुटुंबकम् , जलवायु परिवर्तन,ग्लोबल वार्मिंग,नई शिक्षा नीति 2020 व सस्टेनेबल डेवलपमेंट आदि उपयोगी विषयों पर अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये जो काफी ज्ञानवर्धक रहें। अंत में समस्त रिसर्च स्कॉलर व सहायक प्राध्यापक को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समाधान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों को नेक में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र प्रदान करवाया गया। पैनल एक्सपर्ट के रूप में एम.जे.कॉलेज भिलाई के प्राचार्य डॉ. अनिल चौबे, कलिंगा विश्वविद्यालय की डीन डॉ. आशा अभ्यकर, अछोटी से डॉ. संकेत ठाकुर तथा विदिशा से प्रोफेसर सतीश सक्सेना जी रहें महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री अविनाश तिवारी ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा में मानवीयकरण करने की दिशा में यह हमारा एक आवश्यक कदम हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में साउथ कोरिया के डॉ. टीएन अन्ह ट्रान, कनाडा से शिक्षाविद नेओमी टर्नर, कैलिफोर्निया, अमेरिका से चंद्र शेखर तिवारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉ. प्रीता लाल, व दिल्ली से डॉ. सुरेंद्र पाठक, योगेश शास्त्री, संचालक गणेश वर्मा सहित अन्य सभी विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर व सहायक प्राध्यापक तथा समाधान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत व समस्त सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्वीटी मालिक, दीपाली सलूजा, पीताम्बर झा एवं पूजा सिन्हा के द्वारा किया गया7 यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मलेन सभी के लिए उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा।

# नेशनल लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा में तीन परिवार हुए एक

**बेमेतरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधीन में आयोजित बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय में 27 प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिनमें से तीन मामले में दंपत्तियों को एक साथ सुलह-समझौता कर भेजा गया।



जिसमें से एक प्रकरण परिवार न्यायालय बेमेतरा में प्रकरण में पत्नी करिश्मा पाटले ने अपने पति राजकुमार पाटले के विरूद्ध भरण-पोषण का मामला दर्ज कराया था, जिसमें दोनों का एक पुत्र प्रियांशु पाटले होने के बावजूद उनके मध्य गंभीर विवाद था तथा पत्नी अलग रह रही थी। पति राजकुमार पाटले थाना कुंडा, जिला कबीरधाम का निवासी है, जिसके विरूद्ध उसकी पत्नी श्रीमती करिश्मा पाटले ने अपराधिक मामला भी दर्ज कराया था, किन्तु परिवार न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश श्रीमती नीलिमा सिह बघेल ने 11 वर्षीय बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुये उभयपक्षों को काफी देर प्रयास कर समझाया। उक्त सुलह कार्यवाही के दौरान बच्चे ने भी न्यायाधीश से कहा कि च्च मैडम मेरे माता-पिता को मिलवा दीजिए।ज्ज न्यायाधीश के प्रयास के बाद उभयपक्षों के मध्य समस्त विवाद समाप्त हुआ तथा दोनों पति-पत्नी को साथ में न्यायालय से विदा किया गया। विदा के समय पति-पत्नी को सप्तपदी के सात वचन की प्रति, तुलसी का पौधा तथा नारियल दिया गया, एक-दूसरे का माला पहनवाकर एवं मिठाई खिलाकर अच्छा जीवन जीने की शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इस पूरी प्रयास के दौरान परिवार न्यायालय के न्यायाधीश श्रीमती नीलिमा सिंह बघेल के साथ साथी अधिवक्ता श्री लालबहादुर शर्मा एवं श्री डिकेन्द्र देवांगन उपस्थित थे एवं परिवार न्यायालय के समस्त स्टाफ भी उस सुखद पल के साक्षी बने।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# बेरला के ग्राम पंचायत भेड़नी और नवागढ़ के धेंगाभाट और ग्राम पंचायत झांकी में लगा शिविर,सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**बेमेतरा**, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिसंबर से छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा के जेवरी ग्राम पंचायत से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा । आज यात्रा के दूसरे दिन जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत भेड़नी में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये। ज़िला स्तरीय अधिकारियों ने भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।वही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री वितरित की गयी। ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वही जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम धेंगाभाट और ग्राम पंचायत झांकी में संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर बेरला एसडीएम श्री युगल किशोर उर्वशा,डिप्टीकलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर,सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी सहित जनपद पंचायत बेरला अधिकारी उपस्थित थे। कल 18 दिसंबर को जनपद पंचायत साजा के ग्राम पंचायत खुरसबोड और कारेसरा में तथा बेमेतरा ब्लॉक के खिलोरा और बैजलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम होगा। प्रात: 10 30 और 2 30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम होगा।जिसमें ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने स्टाल लगायेंगे।



लगाये गये स्टॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदकों ने फार्म जमा किया। वहीं स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय के लिए, उज्जवला योजना अंतर्गत गैस, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदकों सहित हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने फार्म जमा किया। इसके अलावा शिविर में लोगों का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की जांच की गई।

आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन के लिए रूट चार्ट अनुसार वैन पहुँच कर भारत सरकार की योजनाओं की सॉफ़्ट स्टोरी के ज़रिए जानकारी दे रही है। दो दिन में पाँच शिविर आयोजित किए गये। जिसमें लगभग 4791 लोग शामिल हुए। जिसमें 2055 पुरुष और 2708 महिलाओं की उपस्थिति रही। वही 28 अतिविष्ट व जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभायी। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में और तेजी से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भारत, पीएजेएवाई, प्रधानमंत्री बालिका कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्राीण आजीविकास मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, (ग्रामीण) प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, नौनो उर्वरक आदि की संबंध में जानकारी दी जा रही है । जरूरतमंदों को इन योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य है। सभी पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

मालूम हो कि बीते शनिवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों राजस्थान मध्य प्रदेश मिजोरम और तेलंगाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा को भी हरी झंडी दिखाई। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर रायपुर में "विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम भेड़नी में कार्यक्रम आयोजित

**बेमेतरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत भेड़नी ,जनपद पंचायत बेरला मे आज विकसित भारत संकल्लप यात्रा कार्यक्रम के तहत वैन पहुंची । भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिये आउटरिच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा । ग्राम पंचायत एवं शासकीय अमलों के माध्यम से ग्राम मे वैन का भव्य स्वागत किया गया ।कार्यक्रम मे वैन के स्वागत के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी जी का संदेश सभी ग्रामवासी एवं आम जनता को सुनाया गया तथा सभी लोगों को 2047 तक विकसित भारत निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया ।शासन की योजनाओं के बारे मे सभी आमजनों को जानकारी दी गयी तथा विभिन्न योजनाओ के लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी उनके द्वारा स्वयं सुनाया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न हितग्राहियों एवं अलग अलग क्षेत्रों मे अच्छा कार्य किये कर्मचारी व बच्चों को भी प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया ।महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट ,खाद्य विभाग के द्वारा पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण एवं योजना मे नवीन पंजीयन कराया गया,राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मे भूमि रिकॉर्ड का 100त्न डिजिटलाईजेशन



- प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण व प्रचार प्रसार के लिए पहुंचा वेन
- ग्राम पंचायत एवं शासकीय अमलों के माध्यम से ग्राम मे वैन का किया गया भव्य स्वागत

कराने हेतु अभिनन्दन पत्र वितरित किया गया ,पंचायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की महिलाओं का भी स्वागत किया गया ।क्वीज कार्यक्रम भी कराया गया जिसमे सभी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,राजस्व विभाग ,खाद्य विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,महिला एवं बाल विकास विभाग , सहकारिता विभाग आदि विभागों के द्वारा स्टाल लगाया गया था जिसमे विभिन्न नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयीं। कार्यक्रम मे एस डी एम बेरला श्री युगल किशोर उर्वशा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला सुश्री पिंकी मनहर( डिप्टी कलेक्टर), तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार , ग्राम पंचायत भेड़नी सरपंच श्रीमति जिज्ञासा विनोद दुबे, एवं अन्य कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# सड़क को बनाने बीस साल से आवेदन देते आ रहे है खुटेरी के ग्रामीण

**गुण्डरदेही,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। गांव और शहर के विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है। एक तरफ सरकार गांवों और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है तो वहीं गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खुटेरी से बोदल कुथरेल पहुंच मार्ग दयनीय हालत है खुटेरी भट के ग्रामीण विगत बीस साल से इस जर्जर सड़क को संवारने जनप्रतिनिधि के चौखट से लेकर अधिकारी तक को आवेदन देते थक चुके है मगर आज तक इन पर किसी ने ध्यान नही दिया जनप्रतिनिधि चुनाव के पहले बड़े-बड़े वादे तो करते है मगर चुनाव जीत जाने के बाद भुल जाते है बोदल कुथरेल को जोड़ने वाली यह तीन किलोमीटर महत्वपूर्ण सड़क रख-रखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है यह सड़क आज पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुका है गिट्टी उखड़कर बिखरे पड़े है इस जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक व राहगीर आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं बारिश के दिनो मे तो किसानो को ज्यादा तकलीफ होती है खुटेरी के ग्रामीणो ने जिला पंचायत सदस्य व जनपद सदस्य को भी कोसते रहे

**जनप्रतिनिधि से लेकर अफसर तक को मांग पत्र सौंपा**



- विधायक ने कहा नया बजट मे शामिल कर निर्माण कार्य कराया जाएगा

ग्रामीण ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक मांग पत्र देकर सड़क बनवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया गया ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनो मे सड़क पर आवाजाही और भी मुश्किल हो जाती है। खासकर किसानी के दिनो मे ज्यादा परेशानी होती है बोदल जाने के लिए अचौद रजोली होकर जाना पड़ता है ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क की निर्माण कराने की मांग की है

**नया बजट मे कराया जाएगा शामिल**

इधर गुण्डरदेही विधायक व पुर्व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि पिछले वर्ष खुटेरी बोदल मार्ग को बजट मे शामिल किया गया था मगर नही हो पाया नया बजट मे इसको शामिल कर निर्माण कराया जाएगा।

# उमरिया ढाबा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चाय पर की चर्चा

**बेमेतरा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। एक दिन पहले प्रदेश के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री विजय विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा प्रवास के दौरान रास्ते में उमरिया ढाबा में रुक कर अपने परिचितों से चाय पर चर्चा भी की जिले के भाजपा नेता योगेश तिवारी इस अवसर पर उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा चर्चा के दौरान पुराने दिनों की याद भी की जाती रही इससे पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भाजपा नेता योगेश तिवारी ढाबा के संचालक राजकुमार तिवारी सिद्धांत तिवारी के नेतृत्व में बड़े ही गर्म जोशी को आत्मीयता से जमकर आतिशबाजी कर स्वागत भी किया गया इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा के नेता एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से राजु साहु मनोज सिन्हा उतसव सलुजा बलराम पटेल मनोज दुबे ॠषि तिवारी नीलकन्ठ पटेल मनोज पटेल अजय मिश्रा पीयुष शर्मा उपस्थित रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा में केन्द्र व राज्य सरकार की गिनाई उपलब्धि

**गुण्डरदेही,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु) । विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को ग्राम पैरी पहुंची जहां प्रचार वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की योजना व छत्तीसगढ़ सरकार की नई योजना मातृ वंदना योजना प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई यह सुनिश्चित किया गया कि जो भी हितग्राही है वह इन सभी योजनाओं का लाभ उठा सकते है कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन पैरी सरपंच रूपेंद्र देशमुख जनपद सदस्य रमादेवी ठाकुर नायब तहसीलदार गुण्डरदेही स्वास्थ्य विभाग कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम पटेल गैंदसिंह साहू नरेंद्र सोनबोईर व बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामवासी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए श्री जैन ने बताया कि इस विकसित संकल्प यात्रा में केंद्र सरकार की योजना खाद्य सुरक्षा योजना किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 17 लाख लोगों का आवास बनना है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत तीन लाख तक बिना किसी गारंटी के लोन दिया जाएगा जो भी हितग्राही इन सभी योजनाओं का लाभ उठाना चाहते हैं वह इस कार्यक्रम में आकर किसी भी योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और योजना का लाभ उठा सकते है यात्रा के दौरान पैरी के 35 पात्र हितग्राहियो को उज्वलना योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किया गया



# खुटेरी मे 20 हितग्राही को मिला नया गैस कनेक्शन



**गुण्डरदेही,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। खुटेरी (रंग) के सरपंच व भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष नविता साहू ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 20 हितग्राहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया गया इस दौरान उन्होंने ग्रामीणो को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे मे भी जानकारी दी साथ ही शासन की योजनाओ का लाभ लेने को कहा

# रेलवे का फर्जी ज्वाईनिंग लेटर भेजकर बेरोजगार युवाओं से लाखो करते थे ठगी

- आरोपी से घटना में प्रयुक्त 02 नग मोबाईल, लाखों का चेक व फर्जी कागजात जप्त
- थाना डोंगरगढ़ एवं साइबर सेल टीम की संयुक्त कार्रवाई



**डोंगरगढ़,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ का दिनांक 02/09/2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपीगण द्वारा रेलवे विभाग में टिकिट एक्जामिनर के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000/रू (अठ्ठारह लाख पचास हजार रू) लेकर प्रार्थी से ठगी किया है, कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/2023 धारा 420,467,468,471,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो जेल में निरूद्ध है। प्रकरण में विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन पर निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में सायबर टीम के सहयोग से फरार आरोपी की सूचना पर आरोपी सुखेन्द्र चन्द्राकर गंगानगर जिला बिलासपुर में लूक छीप रहा था, जो गंगानगर जिला बिलासपुर पहुंचकर घेराबंदी कर पकडा गया जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा युवाओं को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कलकत्ता के अन्य आरोपियों के साथ मिलकर रेलवे विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर विभिन्न राज्यों के युवाओं को वर्धमान (कलकत्ता) ले जाकर फर्जी ट्रेनिंग करवाकर लाखों रूपये लेकर ठगी किया है। प्रार्थी योगेश हिरवानी से भी 18,50,000/रू (अठ्ठारह लाख पचास हजार रू) की ठगी करना स्वीकार किया है। आरोपी के पेश करने पर 02 नग मोबाईल व घटना में प्रयुक्त कागजात को पेश करने पर जप्त किया गया है।

मामले में कलकत्ता के 03 आरोपी पूर्व में वर्धमान पुलिस द्वारा गिरफ्तार की जा चुकी है। एक अन्य आरोपी संतोष जायसवाल की पता तलाश जारी है। शीघ्र गिरफ्तार की जावेगी। आरोपी ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य से युवाओं को प्रलोभन देकर डीआरएम ऑफिस के पास वर्धमान (कलकत्ता) लेकर जाते थे और वहां अन्य आरोपियों को रेलवे के अधिकारी बताकर उनके द्वारा नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रूपये ठगी कर तीन माह का ट्रेनिंग करवाते थे। बाद में ज्वाईनिंग लेटर भेजने की बात कर वापस भेजकर युवाओं से ठगी करते थे। महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी- निरीक्षक भरत बरेठ, सउनि धन्नालाल सिन्हा, सउनि द्वारिका प्रसाद, प्र. आर. क्र. 800 बसंतराव, आर. क्र. 354 अमित सोनी, आर. 1074 चितेश रात्रे, आर. 560 प्रयांश सिंह, आर. 947 हेमंत कुमार।

# रामदुलार साहू सचिव संघ के बने अध्यक्ष



**डोंगरगांव,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित रामदुलार साहू को चुना गया है सचिव संघ के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए दो सचिवों ने अपना नामांकन भरा था जिसमें हेमंत साहू और पूर्व अध्यक्ष रामदुलार साहू का नाम था जिनमें हेमंत साहू के प्रपत्र में त्रुटि होने के कारण नामांकन रद्द हुआ जिससे रामदुलार साहू को पुन: सचिव संघ अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया अध्यक्ष पद निर्वाचन होने के बाद सचिव संघ का कार्यकारिणी का गठन किया गया जिनमे निलेश गुरवे कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है और दौवा राम साहू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजकुमार उपाध्यक्ष पूनम चंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश साहू सचिव शशिकांत बोरकर सह सचिव का बनाया गया है संरक्षकों में बिहारी लाल मंडावी महासिंह डेरहा राम साहू को बनाया गया है इनके अतिरिक्त हेमंत साहू सिराज खान कृष्णा राम साहू मोनिका खत्री वीरेंद्र साहू डेमन साहू गंगा प्रसाद साहू शंकर लाल तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्यों में योवेद्र कुमार ओमकार नरेंद्र वर्मा चमन साहू अफरोज खान खिलेश्वरी ठाकुर ज्योति यादव उमेश यादव कोमल साहू वीर सिंह प्रताप वर्मा गंगा प्रसाद महेश सन ठेके पुनाराम रामखेलावन गंगाराम निषाद को शामिल किया गया है

- ग्राम पंचायत सचिव संघ का गठन

# मनेरी में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 23 से

**डोंगरगांव,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। डोंगरगांव से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम मनेरी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी आयोजन समिति न्यू सद्भावना एवम खेल युवा कल्याण समिति और ग्रामवासियों के तत्वाधान में 23 से 30 दिसंबर तक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा

आयोजन समिति के सचिव नोहर साहू ने बताया है कि क्षेत्र के फुटबाल प्रेमियों के लिए इस गांव में 1980 से फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ है आयोजन समिति द्वारा ग्रामीण प्रतिभा को उभारना एवम राष्ट्रीय स्तर तक ले जाना ही मुख्य उद्देश्य है

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा खासकर विदेशी खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 11 सौ रुपए रखा गया है साथ ही विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार 31001 रुपए नगद एवं विनर शील्ड तथा उपविजेता टीम के लिए 15001 रुपये नगद एवं विनर शील्ड तथा अन्य फुटबॉल टीम जो भाग लेगी उनके लिए भी नगद राशि के साथ-साथ विनर शील्ड से सम्मानित किया जाएगा इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में 24 फुटबॉल टीम भाग लेगी इनके अलावा आयोजन समिति एवं ग्राम वासियों के द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जो बाहर से खिलाड़ी भाग लेंगे उनके लिए भोजन के साथ-साथ रुकने के लिए निशुल्क आवास की भी व्यवस्था की गई है राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री को विशेष रूप से विशेष रूप से आमंत्रित जाएगा इस फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारी जोरों से की जा रही हैं।

- विदेशी खिलाड़ी भी आएंगे

# आयबांधा में गुरु घासीदास जयंती कल

**डोंगरगांव,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम आयबांधा में संत शिरोमणी गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन मंगलवार 19 दिसंबर को किया गया है। आयोजन दोपहर 3 बजे से गांव में शोभायात्रा निकाली जायेगी, जिसमें संत संगवारी बालिका पंथी नृत्य पार्टी का शानदार कार्यक्रम होगा। शोभायात्रा के बाद गांव में स्थित जैतखंभ में ध्वजारोहण किया जायेगा।

ग्राम के पदमन दास देशलहरे ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा फिल्म कलाकारों से सजी लोक सांस्कृतिक कला मंच सुर झंकार की रंगारंग प्रस्तुति होगी। जिसमें प्रसिद्ध लोक कलाकार आरती बारले प्रस्तुति देगी। उन्होनें समस्त ग्रामवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# अपने गरिमा के विपरीत बयानबाजी छोड़ जनता का सम्मान करें डॉ. रमन: गिरीश देवांगन



**राजनांदगांव,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने डा रमन सिंह द्वारा राजनांदगांव की जनता को खरीदने, पैसे बांटने के आरोप पर सख?त प्रतिक्रिया ०?यक ?त की है। उन?होंने कहा है कि, लोकतंत्र में जनादेश सर्वमान्य होता है। यहां का जनादेश डा रमन के सिर चढ़ गया है इसलिए कांग्रेस को 57 हजार 415 वोट देने वाली जनता का डॉ रमन सिंह लगातार, खुले मंच से अपमान कर रहे हैं। अत: डॉ रमन को जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांग कर प्रायश्चित करने की आवश्यकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने सीधे शब्दों में कहा कि राजनांदगांव की जनता ने डॉ रमन सिंह को उनके अंतिम चुनाव के संकेत देते हुए मतदान किया है। स्वयं डॉ रमन सिंह ने अपनी जीत को मोदी की गारंटी के कारण बताया है। उनके 15 वर्षीय कुशासित नेतृत्व के कारण ही भाजपा ने उन्हें चुनाव अभियान और प्रदेश में चुनाव के दरमियान किनारे कर दिया था, यहां तक के पोस्टर से भी उनकी फोटो गायब थी। चुनाव में हार जीत लगी रहती है। लेकिन जीत के बाद जिस प्रकार से साड़ी, बोरे में भरकर पैसा बांटने का आरोप डॉ रमन सिंह लगा रहे हैं यह उनकी विचलित मानसिकतामयी हताशा का परिचायक है।

देवांगन ने कहा कि, यदि इस प्रकार की कृत्य की जानकारी उन?हें थी तो तत्काल उन्हें अपनी सजगता प्रदर्शित करते हुए लिखित एवं प्रमाणित शिकायत करनी थी। लेकिन सिर्फ अपनी बेबसी को छिपाने के लिए इस प्रकार का हास्यास्पद आरोप लगाकर वे लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस को वोट देने वाले 57 हजार से अधिक मतदाता व जनता का भी वे अपमान कर हैं और अपने अहं का प्रमाण दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, मैं तो मतदान के बाद से ही जनता का आभार व्यक्त करते लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के सेवा में तत्पर हूं और रहूंगा। क्योंकि सेवा ही मेरा कर्म एवं धर्म है। चुनाव परिणाम के बाद भी राजनांदगांव की जनता एवं कार्यकर्ताओं के सुख दुख में सहभागी बन रहा हूं। पिछले 5 वर्षों में एवं मतदान के व चुनाव परिणाम के बाद अपने राजनांदगांव आने का भी चिंतन-मनन डॉ. रमन सिंह कर लें कि वे कितने बार आए हैं तो उन्हें खुद की बेसुध जनप्रतिनिधि की छवि से सामना हो जायेगा।

उन?होंने आगे कहा कि, रही बात औकात की तो भाजपा के 15 वर्षीय मुख्यमंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का उनकी पार्टी ने क्या हाल किया है ये प्रदेश सहित राजनांदगांव की जनता भली भांति जान चुकी है। इसी हताशा में डा रमन अपने गरिमा के विपरीत शब्दो से बेतुके बयानबाजी कर रहे हैं।

अंत में गिरीश देवांगन ने कहा कि डा रमन बेतुके बयानबाजी छोड़ मोदी की गैरंटी की चिंता करें और किसानों का 21 चि धान खरीदने और 3100 नगद भुगतान हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर काउंटर खोलने की मांग करने का साहस ही कर अपने विधायक होने का कर्तव्य निभा कर नैतिकता का परिचय दे ।

# कांग्रेस सरकार में शुरू हुई जनहितैषी योजनाओं को जारी रखे भाजपा सरकार: कुलबीर सिंह



**राजनांदगांव,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में गोधन और राजीव गांधी न्याय योजना बंद किये जाने की ख़बरों को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बड़ा बयान जारी किया है । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जारी प्रेस विज्ञपती में कहा है कि कांग्रेस सरकार में शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं को बंद नहीं किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिल रहा है और जिसकी वजह से आम जनता सुखी व आर्थिक रूप से समृद्ध हुई है उन योजनाओं को बंद किया जाना किसी भी स्तर पर सही नहीं है । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के आने के बाद कांग्रेस सरकार की कई योजनाओं को बंद करने की अटकलें सुनाई दे रही हैं लेकिन यह गलत निर्णय होगा। कुलबीर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव मितान क्लब जैसी योजनाओं से आम जनता को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है जिन्हें बंद नहीं किया जाना चाहिए । इसी तरह बिजली बिल हाफ, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, भूमिहीन कृषि मजदूर योजनाओं का लाभ भी आम जनता को मिला है इन सबको निरंतर जारी रखने से ही प्रदेश की जनता का फायदा होगा ।

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आगे कहा कि कांग्रेस ने सत्ता संभालते ही नरवा-गरवा-घुरवा अउ बाड़ी योजना के तहत गावों में सिंचाई के साधन उपलब्ध कराना, पशुधन के लिए गौठानों की व्यवस्था, मवेशियों के गोबर और मूत्र से खाद बनाने के साथ ही गांवों में बाड़ी बनाकर फल-फूल और सब्जियां उगाने के काम को बढ़ावा दे कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाया । गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी की गई जिससे लगभग 551.31 करोड़ पशुपालकों, चरवाहों, गौठान समितियों और महिला स्वसहायता समूहों को बांटे गए।

धान खरीदी में समर्थन मूल्य से अतिरिक्त राशि सब्सिडी के रूप में किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत दी जाती थी जिसके तहत प्रदेश के 24.52 लाख किसानों को 21,913 करोड़ रुपए इस योजना के तहत दिए गए।

राजीव युवा मितान क्लब योजना के तहत प्रदेश में 13 हजार 242 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया। हर साल 1 लाख रुपए सभी क्लबों को आवंटित किए गए। इस राशि का उपयोग खेल, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन में किया गया । इस योजना में 4 लाख सदस्यों को जोड़ा गया और 132.48 करोड़ बांटे गए।

बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक बिल आम जनता का हाफ किया गया इसके जरिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 400 यूनिट तक की बिजली खपत पर मौजूदा दर के आधार पर आधे बिल की राशि में छूट दी गई ।100 यूनिट तक 3.70 पैसे, 101-200 तक 3.90 पैसे और 201-400 तक 5.30 पैसे प्रति यूनिट तक की छूट आम जनता को दी गई ।

पूरे प्रदेश में 726 स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले 377 इंग्लिश मीडियम और 349 हिन्दी मीडियम स्कूल खोले गए जिसमे 4 लाख 21 हजार बच्चों का दाखिला हुआ।

राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत प्रदेश में 5 लाख 63 हजार 576 हितग्राहियों को 758,03 करोड़ का भुगतान किया गया ।

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि ऐसी और भी सैकड़ों योजनाएं हैं जिनका फायदा आम जनता को लगातार मिला है और लगातार मिल रहा है लेकिन अब प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद उन योजनाओं को बंद करने का विचार सीधे तौर पर प्रदेश की जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है ।

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि किसी भी योजना को बंद नहीं किया जाना चाहिए और यदि आम जनता के हित की बातों को दरकिनार किया गया तो उसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा ।

# पुराना हॉस्पिटल मार्ग में स्थाई दुकान निर्माण कराने विधानसभा अध्यक्ष को गोलू सूर्यवंशी ने दिया ज्ञापन



**राजनांदगांव,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी के राजनांदगांव प्रवास के दौरान भारतीय जनता युवामोर्चा जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी (गोलू) ने पुराना हॉस्पिटल मार्ग में लगभग 40-45 वर्षो से अस्थाई रूप से दुकान संचालन कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे फुटकर व्यवसाइयों के लिए स्थाई दुकान की मांग की साथ ही बताया कि इनके द्वारा हर माह निगम को 300 रु किराया भी जमा करते है व पूर्व के अविभाजित मध्यप्रदेश शासन में स्व. अर्जुन सिंह के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में उसी स्थान पर निगम के द्वारा स्थाई गुमटी भी प्रदान किया गया था जो अब जीर्णशीर्ण हो चुका है दुकानदारों ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि वर्षों से समय-समय पर उक्त स्थान पर स्थाई दुकान की मांग संचालकों के द्वारा कि गई परंतु उनकी मांग व परेशानियों को हर बार अनसुना किया गया। निगम प्रशासन की उदासीनता तथा दुर्भावना के चलते उन्हें कई बार जबरदस्ती परेशान किया जाता रहा है फिर भी उनका मनोबल नही टूटा। एक निजी संस्थान की भी उपेक्षा के भी शिकार हुए है पर फुटकर व्यापारियों की एकता के सामने सत्ताधारी चाटुकार नगण्य साबित हुए। उक्त बातो को सूर्यवंशी ने डॉ. रमन सिंह को बताया तथा उसी स्थान में क्रमबद्ध स्थाई दुकान बनाकर संचालको को सौंपने हेतु मांग रखी। जिसपर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने त्वरित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मोची चंद्रभान टाडेकर, हितेश सेन, नरेंद्र रेड्डी, किशन यदु, छबिलाल यादव, जयसिंग कुमरे, विशाल यादव, छोटू यदु, , संजय यादव सहित अनेंक फुटकर व्यवसायी उपस्थित थे। उक्त जानकारी कमलेश यादव ने दी।

# बेलगांव में आज संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह

**डोंगरगढ़,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलगांव



में आज सतनामी समाज के धर्मगुरुबाबा गुरु घासीदास जी की जयंती समारोह का आयोजनकिया गया है उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के दिन हिंदू जांगड़े ने बताया कि बहुत ही हर्ष की बात है कि आज गुरु घासीदास 275 वां जयंती के पावन पर्व में ग्राम बेलगांव में एक दिवसीय झांकी एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्यअतिथि मुख्य अतिथि हर्षिता स्वामी बघेल (विधायक डोंगरगढ़) , अध्यक्षता- भुनेश्वर शोभाराम बघेल (पूर्व विधायक डोंगरगढ) , विशिष्ट अतिथि- विवेक वासनिक (पूर्व राजगामी सम्पदा), महेश चन्द्रवंशी (पु.जि. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कबीर धाम) , पुष्पा गौकरण वर्मा (जि.प.सदस्य राजनांदगांव, त्रिवेणी वर्मा (जनपद सदस्य डोंगरगढ) , छबिल राम साहू (सरपंच ग्रा.प. बेलगांव) , सालिक राम गेडाम (अध्यक्ष ग्राम पं. सभा) , नेतराम साहू (जि.सयुक्त महामंत्री), दिनेतु जांगडे (उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ) उपस्थित रहेंगे । उक्त एक दिवसीय झांकी एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता में अंचल के सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से बड़ी संख्या में उपस्थिती की अपील की गई है।

# गुरु घासीदास जयंती व मड़ाई मेला अछोली में कल

**डोंगरगढ़,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती व मड़ाई मेला का आयोजन 19 दिसंबर दिन मंगलवार को ग्राम करवारी में रखा गया है साथ ही रात में लोककला मंच ग्राम सिरपुर वालों का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजनकर्ता - अंकाल दास, धीरनदास चेलक, धनुलाल चेलक, अग्रहीत, संतोष दास चेलक, किरण मारकण्डे, दिनेश मारकण्डे लालचंद जोशी, ईतवारी, सुरेश जोशी, ज्ञानदास, राखी बंजारे, कृष्णा बंजारे, संतराम टण्डन, राजेश टण्डन, हंसादास ललित चेलक, पुरुषोत्तम चेलक, राजेश टण्डन, विक्की चेलक, अजीत चेलक, विक्रांत चेलक, अविनाश, अशोक, तरुण जय टण्डन, महेन्द्र, गौरव, संजू, सुरज, देवेन्द्र, नितेश, कन्हैया सहित समस्त सतनामी समाज ग्राम करवारी ने उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी लोगो से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

# गंडई कालेज में सेक्टर स्तरीय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन



**गंडई पंडरिया,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ सासन के लत्वाधान में सेक्टर स्तरीय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई मे हुआ। प्रतियोगिता मे शासकीय महाविद्यालय दिग्विजय स्नात महा. राजनांदगाँव, शासकीय महाविद्यालय डोगरगांव, शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी, शासकीय महाविद्यालय मोहला, शासकीय महाविद्यालय चिल्हाटी, शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़, शासकीय महाविद्यालय छुईखदान, शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा, शासकीय महाविद्यालय बोडला. शासकीय स्नातक महाविद्यालय कवर्धा एवं आयोजक शासकीय महाविद्यालय गंडई सहित कुल 11 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रथम सेमीफाइनल मैच गंडई महाविद्यालय और दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव के बीच खेला गया जिसमे दिग्विजय महाविद्यालय विजेता रही। दुसरा सेमीफाइनल मैच डोंगरगाँव और अंबागढ़ चौकी के बीच हुआ, जिसमे डोंगरगाँव विजेता रही। फाइनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव और डोगरगांव के बीच स्आ। जिसमे शानदार प्रदर्शन करते हुए डोंगरगांव ने बाजी मारी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एन एस वर्मा ने किया एवं विशिष्ट अतिथि छुईखदान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जयति श्रीवास्तव थी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण चौधरी क्रीडा अधिकारी दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव व खेलन मोहले क्रीडा अधिकारी शास स्नान महाविद्यालय कवर्धा की अहम भुमिका रही। निर्णायक की भूमिका एवं विशेष सह ?योग कन्हैया पटेल, लेखराम वर्मा, टीकै गोरी, आशीष पटेल एवं प्रिंकेश कश्यप की रही। प्राचार्य ने विजेला और उपविजेता टीम के खिलाड़ियो को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ से सम्मानि किया गया। आगामी 20 एवं 21 दिसम्बर को राज्य स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबहरा, जिला महासमुन्द में आयोजित होगा। जिसमे सेक्टर के श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर शासकीय महाविद्यालय डोगरगांव से कुणाल, दिलेश, दिपेश, थानेश्वर दिग्विजय शासकीय महाविद्यालय राजनांदगांव से प्रीतम, गोपाल, सिलेश्वर, मंयक, गंडई से मोहित यादव, महेन्द्र पटेल, अंबागढ़ चौकी से थमलेश्वर एवं कवर्धा से रमेश चयनिल हुए है। समस्त जानकारी गंडई महाविद्यालय की क्रीडा अधिकारी अनीला पौषार्य ने दिया।

उल्टा पुल्टा

रामू- डॉक्टर साहब प्लास्टिक सर्जरी करवाने में कितना खर्चा आयेगा।
डॉक्टर- 5 लाख
रामू- अगर प्लास्टिक हम दें तो..?

संपादकीय

## महंत के अनुभवों का लाभ ले कांग्रेस

डॉ. चरणदास महंत के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष मिल गया है। शनिवार को उनके नाम पर कांग्रेस हाईकमान ने मुहर लगाई है। इसी माह की 3 तारीख को विधानसभा चुनावों के लिये निकले नतीजों के बाद भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली, जिसके लिये मतदान नवम्बर की 7 व 17 तारीखों को हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोई पद लेने से इंकार करने के बाद महंत पर सहमति बनी। पिछले हफ्ते ही केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन एवं प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा ने रायपुर में सभी कांग्रेस विधायकों से बात कर अपनी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी। इसके मुताबिक ही महंत को यह अहम जिम्मेदारी मिली है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. महन्त पिछली कांग्रेस सरकार में विधानसभा के अध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व सम्भाल चुके हैं। वे संसदीय नियमों एवं परम्पराओं का पालन करने वाले माने जाते हैं। विवादों से हमेशा परे रहने वाले महंत बड़ा अनुभव राज्य विधानसभा के साथ लोकसभा का भी रखते हैं। वे तीन बार लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं और अनेक समितियों में उनकी सदस्यता भी रही। अविभाजित मध्यप्रदेश के वे राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे। ऐसे ही उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भी केन्द्र सरकार में काम करने का तजुर्बा है। एक बार तो वे छत्तीसगढ़ के लोकसभा में एकमेव प्रतिनिधि भी रह चुके हैं तथा उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत फिलहाल उनके निर्वाचन क्षेत्र कोरबा से सांसद हैं। राज्य के एक प्रमुख राजनैतिक व्यक्तित्व बिसाहूदास महंत के पुत्र चरणदास की अपनी एक स्वतंत्र पहचान कार्य कुशलता के अलावा अपनी सौम्यता के कारण भी है। वे न सिर्फ संसदीय कानूनों के अच्छे ज्ञाता हैं बल्कि मुद्दों पर भी अच्छी पकड़ रखते हैं। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता होने के कारण उन्हें प्रशंसा व सम्मान से देखा जाता है।

विपक्ष में आने के बाद कांग्रेस को अब बड़ी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। जनहित के मसलों को लेकर जहां उसे एक ओर सदन ने बाहर सक्रिय रहना होगा वहीं विधानसभा के भीतर भी उसे लोगों के सरोकारों के साथ मजबूती के साथ खड़ा होना पड़ेगा। संगठन को दोबारा सत्ता में आने के लिये आंदोलनों का सहारा लेना लाजिमी है तो वहीं कांग्रेस विधायक दल को विधानसभा के भीतर उठने वाले विषयों पर सक्रियता दिखानी होगी। लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व से सभी वाकिफ हैं। विधायक दल को देखना होगा कि नागरिकों को उनके अधिकार मिलें। उनकी ज़रूरतों के अनुसार सरकार को काम करने के लिये बाध्य करना भी अब विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस के जिम्मे है। पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दीपक बैज बने रहेंगे, जो अपेक्षाकृत कम अनुभवी हैं। महंत को उन्हें भी मार्गदर्शन देना होगा।

## हाथ छोड़कर मोटरसाइकिल चलाते हुए स्टंट करने वाले वाहन चालक के खिलाफ की गई कार्रवाई



**बलौदाबाजार,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार एवं भाटापारा में समस्त प्रवेश मार्ग एवं प्रमुख चौक-चौराहों में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु उच्च कोटि के सीसीटीवी कैमरा लगाकर सिटी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना की गई है। इस सिस्टम की सहायता से कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिस प्रकार अविश्वसनीय मदद मिल रही है, ठीक उसी प्रकार यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की पहचान में भी काफी मदद मिल रही है। इसकी सहायता से तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वाले चालकों की पहचान कर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में बलौदाबाजार शहर के गार्डन चौक में एक वाहन चालक को सफेद रंग के अपने जेडएमआर मोटरसाइकिल क्र. सीजी04 एचके 5537 में स्टंट मारते हुए पहचान की गई। आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन में एक अन्य व्यक्ति को पीछे बैठाकर अपना हाथ हैंडल से छोड़कर बहुत ही खतरनाक ढंग से वाहन चलाया जा रहा था। यह स्टंट स्वयं उसके लिए तथा आने जाने वाले अन्य लोगों के लिए भी बहुत घातक सिद्ध हो सकता था। बलौदाबाजार सिटी सर्विलांस सिस्टम की सहायता से तत्काल इस वाहन चालक की पहचान तिलक सारथी पिता श्याम कुमार सारथी उम्र 24 साल निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली के रूप में की गई। तत्पश्चात यातायात पुलिस द्वारा 14 दिसम्बर को मोटरसाइकिल चालक तिलक कुमार सारथी के विरुद्ध मोटर व्हीकल की धारा 184 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही कर 2000 का चालान काटा गया है। पुलिस द्वारा भविष्य में इस प्रकार कोई भी स्टंट करते हुए पकडे जाने पर मोटरसाइकिल जप्त कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु वाहन चालक को सख्त >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक में संगठन की एकता पर जोर



**राजिम,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। श्रमजीवी पत्रकार संघ गरियाबंद जिला इकाई की बैठक स्थानीय पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम किशोर शर्मा, महासचिव रमेश चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, मुडागांव, नवापारा, गरियाबंद, कोपरा, पांडुका इत्यादि से बड़ी संख्या में पत्रकारगण पहुंचे हुए थे। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा ने कहा कि संगठन में ताकत होती है। सबको एकजुट रहकर काम करना है। यदि किसी को कोई समस्या होती है तो पहले ब्लॉक उसके बाद फिर ब्लॉक के माध्यम से जिला को सूचित करें। महासचिव रमेश चौधरी ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पहले भी बना था परंतु इस बार आप सब लोगों की उपस्थिति ने बता दिया कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए हम सब हर संभव प्रयास करेंगे। पूरे जिले के पत्रकार एकजुटता का परिचय दे रहे हैं। यह बहुत अच्छी बात है। फिंगेश्वर के जितेंद्र सिन्हा ने पत्रकारों के अधिमान्यता पर जानकारी चाही और कहा कि समाज और देश को सही बात बताने के लिए पत्रकार कड़ी मेहनत करते हैं यहां तक की उन्हें जोखिम लेना पड़े तो वह आगे आने से नहीं चुकते। कामेश्वर गोस्वामी, नीरज शर्मा, अजीज खान, लीलाराम साहू, तुकाराम कंसारी, संतोष कुमार सोनकर इत्यादि ने भी अपनी बात रखी और संगठन की एकता पर बल दिया तथा यह भी कहा गया कि इकाई का विस्तार शीघ्र किया जाएगा। सभी पत्रकार जुड़े रहे। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश पहाड़िया को संघ की ओर से स्मृति चिन्ह, श्रीफल और शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## नवनिर्वाचित विधायक का पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मान



**महासमुंद,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय वार्ड नंबर 3 अयोध्या नगर जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधानसभा महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से उनके निवास स्थान पर भेंटकर पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। बधाई देने वालों में आर.के श्रीवास्तव, चमन लाल साहू, शिवकुमार साहू, रामकुमार साहू, लक्ष्मणदास मानिकपुरी, रामानंद ध्रुव, राजेश्वर खरे, भवन कुमार ढीढी, राधेश्याम दुबे, राधेश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

## रामाधार को पुनः अध्यक्ष बनने पर दी गई बधाई



**अमेरा/पलारी,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ श्रमजीवी पत्रकार संघ के बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष के लिए पुनः बलौदाबाजार के वरिष्ट पत्रकार रामाधार पटेल को बनाये जाने पर अमेरा एवं पलारी के पत्रकारों के अलावा समाजिक संगठन के लोगों ने बधाई दी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के द्वारा पुनः श्री पटेल को जिला अध्यक्ष बनाये जाने के लिए श्री अवस्थी के प्रति पत्रकारों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। बधाई देने वालों में पत्रकार शेखर वर्मा, रज्जाक खान, यमलोक साहू, हेमकुमार साहू, केशव साहू, मुकेश झा, महेश ढीढी, छगन यादव, श्रवण यादव, मिलेश यादव के अलावा डा. अजय राव, शंकर दयाल पटेल, लोकनाथ फेकर, हीमेंन्द पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, गजानन्द त्रिवेदी, महेश उपाध्याय, जीतेन्द्र पटेल, दुर्गेश पटेल, दीनेश्वर पटेल, नन्दकुमार रजक, डोमार साहू, अरुन पटेल, युवराज पटेल आदि शामिल है।

## शिविर में 200 लोगों ने बीपी सिकलिंग एवं शुगर टेस्ट कराया



**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में मेगा हेल्थ कैंप का किया गया आयोजन**

**राजिम,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम जिला गरियाबंद के सहयोग से ग्रामीणों, स्कूल के छात्र छात्राओं एवं सभी स्वयं सेवकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड ग्रुप परीक्षण, बी पी परीक्षण, ब्लड शुगर परीक्षण एवं सिकलिंग का टेस्ट किया गया। सम्मिलित रूप से 200 से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## महिलाओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने मोदी सरकार प्रतिबद्धः सुधा



- **ड्रोन दीदी योजना के तहत महिला समूहों को मिलेगा ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण**
- **लाभार्थियों से संपर्क कर अनुभव साझा करेगी महिला मोर्चा के पदाधिकारी**

**महासमुंद,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने मोदी सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब महिलाओं के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती साहू ने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों की तरह अब छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में भी ड्रोन के जरिए फसल और पौधों की सुरक्षा करने की पूरी तैयारी है। यह योजना किसानों को खेती. किसानी को लेकर सहूलियत प्रदान करने की मंशा से लाई गई है। ड्रोन का संचालन स्व.सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं करेंगी। इसके लिए जगह.जगह महिला ड्रोन केंद्र खोले जाएंगे। इस योजना के तहत ड्रोन्स की मदद से फसलों को बचाने के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों का छिड़काव और सर्वे का काम किया जाएगा। साथ ही इसकी मदद से खेतों में बीज भी डाला जा सकेगा। सरकार अगले तीन वर्षों के दौरान देश भर की महिला स्व.सहायता समूहों को 15 हजार ड्रोन उपलब्ध कराएगी। ताकि वह इस तकनीक का उपयोग आजीविका सहायता के लिए कर सकें। श्रीमती साहू ने बताया कि सरकार इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024.25 से 2025.26 तक 1261 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना में दो करोड़ महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण शामिल है। साथ ही कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन प्रदान करके 15ए000 महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए नवंबर में ष्ड्रोन दीदीष् पहल भी शुरू की गई है। योजना की लाभ ले रहीं महिलाओं तथा जिन्हें योजना का लाभ नहीं मिला उन महिलाओं से भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी संपर्क कर योजनाओं की जानकारी देंगे तथा उनका अनुभव साझा करेंगे। सुधा साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में इसका उद्देश्य उन नागरिकों तक पहुंचना है, जो विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए पात्र हैं लेकिन अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गुरूघासीदास जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत**


**बलौदाबाजार,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। परम पूज्य गुरूघासीदास जयंती समारोह का आयोजन नयनदास महिलांग स्मृति स्थल बलौदाबाजार में किया गया है। इस अवसर पर 17 दिसम्बर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। पूज्य बाबा गुरूघासीदास जी की 267 वी जयंती के अवसर पर निकाली गयी शोभायात्रा का कांग्रेसजनों ने मुख्य मार्ग में कांग्रेस चुनाव कार्यालय के पास श्रीफल भेंट करते हुए फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, ग्रामींण कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, राजा तिवारी, लखेश साहू, पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल, दिगम्बर साहू, सुखदेव साहू, मनोज प्रजापति, गोल्डी मरैया, अभिषेक पटेल, निलेश बंजारे, जितेन्द्र नवरतन, सागर जोशी, आयुष भतपहरी, देवेन्द्र बंजारे, ईश्वर कुर्रे, रविन्द्र नामदेव, प्रभाकर मिश्रा, योगेश गर्ग, चितेश्वर साहू, यशवंत वर्मा, सुनील पांडेय, शुभम वर्मा, कपील तिवारी, जय ठाकुर, राहूल नेगी, नवीन मनहरे, राहूल साहू, रूपेश निषाद, विशाल डोंगरे, शैलेन्द्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बाबा की जयंती पर सतनाम समाज ने शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**महासमुंद,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शनिवार को सतनाम समाज द्वारा शहर में बाजे.गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा का जगह.जगह पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा की शुरुआत बेमचा भाठा स्थित सतनाम भवन से हुआ जो एकता चौक तुमगांव ओव्हरब्रिज से होते हुए शहर में पहुंची। इस दौरान बग्गा चौक में स्वागत हुआ बाद यात्रा स्वामी चौक, नेहरू चौक, कचहरी चौक, बरोंडा चौक होते हुए शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन पहुंच समाप्त हुई। बाद भवन में समाज के द्वारा मंचीय कार्यक्रम हुआ जहां पर सतनाम समाज के द्वारा सर्व समाज प्रमुखों का स्वागत कर सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने नगर पालिका के समक्ष यात्रा का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। उनके द्वारा यात्रा में शामिल समाज प्रमुखों को माला पहनाई गई। श्रीमती महिलांग ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे.मनखे एक समान का जो संदेश दिया है उस पर आज सभी चल रहें हैं जो समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा बाबा के संदेशों का हम सभी को अनुशरण करना चाहिए और सबको एक साथ मिल जुलकर रहना चाहिए। स्वागत के दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, पार्षद महेंद्र जैन, मीना वर्मा, हाफिज कुरैशी, भाजपा नेता सतपाल पाली, एमआर विश्वनाथन सहित बड़ी संख्या पालिका के पार्षद और पूर्व पार्षदगण और अन्य लोग उपस्थित रहे।



## संजय कॉलोनी में होगा 23 दिसम्बर से अखण्ड नवधा रामायण

**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)।** बलौदाबाजार के संजय कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर में अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 23 दिसम्बर से किया गया है। जिसका की समापन 1 जनवरी को होगा। इस आयोजन में शामिल होने वाले प्रत्येक रामायण मंडली को प्रोत्साहन राशि के रूप में 351 देने के अलावा अनेक स्मृति स्वरूप पुरस्कार भी दिया जायेगा। प्रत्येक रामायण टोली में 5 सदस्य होना अनिवार्य बताया गया है।

# आरंग में सांसद सुनील सोनी ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

आरंग, 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ आरंग विकासखंड के ग्राम पंचायत छटेरा एवं बनचरौदा में किया गया। सर्वप्रथम संदेश वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिकॉर्ड संदेश को प्रसारित कर चलचित्र के माध्यम से भारत सरकार की विविध योजनाओं को दिखाया गया एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर सांसद सुनील सोनी और अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने संकल्प शपथ में भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही एवम प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों को दोहराते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल, जनपद सदस्य गण रविंद्र रिंकू चंद्राकर, किशोर साहू,सूरज साहू,विवेक तिवारी तथा सरपंच गण श्वेता जितेंद्र चंद्राकर ,कृष्ण कुमार साहू ,हेमुराम कोसले आदि की उपस्थिति रही। एसडीएम आरंग डॉ.अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में समस्त विभागों ने स्टॉल लगाकर पीएम योजनाओं का प्रदर्शन किया एवं ड्रोन के माध्यम से खेतों में



## आरंग एसडीएम डॉ.अतुल विश्वकर्मा के देखरेख में होगा योजनाओं का क्रियान्वयन

यूरिया के छिड़काव का डेमोंसट्रेशन भी किया गया। साथ ही पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मन निधि, आयुष्मान भारत, पोषण आहार, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पीएम जन धन योजना आदि के हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी शेयर करते हुए प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया एवं 100त्न भू अभिलेख डिजिटलकरण कंप्यूटराइजेशन के लिए छटेरा पटवारी लक्ष्मी कांत साहू को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया, कार्यक्रम के संचालन में शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव सहयोग अनिल कुमार चंद्राकर एवं महेंद्र कुमार पटेल का रहा तथा अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ हरिकृष्ण जोशी, नायब तहसीलदार एन एस पिस्दा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग एन पी कुर्रे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के एस राय, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ऋषि बंजारे, जनपद एसडीओ हरीश कुमार साहू, दीपक कोहली, उत्तम कुमार गोहड़े, विकासखंड स्रोत समन्वयक एम एन वर्मा, प्राचार्य इंद्रजीत वर्मा, संकुल समन्वयक दीपक दुबे, सुनील पटेल एडीओ योगेंद्र चंद्राकर, राज जोशी, तेजेश्वरी सिंह एवं पंच नीतू यादव, हेमंत निषाद, परमानंद कोसले, अंबर चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, शांति चंद्राकर, जागेश्वर साहू, हुमनलाल साहू, हेमलाल देवांगन, शुभ्रा बघेल, तेजराम यादव, टीकाराम साहू, रोशन साहू, सोनिया कुर्रे, मोहन साहू, अर्जुन साहू, यशवंत आजाद, एमआर साहू आदि एवं ग्रामवासी, स्व सहायता समूहो की उपस्थिति रही।

# धन धन श्री गुरुतेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर किया गया नमन



**भाटापारा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु) ।सिक्ख पंथ के नवम गुरु श्री तेगबहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में उनकी शहादत को नमन करते हुए अमृत वेले ( सुबह 5 बजे ) से नितनेम का पाठ किया गया , उसके उपरांत समाज के महिलाओं , पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर प्रभातफेरी निकाली जो पंजाबी गुरुद्वारा से आरम्भ होकर झूलेलाल धाम से बस स्टैंड चौराहा , महासती मंदिर से रामसप्ताह चौक से जयस्तंभ होते हुए मल गली से हटरी बाज़ार होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई , सिक्ख सेवा संस्था के युवा वीरों द्वारा संगत के लिये चाय नाश्ते की सेवा रखी गई थी ,

समाज की महिलाओं द्वारा श्री गुरुतेगबहादुर साहिब जी के शहादत पर गुरबानी के शबद कीरतन से अपनी भावांजली अर्पित की

कश्मीरी पंडितों को तात्कालिक मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जबरिया धर्मांतरण कर पूरे मुल्क में एक ही धर्म की हुकूमत चलाना चाहते थे कश्मीरी पंडितों के जनेऊ और तिलक हटाना चाहते थे तब उन्होंने गुरु जी से इस जुल्म की दास्तां सुनाई , तब श्री गुरुतेगबहादुर जी ने कश्मीरी पण्डितों से कहा कि मुगलिया शॉसक से कहो कि यदि श्री गुरुतेगबहादुर साहिब इस्लाम कुबूल कर लेते है तो हम सभी आपका धर्म स्वीकार कर लेंगे , दिल्ली के लाल किले से शाही फ़रमान जारी हुआ और गुरु श्री तेगबहादुरजी अपना चांदनी चौक पर अपना शीश देकर धर्म की रक्षा की और हिन्द की चादर के नाम से पूरे मुल्क में जाने गये ।

# विधायक साव ने किया पेंशनरों का सम्मान

**भाटापारा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। पेंशनर्श एसोसिएशन तहसील शाखा भाटापारा का पेन्शनर दिवस भाटापारा विधानसभा के नये विधायक श्री इन्द्र साव जी के मुख्य आतिथ्य,श्री खुमान सिंह वर्मा की अध्यक्षता,एम आर उपाध्याय,भंवर सिंह साहू,बाबू लाल साव,श्री मती बिमलासाहू के विशेष आतिथ्य और जिला कॉंग्रेस कमेटी के महा मंत्री अरूण यादव की विशेष उपस्थिती में उल्लास मय वातावरण में सानंद सम्पन्न हुआ।



कार्य क्रम का श्री गणेश मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक ने द्वीप प्रज्वलित कर माता सरस्वती को माल्यार्पण कर किया !श्री मती वीणा साहू ने सरस्वती वन्दना की !पेंशनर्श एसोसिएशन के अध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा ने मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक श्री इन्द्र साव जी का शाल,श्री फल और गुलाल से भाव भीनी सम्मान किया !मुख्य अतिथि ने 80वर्ष से जादा उम्र के पेन्शनर रूप सिंह वर्मा का शाल,श्री फल और गुलाल से सम्मान किया ।उसके बाद मुख्य अतिथि श्री साव ने कार्य क्रम में उपस्थित सभी पेन्शनरोंको फूल माला पहना कर उनसे आशिर्वाद लिया।

श्री इन्द्र कुमार साव ने मुख्य अतिथि की आसन्दी से कहा मेरा परम सौभाग्य हे कि मुझेपेन्शरों का सम्मान करने और उनसे आशिर्वाद लेने का मौका मिला! उन्होंने कहा कि पेन्शनर हमारे समाज के अमूल्य धरोवर हैं! वे अनुभवोँ के खजाने हैं !उनसे मार्ग दर्शन लेकर देश और समाज का द्रूत गति से विकास कर सकते हैं !विशेष अतिथि एम आर उपाध्याय ने पेन्शनर दिवस का महत्व बतलाया और भंवर सिंह साहू ने संगठन की मजबूती का महत्व बतलाया !आभार प्रदर्शन खुमान सिंह वर्मा ने किया !कार्य क्रम का सफ़ल संचालन श्री मती वीणा साहू ने किया !कार्य क्रम में तुलसी राम साहू,दाऊ वर्मा,रमाकांत,शिव लाल यादव,रवी शंकर यादव,यू आर वर्मा एस के वर्मा,भागवत देव दास,दया शंकर निषाद,श्री मती डी साहू,श्री मती एम बी साहू,राम खिलावन देव दास एम आर निषाद आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भाटापारा,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में प्रतिवर्ष मिनीमाता धर्मशाला प्रांगण भाटापारा से भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा हर साल बड़े धूमधाम से विकासखंड स्तरीय जयंती कार्यक्रम मनाया जाता है. भाटापारा में इस साल जयंती मनाते 26 वा वर्ष हो गया है. गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष में इस साल भी भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाला जाएगा जिसमे हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे और शोभायात्रा में धूमाल ताशा व डीजे भी शामिल रहेगा. शोभायात्रा में पंथी नृत्य भी शामिल रहेगा साथ ही अखाड़ा दल वाले भी अपना कला प्रदर्शन करेंगे. शोभा यात्रा की भव्यता व समय का ध्यान रखते हुए इस वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम पहले किया जाएगा जिसका समय प्रात:



11ः00 है उसके पश्चात शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. शोभायात्रा के वापस आने के पश्चात जैतखाम में पूजा अर्चना कर पान प्रसाद का कार्यक्रम किया जाएगा तत्पश्चात भोजन भंडारा का कार्यक्रम चालू किया जाएगा साथ ही विभिन्न पंथी दल के लोग अपना

# करेली छोटी विद्यालय में आनंद मेला

**मगरलोड,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली छोटी में 13 दिसंबर को आनंद मेला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एन.के.साहू ने बताया कि आनंद और उत्साह के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के तहत् इस प्रकार की कार्यक्रम की आवश्कता है। ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चा स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त व्यावसायिक शिक्षा के बारे में भी जानकार बने । बच्चा जब स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर निकले तो वह स्वरोजगार की ओर उन्मुख हो सके। टीम में कार्य करके टीम भावनाओं के महत्व को समझ सके। आनंद मेला में बच्चों के द्वारा स्व निर्मित मिठाइयां और छत्तीसगढ़ के व्यंजन रखें गये । मुख्य रूप से गुलाब जामुन, गुजिया, मिर्च भजिया, पकौड़ा, पुड़ी, इडली, ढोकला, दोसा, मुंगबड़ा, चाय, गुपचुप, भेल, फरूट सलाद, पान सेंटर आदि व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था। आनंद मेला के माध्यम से सभी बच्चों के द्वारा लगभग 20000 का व्यवसाय किया गया। 50 रुपये के सबसे कम लागत में चांवल आटा का पराठा बनाकर अपना व्यवसाय किया जा सकता है इसका अनुभव छात्रों को मिला। सरपंच आरती खोज नगारची जी के द्वारा पानी का टैंकर पहुंचा कर मेले



में अपना योगदान दिया । इस मेले में ग्राम के छोटे बच्चों बुजुर्गों एवं महिलाओं ने सचमुच के मेले का आनंद उठाया । मेले में शाला विकास समिति के अध्यक्ष विष्णु कुमार साहू, डी.आर साहू , सुकलाल प्रजापति , लोकेश्वर हिरवानी ,प्रयाग दास वैष्णव, फग्गू राम घृतलहरे साथ ही गांव के गणमान्य नागरिक , संकुल करेली छोटी के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चे एवं समस्त शिक्षकगण इस कार्यक्रम का आनंद उठाने आए थे । साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षकगण योगेन्द्र बनपेला, मानसिंग कपूर, जितेंद्र नाग, रितेश अग्रवाल, नरेंद्र राव मोहिते, लक्ष्मीनारायण साहू, दीपक बंजारे, के.के.तंबोली,गोविंद निषाद, राजाराम निषाद,त्रिवेणी साहू,कृष्ण घृतलहरे , सत्यवती नेताम धरम नेताम एवं चिंताराम साहू बच्चों के सहयोगी के रूप में शामिल थें ।

# अनंत सोनी बने अभाविप प्रदेश सहमंत्री नगर में हुआ भव्य स्वागत

**फिंगेश्वर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 75 वर्ष पूर्ण होने पर क्क्क्क ने 10 हजार कार्यकर्ताओं का अमृत महोत्सव वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में संपन्न हुआ जिसमें गरियाबंद के छात्र नेता अनंत सोनी को क्क्क्क के प्रदेश सहमंत्री के दायित्व की घोषणा की गई।



## गृहमंत्री अमित शाह रहे मुख्य अतिथि

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में गृहमंत्री अमित शाह पत्रकार रजत शर्मा शामिल हुए थे। उद्धघाटन समारोह में अमित शाह ने कहा कि क्क्क्क ने राष्ट्र सेवा व आत्म गौरव के 75 वर्ष पूरे करते हुए कश्मीर से कन्या कुमारी तक देश को अपने संघर्ष से सींचा है और युवाओं में राष्ट्रप्रथम की विचारधारा के बीज बोए हैं। कश्मीर हो या गुवाहाटी, अपना देश अपनी माटीज ये नारा लगा कर हम क्क्क्क के कार्यकर्ता बड़े हुए। और आज कश्मीर भी हमारा है और नार्थईस्ट भी। इंडिया टीवी के रजत शर्मा ने अधिवेशन में कहा कि आज से 50 साल पहले 16 साल का एक लड़का जिसके पास खाने के लिए खाना नहीं था, पहनने के लिए कपड़े नहीं थे, जिसकी कोई पहचान नहीं थी, उसको पहचान विद्यार्थी परिषद ने दी, वो लड़का मैं था। हमारे देश ने जो हासिल किया है, उसमें क्क्क्क के हजारों कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है।

2021 में कांग्रेस सरकार में हिन्दी मीडियम विद्यालय को बंद करके स्वामी आत्मानंद विद्यालय के खिलाफ आंदोलन में प्रकरण भी दर्ज हुए 7 वर्ष 2018 में जिला सहसंयोजक 2019 में जिला संयोजक 2021 से विभाग संयोजक है 7 हाल ही में क्क्क्क के अधिवेशन में प्रदेश सहमंत्री की घोषणा हुई है। जिसमें प्रदेश भर में क्क्क्क के प्रदेश सहमंत्री में अनंत को भी चुना गया है।

# प्रदेश के किसानों के हित में पूर्व कृषि मंत्री साहू ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान करने पर जोर दिया

**गरियाबंद,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व कृषि मंत्री एवम पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू ने शुक्रवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। लोकहित में चर्चा करते हुए उनसे किसानों से धान खरीदी की तिथि को बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा 25 दिसंबर से पूर्व वर्ष 2017 एवम 2018 के बोनस के भुगतान के पूर्व जिन किसानों की मृत्यु हो गई है, उनका राजस्व रिकार्ड उनके उत्तराधिकारी के नाम में अद्यतम किया जाने का सुझाव रखा। ताकि 25 दिसंबर को ऐसे किसानों के उत्तराधिकारी को बोनस भुगतान किया जा सके।



इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का रिकॉर्ड दुरुस्त कर किसानों को सम्मान निधि दिए जाने, कृषि उपज मंडी समितियों एवम सहकारी समितियों में की गई राजनीतिक नियुक्तियां तत्काल रद्द करने का सुझाव भी रखा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री एवम दोनो उपमुख्यमंत्री को कार्यभार सम्हाल कर तत्काल मोदी की गारंटी एवम जन कल्याण कार्य शुरू करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 5 वर्ष से विकास के कार्य बंद पड़े थे, अब प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार काम करेगी, तेजी से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। राज्य की भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि गरीबों का आवास बने, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी दे दी गई है, इससे गरीबों में खुशी का माहौल है।

# अक्षत कलश पहुंचा फिंगेश्वर भव्य स्वागत

**फिंगेश्वर,** 17 दिसम्बर (देशबन्धु)।अयोध्या से लाये गए अक्षत कलश गरियाबंद जिले से आज फिंगेश्वर लाया गया नगर के रानी श्याम कुमारी चौक में हजारों की तादाद में नगर वासियों ने महिला पुरुष युवा वर्ग बुद्धिजीवी वर्ग राम भक्तों ने भव्य स्वागत पूजा अर्चना पटाखे फोड़ कर किया विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कलश की पूजा अर्चना पक्ष नगर भ्रमण पुराना बस स्टैंड राम मानस मंदिर पंच मंदिर बालाजी मंदिर मौली माता मंदिर समस्त देव स्थलों में कलश को सर में धारण कर बारी-बारी से सभी ने इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्य में अपनी भागीदारी दी राम भगवान के बरसों बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण स्वरूप अयोध्या से अक्षत पूरे राज्यों में भेजा गया है जगह-जगह बड़े उत्साह और भव्यता के साथ स्वागत सम्मान किया गया बाजे गाजे के साथ अंत में गायत्री मंदिर में रखा गया जहां नगर समिति द्वारा लाये गए अक्षत अयोध्या आमंत्रण हेतु समितियां के माध्यम से आसपास क्षेत्र के समस्त ग्रामीण अंचलों में वितरण किए जाएंगे इस कार्य में सर्व हिंदू समाज विश्व हिंदू परिषद के सदस्य बजरंग दल के युवा बजरंगी एवं अन्य सभी समाजिक संगठन महिला संगठन आयोजित समिति के माध्यम से इस पुनीत कार्य में लगे हुए हैं



## प्रादेशिकी का शेष...

**हाथ छोड़कर मोटरसाइकिल चलाते हुए...**

हिदायत दिया गया। कार्यवाही के बाद वाहन चालक तिलक सारथी द्वारा उक्त स्टंट के लिए माफी मांगते हुए सदैव यातायात नियमों का पालन कर, नियमों का सम्मान करना स्वीकार किया गया।

**शिविर में 200 लोगों ने बीपी...**

अधिक को इसका फायदा हुआ। जागरण रैली के बाद स्वयं सेवको को परेड का प्रशिक्षण डी के ध्रुवा के द्वारा दिया गया। परियोजना कार्य में आंगनबाड़ी केंद्र के सामने की सफाई, ग्राम पंचायत गार्डन में पौधारोपण, नशा मुक्ति रैली एवं ग्रामीणों को नशामुक्त करने के लिए नारे का लेखन किया गया। बौद्धिक सत्र में आहार का स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर भानुप्रताप नायक सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान ने अपना वक्तव्य रखा। रात्रि 8 से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक का आयोजन किया गया था।

**महिलाओं को सशक्त व...**

महासमुंद जिले में भाजपा महिला मोर्चा लाभार्थियों को न केवल सरकारी अधिकारियों बल्कि मोर्चा के साथ भी अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। ताकि महिला सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में काम कर सकें। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर, भाजपा महिला मोर्चा द्वारा लाभार्थियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मोर्चा लाभार्थियों से नमो ऐप पर अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करेगा। जिससे केंद्र की पहल से उनका जीवन कैसे परिवर्तित हुआ आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर सकें।

**गुरूघासीदास जयंती पर...**

धुव्र आदि शामिल है। वहीं शोभायात्रा का विधायक टंकराम वर्मा ने भी भाजपा नेताओं के साथ स्वागत किया।

वहीं 18 दिसम्बर को घासीदास जयंती के अवसर पर नयनदास महिलांग स्मृति स्थल में शाम 5 बजे पालो चढावा एवं 6 बजे से छत्तीसगढी कार्यक्रम फुलगे मोंगरा के नवा बिहान कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल में विभिन्न पंथी दलों का कार्यक्रम भी होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष गुरूघासीदास एवं महंत नयनदास महिलांग विकास समिति ने इस आयोजन में समाज के अलावा प्रबुद्धजनों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन


**बागबाहरा,** 17 दिसंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा नई दिल्ली के आव्हान पर देश के सभी न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे राजीनामा योग्य प्रकरणों की त्वरित सुनवाई करते हुए निराकरण किया गया । जिसके तहत व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में 258 प्रकरणों का निपटारा किया गया। जिसमें मोटरयान अधिनियम, बैंकिंग ऋण बकाया, विद्युत देयक, नल द्व जल देयक, धारा 138 परा लिखत अधिनियम के अंतर्गत, आपसी वाद - विवाद जैसे कुल प्रकरण है। जिसमे कुल 21 लाख 51 हजार 900 रुपए का राजस्व वसूली की गई। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश श्री अविनाश टोप्पो द्वारा पूरे तहसील क्षेत्र बागबाहरा के संबंधित विभागों को गंभीरता से लेते हुए सहभागिता एवं सहयोग हेतु धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया है। जिसमे नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग, दूरसंचार एवम स्थानीय बैंको के साथ व्यवहार न्यायालय बागबाहरा परिसर के सम्माननीय विद्वान अधिवक्तागण का पूर्ण सहयोग रहा है। विधिक प्राधिकरण महासमुंद की ओर रवि थापा अधिवक्ता को सदस्य नियुक्त किया गया था। लेन देन, बटवारा, जमीन विवाद, आपसी विवाद से संबंधित पक्षकारो का उपस्थिति रहा। नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन हेतु न्यायालय के प्रस्तुतकार मनोज पटेल, साक्ष्य लेखक टिकेंद्र देवांगन, मोहित बंजारे एवं विधिक प्राधिकरण द्वारा धनंजय पटेल का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी व्यवहार न्यायालय बागबाहरा



के नायब नाजिर हितेश दीवान द्वारा दी गई। इस न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का प्रथम सफल आयोजन हुआ। इस लोक अदालत शिविर को लेकर अंचल के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। यहाँ नए व्यवहार न्यायालय खुलने के बाद से बागबाहरा विकासखंड के थानों से सम्बन्धित अपराधों का निराकरण सुनवाई हो रहा है। जिससे प्रार्थियो को काफी राहत मिल रहा है। यहाँ पहले व्यवहार न्यायालय नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगो को जिला न्यायालय महासमुंद जाना पड़ता था। जिससे लोगो को धन एवं समय की बर्बादी होती थी। अब इससे छुटकारा मिल गया है।

# चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसजनो ने दी बधाई

**बागबाहरा,** 17 दिसंबर (देशबंधु) । छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूदा विधायक डॉ. चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालो में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के जुझारू एवं कर्मठ विधायक द्वारिकाधीश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, रवि निषाद, केशव चंद्राकर, अतुल बग्गा, रुपेश गोयल, संतोष जैन, तेजन चंद्राकर, पारस सांखला, हीरा सेतराम बघेल, दुर्गा सागर, नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, रामेश्वर चक्रधारी, मनोहर ठाकुर, मोहनलाल कुलदीप, सेवाराम साहू, किशोर चतुर्वेदी, उमेश जैन, विजय शंकर निगम, तीरथ राम पटेल, उत्तम राणा, आशा राम बांधे, राम कुमार ठाकुर, अजय ठाकुर, गणेश शर्मा, संतोष पटेल, तूफान दीवान, करण दीवान, पूनम मानिकपुरी, हरी राम यादव, राहुल कुलदीप, ओमप्रकाश साहू, सविता गिरी गोस्वामी, डोमन लाल यादव, सविता ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, शिव कुमार उपाध्याय, खेमराज सिन्हा, राजू चंद्राकर, जगमोहन चंद्राकर, मन्नूलाल दीवान, आशाराम मोंगरे, नंद कुमार निषाद, द्वारिका सिन्हा, समलिया यादव, महेश साहू, तरुण ब्यवहार, शहजान पाशा, कमल चक्रधारी, देवनारायण महोबिया, बसंती बघेल, ताम्रध्वज छोटू बघेल, रमेश चंद्राकर, दिलीप चक्रधारी, खेमराज ठाकुर, केशव राम साहनी, भारत लाल ठाकुर, कांतिलाल तिवारी, गायत्री बाई सिन्हा, डॉ. रामेश्वर सिन्हा, उत्तर कुमार ध्रुव, राजेश त्रिपाठी, चिंतामणि चन्द्राकर, संतोष यादव, निजाम सिह दीवान, माखन लाल सोन, कुञ्ज लाल साहू, रोशन साहू, जनक राम ध्रुव, श्याम लाल विश्वकर्मा, कबीर साहू, बैतल राम पटेल, इंद्र कुमार चौहान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता एवं किसान मजदूरो ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. चरणदास महंत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव 7 जनवरी को

## विधान सभा चुनाव में समाज के चुने गये 12 विधायक होंगे सम्मानित

**राजिम,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव समारोह मनाने के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की 16 दिसंबर को भामाशाह छात्रावास टिकरापारा रायपुर में आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू ने बताया कि इस वर्ष भी राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव भव्य रूप से श्री संगम धाम राजिम में मनाया जाएगा ।इस संबंध में बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयो से विचार विमर्श किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने प्रस्तावना रखते हुए बताया कि हमारे समाज के पूर्वजों का संगठन जो सामाजिक धार्मिक एवं न्याय के क्षेत्र में सिर्फसाहू समाज ही नहीं वरन् अन्य समाज का भी मार्गदर्शन करते रहा है ऐसे संगठन राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा आजादी के समय से ही राजिम भक्तिन माता की जयंती पर्व मनाते आ रहे हैं। वर्ष 1992 में संत माता कर्मा सेवा आश्रम समिति के अध्यक्ष श्रीमती विद्या देवी साहू एवं समिति के नेतृत्व में इस आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। वर्ष 2008 में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू



संघ के तत्कालीन अध्यक्ष विधायक मोतीलाल साहू के द्वारा इस आयोजन को समिति के सहमति से प्रदेश स्तरीय मनाए जाने का निर्णय लिया गया। तब से यह आयोजन छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन देशभर में इस जयंती समारोह की चर्चा होने लगी है और जयंती समारोह को भव्यता प्रदान करने के लिए पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष स्व अर्जुन हिरवानी के द्वारा भी प्रयास किया गया और राजिम भक्तिन माता समिति का इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बैठक में उपस्थित राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने अपना विचार रखते हुए कहा कि इस भव्य आयोजन में भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री ,मंत्री एवं समाज के 12 नवनिर्वाचित विधायकों का भी सम्मान किया जाए ।जयंती समारोह के दिन प्रसाद वितरण के लिए भोजन भंडारा के लिए दो पंडाल की व्यवस्था किया जाए। जयंती समारोह के अवसर पर समाज के साहित्यकारों कवियों एवं लेखकों की गोष्ठी कराकर राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा को परिमार्जित कर छत्तीसगढ़ के स्कूली पाठ्यक्रमों में भी शामिल कराये जाने का सुझाव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ को दिया गया। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी 2024 को राजिम भक्तिन माता की जयंती महोत्सव श्री संगम धाम राजिम में मनाने के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में 30 जनवरी तक भी मनाने का सुझाव दिया। बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपाध्यक्ष गण भुनेश्वर साहू मालक राम साहू खिलावन साहू कार्यकारीअध्यक्ष रामकुमार साहू महामंत्री लखन लाल साहू कोषाध्यक्ष हनुमंत साहू न्याय समिति के संयोजक सी बी साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू महामंत्री रामकुमार साहू डॉ दिलीप साहू संरक्षक रूपेंद्र साहू महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका शीलू साहू श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू चित्रलेखा साहू प्रदेश पदाधिकारी टीकम साहू शैलेंद्र साहू रामरतन साहू जिला अध्यक्षगण राजेश साहू कोंडागांव भागवत साहू राजनांदगांव अवनेंद्र साहू धमतरी धरमदास साहू महासमुंद डिग्री लाल साहू रायगढ़ नारायण साहू गरियाबंद सोमन साहू बालोद आलोक साहू मनोज साहू सरगुजा महेंद्र साहू सुशील साहू कसडोल युवा प्रकोष्ठ के सूरज साहू मुरली साहू प्रफुल्ल साहू हरीश साहू अनुशासन साहू एवं मंदिर समिति के महासचिव मिजून साहू जिला के महामंत्री हेमंत साहू संगठन मंत्री छवि साहू तरुण साहू किशन साहू सहित प्रदेश पदाधकारी उपस्थित थे ।उक्त जानकारी राजिम भक्तिन माता समित के अध्यक्ष लाला साहू ने दी ।

# चाकू लेकर दबंगई दिखाना युवक को पड़ा भारी



**नवापारा-राजिम,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। नवापारा में एक युवक को दबंगई दिखाना भारी पड़ गया। चाकू लेकर लोगों को डराने निकला था। घूम-घूम कर लोगों से गाली-गलौज कर रहा था और लोगों को चाकू दिखाकर डरा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़ लिया। युवक के पास से बटन वाली धारदार चाकू बरामद किया गया है।

**पहुंचा सलाखों के पीछे**

जानकारी के अनुसार शनिवार को आरोपी युवक गणेश पटेल 23 वर्ष जो सोमवारी बाजार नवापारा का रहने वाला है। युवक बटन वाला धारदार चाकू लेकर सोमवारी बाजार के पास मेन रोड में हवा में लगातार चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था। जिसकी शिकायत लोगों ने पुलिस से की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर थाना लाया गया।

**युवक पहुंचा सलाखों के पीछे:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक सड़क में दबंगई दिखा रहा था। चाकू की नोक पर कुछ गाड़ी वालों को रोकर पैसे की भी डिमांड कर रहा था। हालांकि, पुलिस ने उसे पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया है। पुलिस ने बताया कि इस तरह की हरकत करने वालों को इससे पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अग्निवीर भर्ती: सारंगढ़ और बिलाईगढ़ से परीक्षार्थी को लेकर बस हुई रवाना




**सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए जीडी परीक्षा 18 दिसंबर को और टेक्निकल परीक्षा 20 दिसंबर को**

**बिलाईगढ़,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के आवेदकों के लिए भर्ती रैली स्थल जांजगीर तक पहुंचने के लिए नि:शुल्क वाहन सुविधा व्यवस्था की गई है। श्री पुरुषोत्तम स्वर्णकार सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, नगरपालिका सारंगढ़ के श्री रोशन यादव सहायक ग्रेड 2 के द्वारा सारंगढ़ से और श्री आदर्श तंबोली सहायक ग्रेड 3, अध्यापक एवं श्री तनिष जांगडे के द्वार बिलाईगढ़ में युवाओं को संपर्क और समन्वय कर युवाओं का बस रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली अंतर्गत अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षा 15 दिसंबर से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन खोखरा भांठा जांजगीर में आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए जनरल ड्यूटी हेतु परीक्षा 18 दिसंबर 2023 को और टेक्निकल-ट्रेडसमेन-क्लर्क भर्ती परीक्षा 20 दिसंबर 2023 को निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा आवेदकों के लिए आवास व्यवस्था की गई है।

# सरसींवा में अक्षत कलश निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**बिलाईगढ़/सरसींवा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार को सरसींवा में अक्षत कलश का भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह पूजन एवं स्वागत किया गया ।जिसमें भारी संख्या में श्रीराम के भक्तगढ़ उपस्थित थे ।

यह शोभायात्रा स्थानीय श्रीराम मंदिर प्रांगण से निकाली गई जो कि सरायपाली चौक, सारंगढ़ मार्ग से होते हुए, बस स्टैंड परिसर, बाजार चौक ,राधाकृष्ण मन्दिर चौक, महामाया मन्दिर परिसर, अम्बेडर चौक से भटगांव मार्ग से होते हुए पुन: श्रीराम मंदिर परिसर पहुचा जहा आरती के प्रसाद वितरण किया गया।

भजन कीर्तन पार्टी, डीजे, आतिशबाजी जय घोष के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति पीली साड़ी में एवं पुरुष वर्ग भगवा कुर्ता एवं पजामा में थे ।जिससे पूरा सरसींवा नगर राममय हो गया था। वही इस सम्बंध में श्रीराम मंदिर गृह सम्पर्क सरसींवा उपखण्ड के प्रभारी नरोत्तम लाल द्विवेदी ने सभी श्रीराम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पूजित अक्षत श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम से अभिमंत्रित होकर सरसींवा पहुची है। जिसका आप सभी ने भव्यता के साथ पूजा



- जगह-जगह हुआ पूजन
- अयोध्या धाम से अभिमंत्रित होकर पहुची है अक्षत
- भारी संख्या में श्रीराम के भक्तगढ़ थे उपस्थित

अर्चना स्वागत एवं कलश यात्रा निकाले । इस तरह का कार्यक्रम पूरे भारत वर्ष में किया जा रहा है ।पांच वर्षो के संघर्ष के बाद भगवान श्रीराम के जन्म भूमि में भव्य मंदिर बनाया गया है जिसमे 22 जनवरी को हमारे इष्टदेव भगवान श्रीराम चंद्र जी विराजमान होंगे । इस कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए हम सभी 22 जनवरी को अपने अपने गांव के देवालय एवं मंदिरों में समस्त ग्रामवासी एकत्रित होकर पूजन, भजन कीर्तन एवं आरती कर प्रसाद वितरण जरूर करे ।भगवान श्री रामलला के मन्दिर निर्माण एवं पुन: प्राणप्रतिष्ठा के लिए हमारे पांच पीढ़ी शहीद हो गए । हम सब बहुत भाग्यशाली हैं कि हमे कुछ करने का मौका मिला और पुन: प्राणप्रतिष्ठा होते देखने को मिलेगा । 22 जनवरी को शायम में आप सभी अपने अपने घर के द्वार में दीपक अवश्य जलाए। यह हम सब के लिए दीपोत्सव की तरह है।

श्री राम मंदिर गृह सम्पर्क अभियान समिति खण्ड बिलाईगढ़ के सह समन्वयक पंकज प्रधान ने कार्यक्रम के अपार सफलता के लिए खास कर मातृशक्ति जिसमे विभिन्न समाज के महिला समितियों एवं संगठन, महिला कीर्तन पार्टी एवं सतसंगी कीर्तन पार्टी सरसींवा का विशेष योगदान रहा साथ ही स्थानीय व्यापारियों, नगर के प्रबुद्धजन, विद्या भारती एवं ग्राम भारती परिवार, विविध धार्मिक एवं सामाजिक संगठन, पुलिस प्रशासन, भाजपा के युवा एवं महिला मोर्चा का सहयोग रहा सब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए 22 जनवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए घर घर अक्षत चावल वितरण करने हेतु सहयोग की अपेक्षा की । इस कार्यकम में मंडल स्तर के आयोजन समिति के सदस्य गढ़ कार्यकर्ता बंधु एवं संघ के कार्यकर्ता एवं स्वंयसेवक उपस्थित थे ।

# भाजपा की सरकार बनते ही कथनी और करनी में अंतर : डॉ. फारूकी

**पलारी,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव सरकार की पहली ही केबिनेट की बैठक के निर्णयों से छत्तीसगढ़ की जनता को निराशा हुई। बलौदाबाजार जिला कांग्रेस प्रवक्ता डा अयाज अहमद फारुकी ने कहा कि राज्य में धान खरीदी शुरू है, भाजपा ने वायदा किया था प्रति एकड़ 21 चिंटल 3100 रू. के भाव में धान की खरीदी करेंगे, साथ ही भाजपा ने वायदा किया था धान खरीदी केन्द्रों में, गांव में ही एकमुश्त नगद भुगतान किया जायेगा लेकिन केबिनेट की बैठक में इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया। यह ऐसा विषय है जिसमें तुरंत निर्णय लेने की आवश्यकता है। जब धान खरीदी केंद्रों में 21 चिंटल के आधार पर निर्णय नहीं पहुंचेगा। 3100 के मूल्य तथा नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं होगी तो किसानों के इस वायदे का क्या होगा ?

**महतारी वंदन के 1000 रू. प्रतिमाह पर भी भाजपा सरकार ने निर्णय नहीं लिया**



जिला प्रवक्ता डा फारूकी ने कहा कि भाजपा के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित भाजपा नेताओं ने किसानों का 2 लाख तक कर्जामाफ का वायदा भी किया था। इस संबंध में विजय शर्मा का प्रचार का अनेक वीडियों सोशल मीडिया में भी वायरल है, जिसमें वे 2 लाख तक कर्ज माफी करने का वायदा कर रहे है। केबिनेट में उसके बारे में भी कोई फैसला नहीं हुआ, किसानों से लिकिंग में कर्जा वसूली शुरू है। कर्ज माफी पर तुरंत आदेश की जरूरत है ताकि किसानों से वसूली बंद हो।

उन्होने आगे कहा कि भाजपा ने चुनाव में 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों से फार्म भरवा कर सरकार बनते ही 1000 रू. प्रति माह, साल में 12000 रू. महतारी वंदन के तहत देने का वायदा किया था लेकिन केबिनेट में इस पर भी निर्णय नहीं हुआ। साथ ही 500 रू. सिलेंडर पर भी केबिनेट में विचार नहीं हुआ। पहली ही बैठक में भाजपा की सरकार ने वायदाखिलाफी के लिये जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है। चुनाव के पहले सरकार बनते ही मोदी की गारंटी लागू करने का वायदा किया था, अब कह रहे पांच साल में गारंटी लागू करेंगे। कोई सरकार 24 घंटे में ही अपने वायदे से मुकर जायेगी इसका बड़ा उदाहरण भाजपा की सरकार ने पेश किया।

# विजय दिवस पर वृक्षारोपण

**सरायपाली,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में 1971 में पाकिस्तान पर मिली जीत की याद में 52वां विजय दिवस शासकीय हाई स्कूल रोहिना में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयिन छात्रों को शिक्षक एस के पटेल ने भारतीय सैनिकों को शौर्य एवं वीरता की गाथा सुनाई गई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शहीद हुए वीर सैनिकों की याद में



व्याख्याता कमलेश साहू की अगवाई में वृक्षारोपण किया गया। शाम को जय स्तम्भ चौक सरायपाली में आयोजित विजय दिवस योरसेल्फ पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र टिंकल सेठ, मनोहर निर्मलकर, गोपाल नेताम, नेहरू बारिक, रोशन साव, जगजीवन बंजारा, सुमित राणा, यशवंत निर्मलकर आदि छात्र उपस्थित थे

# जीवनगढ़ में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ विधायक यादव ने किया



**बागबाहरा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। अंचल के ग्राम जीवनगढ़ में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ खल्लारी के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ग्रामीणों की उपस्थिति में फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में आसपास एवं दूरदराज के लगभग 66 गांवों के कबड्डी दलों ने भाग लिया। वहीँ इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को शील्ड के साथ नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थें। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जामलीकला के आश्रित ग्राम जीवनगढ़ (तुसदा) में ग्रामवासियो एवं युवा कबड्डी समिति द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन का शुभारम्भ खल्लारी के नवनिर्वाचित विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर की गई ।तत्पश्चात उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सर्वप्रथम इस वर्ष संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में लोगों के द्वारा दिए गए भारी जनसमर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है । श्री यादव ने अपने वक्तव्य में ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जनता जनार्दन के ही आशीर्वाद से मुझे फिर से आप लोगों की सेवा करने का दोबारा अवसर प्राप्त हुआ है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पूर्व के कार्यकाल की भांति इस कार्यकाल में भी खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। विकास कार्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ग्राम पंचायत जामलीकला के सरपंच जागेश्वर दीवान, पंचायत सचिव फनिश कुमार साहू, सेवाराम साहू, माखनलाल चक्रधारी, आसाराम मोंगरे, सुखरू राम साहू, कुंज लाल यादव, ढेलू राम यादव, पन्ना लाल ध्रुव, रंजीत सिंह के अलावा भुवनेश्वर ठाकुर, बलीराम ठाकुर, मिलेश्वर साहू, रितेश साहू, गुमान ठाकुर, भोज राम विश्वकर्मा, रामनारायण बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जिले की विभिन्न गांवों से पहुंचे हुए कबड्डी दल के खिलाडी तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। ग्राम जीवनगढ़ में शानदार कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। यह खेल एक पारम्परिक खेल है। जो आज भी वर्तमान में जीवंत है।

# पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा के निर्विरोध अध्यक्ष बने भरत वर्मा

**खरोरा,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई तिल्दा जिला रायपुर के ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रदेश पंचायत सचिव संघ छ.ग. के आदेशानुसार 16दिसबंर को मतदान स्थल खपरी बंजारी मंदिर परिसर (तिल्दा ) में निर्वाचन कार्य प्रात:11-00 बजे से प्रारंभ होकर 4-00 बजे तक संपन्न हुआ। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष हेतु श्री भरत वर्मा सचिव ग्राम पंचायत भड़हा का आवेदन प्राप्त हुआ ।जिसे निर्वाचन अधिकारी खेदू राम धीवर ,भगवंत वर्मा,बलदाऊ वर्मा करारोपन अधिकारी जनपद पंचायत तिल्दा द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा घोषित करते हुए निर्वाचन



प्रमाण पत्र प्रदान की गई ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अमर धनकर उपस्थित हुए एवं साथ में ब्लाक कार्यकारणी का गठन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष भारत वर्मा,सरंक्षक ललित वर्मा, उपाध्यक्ष होरीलाल वर्मा ,श्रीमती आशा यादव ,संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू,सहसचिव श्रीमती मालती ध्रुव ,कोषाध्यक्ष विष्णु देवांगन ब्लाक कार्यकारणी सदस्य का गठन किया गया।

इस अवसर पर श्री चिंतामणि साहू ,अवध वर्मा ,सेवक साहू,शिवचरण वर्मा,सुंदर ध्रुव , खेसराम साहू,भिख्लेश्वर ,पुष्पेंद्र , नारायण चेलक ,भीखम कन्नोजे,बुधराम वर्मा,संत जांगड़े,कार्तिक वर्मा, मिलन, परस भारद्वाज ,बलराम बंजारे ,चंद्रशेखर ,राजकुमार,रमेश गिलहरे,राकेश साहू,सीमा ढीढ़ी,अनिता टंडन, डीगेश्वरी, ज्योति ,खिलेश्वरी,नीरा , द्रोपती,भारती ,राजिम, रामचंद्र वर्मा,संजय टिकरिया , कुशाल दास, प्रदीप वर्मा,ओमप्रकाश ,शिवकुमांर,मुकेश ,मोहन ध्रुव,तिजुराम यादव ,नंदकुमार साहू ,रोहित साहू,सुरेंद्र पटेल, शत्रुहन,ललित गुप्ता,टेकराम वर्मा,परमानंद बंधे ,धनेश ,तेजराम सहित ब्लॉक के समस्त सचिव ऊ पस्थिती में संपन्न हुआ।

## गुरुघासी दास जयंती पर भव्य शोभायात्रा

**सरायपाली,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सतनामी समाज, फुलझर अंचल सरायपाली के द्वारा किया जा रहा है जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन जोर-शोर से तैयारी में जुटे हुए हैं। यह शोभा यात्रा सरायपाली के ओवर ब्रिज से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए भंवरपुर रोड सतनाम मंगल भवन में समाप्त होगा एवं रात्रि में भोजन व गुरु प्रसादी की व्यवस्था पश्चात रायपुर के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जहुरिया की प्रस्तुति नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन भंवरपुर रोड में आयोजित किया गया की। उपरोक्त कार्यक्रम में विकासखंड सरायपाली के सतनामी समाज के समस्त साधु संत, समाज प्रमुख, गण मान्य नागरिक, समस्त अधिकारी कर्मचारी व समाज के कर्णधार, नारी शक्ति, नव युवक युवती सादर आमंत्रित है। आप सभी इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्याबल मे उपस्थित होकर गुरु बाबा जी के जयंती का शोभा बढ़ाकर सामाजिक एकता व अखंडता के साथ समाजिक समरसता परिचय देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## भव्य सतनाम शोभा यात्रा में शामिल हुए नपं अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा

**पलारी,** 17 दिसंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी एवं धर्म गुरु बाबा मुक्ति दास जी के चरण पूजन कर नगर पंचायत के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा ने आशीर्वाद प्राप्त किए। उन्होंने उपस्थित समाजिक बंधुओं से आग्रह किया कि हमें बाबा जी के बताएं सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, और अपने से जितना हो सके लोगों की सेवा करनी चाहिए, उन्होंने कहा की मुझे जब भी अवसर मिलता है मै साल मे एक बार जरूर गिरौद पूरी धाम जाता हूं, और बाबा जी का आशीर्वाद पाता हूं, और समाज के लोगों से भी मेरी परिवार की तरह सम्मान मिलता रहता है। जिसके लिए मैं आप सभी को सादर प्रणाम एवं धन्यवाद करता हूं। इस अवसर पर समाज के गुरुजन, वरिष्ठ जन, दुर्गा महेश्वर प्रदेश महामंत्री अनु जाति, ललित घृतलहरे श्रीमति पुष्पा मोहन बंजारे पार्षद गण ताजेन्द्र कनौजे, डा. जाल, संतोष देवांगन, रवि ध्रुव, हरीश गेंडरे, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, मोहन बंजारे, जोशी सर, सोनवानी सर, विक्रम राय सर, बसंत जांगड़े, महेश बारले, सुखदास बंजारे, मंगल, ललित गायकवाड, परमेश्वर, उमाशंकर टंडन जी, सहित भारी संख्या में समाजिक बंधु गण, नगर वासी, एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित रहे।

